तिथि-बैशाख, कृष्ण, सप्तमी

सोना - 98,025

चांदी- 1,00,00

शेयर मार्केट- 78,553

निफ्टी- 23,851

अधिकतम -39 ०c

न्यूनतम -26 ०c


लखनऊ से प्रकाशित एवं उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों से एक साथ प्रचारित

# चर्चित राजनीति

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

-: सर्वाधिक लोकप्रिय समाचार पत्र :-

www.charchitrajnit.com | वर्ष - 21 अंक-146 आर.एन.आई. नं.- UPHIN/2004/14385 | लखनऊ, रविवार 20 अप्रैल, 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य : दो रुपये


## कानून यदि सुप्रीम कोर्ट ही बनाएगा तो संसद भवन बंद कर देना चाहिए

● सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर सांसद ने जताई असहमति

चर्चित राजनीति। एजेंसी



**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन कानून का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार से सात दिनों में जवाब मांगा है। इस बीच झारखंड के गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि कानून यदि सुप्रीम कोर्ट ही बनाएगा तो संसद भवन बंद कर देना चाहिए। निशिकांत दुबे से पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने भी अपनी-अपनी प्रतिक्रियाएं दी थीं। रिजिजू ने कहा था कि विधायिका और न्यायपालिका को एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए। कल सरकार न्यायपालिका पर दखल देती है तो अच्छा नहीं होगा।

शक्तियों का बंटवारा अच्छी तरह से परिभाषित है। गुरुवार को वक्फ संशोधन कानून पर सुप्रीम कोर्ट में लगभग एक घंटे तक सुनवाई हुई थी। कोर्ट ने केंद्र को सात दिन के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा। केंद्र के जवाब के बाद याचिकाकर्ताओं को पांच दिन में अपना जवाब दाखिल करना होगा। मामले की अगली सुनवाई 5 मई को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ संशोधन कानून के कुछ प्राविधानों पर आपत्ति जताई है। हालांकि उसने अगली सुनवाई तक वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिमों के प्रवेश, वक्फ बाय यूजर संपत्तियों में किसी तरह के बदलाव पर रोक लगा दी है।

**उपराष्ट्रपति धनखड़ भी कर चुके हैं टिप्पणी :** इससे पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने बीते गुरुवार को कहा था कि भारत में ऐसी स्थिति नहीं हो सकती जहां न्यायपालिका राष्ट्रपति को निर्देश दे। संविधान का अनुच्छेद 142 न्यायपालिका के लिए लोकतांत्रिक ताकतों के खिलाफ परमाणु मिसाइल बन गया है। उन्होंने कहा कि हम ऐसी स्थिति नहीं बना सकते जहां आप भारत के राष्ट्रपति को निर्देश दें और किस आधार पर? संविधान के तहत आपके पास एकमात्र अधिकार अनुच्छेद 145 (3) के तहत संविधान की व्याख्या करना है। वहां, पांच न्यायाधीश या उससे अधिक होने चाहिए। जब अनुच्छेद 145 (3) था, तब सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या आठ थी। यानी आठ में 5 पांच, अब संख्या 30 है, इसमें पांच जजों की संख्या विषम है।

उपराष्ट्रपति का यह बयान तमिलनाडु राज्यपाल बनाम तमिलनाडु सरकार के मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद आया है। अपनी याचिका में तमिलनाडु सरकार ने राज्यपाल पर 10 विधेयकों को मंजूरी न देने का आरोप लगाया था।

**देश में हो रहे गृहयुद्ध के लिए सीजेआई जिम्मेदार :** बीजेपी सांसद नेता निशिकांत दुबे ने एक बड़ा बयान दिया। उन्होंने देश में हो रहे गृह युद्धों के लिए भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना को जिम्मेदार ठहराया है। उनके इस बयान के बाद राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। दरअसल, बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने समाचार एजेंसी से बात करते हुए कहा कि भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना इस देश में हो रहे सभी गृहयुद्धों के लिए जिम्मेदार हैं।

उन्होंने आगे आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट इस देश को अराजकता की ओर ले जाना चाहता है। निशिकांत दुबे ने कहा कि आप नियुक्ति प्राधिकारी को कैसे निर्देश दे सकते हैं? राष्ट्रपति भारत के मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति करते हैं। संसद इस देश का कानून बनाती है। आप उस संसद को निर्देश देंगे, आपने नया कानून कैसे बना दिया? (शेष पृष्ठ 7 पर)

# जाति के नाम पर लड़ना चाह रहा है विपक्ष

## विपक्षियों पर भड़के योगी, बोले-ये लोग जिन्ना का कर रहे हैं महिमामंडन

चर्चित राजनीति। ब्यूरो



● प्रत्येक नागरिक को सम्मान देता है बाबा साहब का संविधान

**गोरखपुर/लखनऊ।** गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भीमराव अम्बेडकर ने अभाव अपमान में अपना रास्ता बनाकर सामाजिक बंधनों को तोड़ते हुए सम्मान दिलाया। विपक्ष के लोग एक्पोज न हो इसके लिए जाति के नाम पर फिर से लड़ाना चाहते हैं। इसके लिए महापुरुषों के नाम का इस्तेमाल कर रहे हैं। भारत ने संविधान निर्माण के साथ ही 1952 में अनुसूचित जाति जनजाति अति पिछड़ी जाति और महिलाओं को मत देने का अधिकार दिया। यह बाबा साहेब के कारण ही हो पाया। सीएम डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान के तहत आयोजित संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि अनेकता में एकता का संदेश देने वाला भारत का संविधान बाबा साहेब ने दिया। यह प्रत्येक नागरिक को सम्मान देता है। सीएम ने कहा आखिर वो कौन से कारण थे जिनके कारण बाबा साहेब पीड़ित थे। बाबा साहेब ने संविधान तैयार किया,लेकिन कांग्रेस ने उसमें संशोधन किए। इससे बाबा साहेब परेशान हुए। कांग्रेस उनको संविधान सभा में नहीं भेजना चाहती थी। लेकिन उनकी लोकप्रियता के कारण उन्हें शामिल किया गया और ड्राफ्टिंग कमेटी के अध्यक्ष बने। लेकिन बाबा साहेब ने ऐसा संविधान दिया जो भारत को दुनिया में सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में स्थापित करता है। कांग्रेस ने 1952 के पहले आम चुनाव में बाबा साहेब को हरवाया था। समाजवादी पार्टी ने अपने गठन के बाद षडयंत्र किए जिसके कारण समाज में अराजकता पैदा हो। कांग्रेस ने तो 1952 के पहले आम चुनाव में बाबा साहेब को हरवाया था। उनके 78 हजार वोट को रद्द करवा दिया। 1954 के उपचुनाव में कांग्रेस ने बाबा साहेब के निजी सचिव को तोड़कर चुनाव लड़वा दिया। इसमें भी वह हार गए। आज कांग्रेस के नेतृत्व करने वाले राहुल गांधी को संविधान की प्रति लेकर घूमता देखता हूं तो लगता है यही कांग्रेस थी जो उनका विरोध करती थी। अपने 65 वर्षों में बाबा साहेब ने जो कर दिया वो और कोई नहीं कर पाया। कांग्रेस ने ज्यादातर समय यूपी और देश में शासन किया लेकिन एक भी स्मारक नहीं बनाया। इंग्लैंड के जिस भवन में रहकर बाबा साहेब ने डिग्री ली थी उसे वहां की सरकार बेच रही थी। मोदी सरकार ने उसे लेकर स्मारक बनाया। बाबा साहेब के पांच तीर्थ बनने में सपा, कांग्रेस या आरजेडी किसी का योगदान नहीं है। 26 नवंबर को संविधान दिवस के नाम से मनाया जाता है।

**बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने वाली केवल भाजपा है :** बाबा साहेब के नाम पर भाषण देने वाले अनेक आएंगे लेकिन उनके आदर्शों पर चलने वाली केवल भाजपा है। उन्होंने कहा था अपने अनुयायियों से की शिक्षित बनो, अन्याय के खिलाफ संगठित रहो। हैदराबाद में हिंदुओं को प्रताड़ित किया जा रहा था लेकिन बाबा साहेब ने पत्र लिख कहा था कि निजाम के सामने झुकना नहीं, किसी भी हाल में इस्लाम को न स्वीकारना। योगी ने कहा कि कुशीनगर में मुसहर जाति के लोग भूख से मरते थे, कोई ध्यान नहीं देता था। पीएम स्वामित्व योजना में यूपी में एक करोड़ लोगों को जमीन के पट्टे आवंटित कर दिए। ये काम सपा, बसपा और कांग्रेस ने क्यों नहीं किया। संसद के तौर पर जब कुशीनगर में मुसहर जाति के लोगों के पास गया तब पता चला कि उनके राशन कार्ड सपा के पदाधिकारियों के पास थे। वो गरीबों का राशन उठते थे। डबल इंजन की सरकार जीरो पावर्टी के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आगे बढ़ रही है। 2017 के पहले यूपी में लोगों को राशन क्यों नहीं मिल पाता था। इंसेफलाइटिस को पूरी तरह समाप्त किया जा चुका है।

बाबा साहेब अनुसूचित जाति के लोगों से कहते थे शिक्षित बनो। सपा ने कांशीराम के नाम से बने विश्वविद्यालय को उर्दू फारसी अरबी विश्वविद्यालय बना दिया। ये लोग केवल वोट बैंक के रूप में अनुसूचित जाति को इस्तेमाल करना चाहते हैं। इन्होंने चार बार के शासन के गरीबों को मकान और राशन तक नहीं दिलवाया। अनुसूचित जाति को छात्रवृत्ति रोक दी। ये कार्य करते थे कि विकास हो लेकिन मेरा हो परिवार का हो। परिवार के आगे नहीं निकल पाए। मोदी सबको साथ लेकर चलते हैं। आज ये लोग एक्पोज न हो इसके लिए जाति के नाम पर फिर से लड़ना चाहते है। इसके लिए महापुरुषों के नाम का इस्तेमाल कर रहे हैं। महर्षि वाल्मीकि की जन्मस्थली लालापुर का विकास सपा ने रोक दिया। इंडी गठबंधन के तहत आने वाले दल गुमराह कर रहे थे। ये जातीय संघर्ष करवाना चाहते हैं। सपा का एक संसद महाराणा सांगा का अपमान करता है। जिन्ना का महिमामंडन समाजवादी पार्टी कर रही है। सबका साथ सबका विकास अभियान को आगे नहीं बढ़ने देना चाहती। समाज को जातिय आधार पर बांटने नहीं देना है। आत्मनिर्भर और विकसित भारत में ही हर जाति और समुदाय का हित है।

**मुख्यमन्त्री योगी ने गोरखपुर को दी सौगात, बढ़ेगी रोड कनेक्टिविटी, पर्यटन के क्षेत्र में चमकेगी गोरक्षनगरी :** गोरक्षनगरी में रोड कनेक्टिविटी और पर्यटन से जुड़ी 147 परियोजनाओं का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 19 अप्रैल को लोकार्पण एवं शिलान्यास करेंगे। 1500 करोड़ की इन परियोजनाओं में से 438 करोड़ 38 लाख 7 हजार रुपये की 52 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और 1,060 करोड़ 98 लाख 83 हजार रुपये की 95 परियोजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मानबेला में आयोजित होने वाले इस समारोह में मुख्यमंत्री, जनसभा को भी संबोधित करेंगे। अमृत कार्यक्रम के अंतर्गत सीवरेज की 233 करोड़ 89 लाख रुपये से अधिक की सीवरेज परियोजना का भी लोकार्पण होना है। ढांचागत बुनियादी सुविधाओं की परियोजनाओं की श्रृंखला में जिले के बांसगांव क्षेत्र को 50 बेड के संयुक्त चिकित्सालय की भी सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री, मेडिकल कालेज के ट्रामा सेंटर को अपग्रेड करने के कार्य और जिला अस्पताल के विस्तार कार्य का भी शिलान्यास करेंगे।

## दिल्ली में बारिश, यूपी में आंधी-तूफान ने मचाई तबाही

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के कई इलाकों में शुक्रवार शाम को तेज हवाओं के साथ बारिश हुई, जिससे गर्मी से राहत मिली। आंकड़ों के अनुसार, नरेला, पीतमपुरा और मयूर विहार सहित मौसम निगरानी स्टेशनों ने 0.5 मिमी बारिश दर्ज की। मौसम विभाग के मुताबिक इस हफ्ते यूपी समेत दिल्ली हरियाणा और पंजाब आदि राज्यों में आंधी-तूफान के साथ बारिश होती रहेगी। मौसम विभाग ने कहा कि दिल्ली में आज भी बादल छाए रहेंगे। वहीं दिल्ली में बहुत हल्की बारिश हो रही है और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। शहर भर में इसी तरह की तीव्रता के साथ हवाएं चलने की संभावना है। वहीं, बारिश के कारण तापमान में भी गिरावट आई। आईएमडी के शनिवार के पूर्वानुमान के अनुसार, आकाश में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और शाम तक हल्की बारिश या बूंदाबांदी की संभावना है। इसके साथ ही तूफान, बिजली और धूल भरी आंधी के साथ 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार वाली हवाएं चलने का भी पूर्वानुमान है। शनिवार को उत्तर प्रदेश के 40 से अधिक जिलों में आंधी-पानी और वज्रपात का प्रकोप देखने को मिला। शनिवार को यूपी के कई जिलों में चले आंधी की वजह से बिजली आपूर्ति ठप हो गई। भारतीय (शेष पृष्ठ 7 पर)

## निशिकांत, दिनेश के न्यायपालिका पर दिए बयान से भाजपा ने किया किनारा

चर्चित राजनीति। एजेंसी



● जेपी नड्डा बोले-कोर्ट के आदेशों का पालन करने वाली पार्टी है भाजपा

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा के न्यायपालिका पर दिए गए बयान को लेकर राजनीतिक हलकों में गर्माहट बढ़ गई है। अब भारतीय जनता पार्टी ने उनके बयान से किनारा कर लिया है।

पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने उनके बयान को लेकर कहा है कि भारतीय जनता पार्टी ऐसे किसी बयान का समर्थन नहीं करती है। उन्होंने कहा कि मैंने दोनों सांसदों को ऐसा कोई भी बयान न देने का निर्देश दिया है। ये उनका निजी बयान है, पार्टी का इससे कोई लेना-देना नहीं है। भारतीय जनता पार्टी ने हमेशा सुप्रीम कोर्ट का सम्मान किया है। नड्डा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भाजपा का सांसदों निशिकांत दुबे और दिनेश शर्मा की न्यायपालिका और मुख्य न्यायाधीश पर की गई टिप्पणियों से कोई लेना-देना नहीं है। यह उनकी निजी टिप्पणियां हैं, लेकिन भाजपा न तो उनसे सहमत है और न ही कभी ऐसी टिप्पणियों का समर्थन करती है। भाजपा उन्हें पूरी तरह से खारिज करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने हमेशा न्यायपालिका का सम्मान किया है और उसके सुझावों और आदेशों को सहर्ष स्वीकार किया है, क्योंकि पार्टी के तौर पर उसका मानना है कि शीर्ष अदालत समेत सभी अदालतें हमारे लोकतंत्र का अभिन्न अंग हैं। नड्डा ने यह भी कहा कि उन्होंने दोनों नेताओं और अन्य लोगों को ऐसी टिप्पणियां न करने का निर्देश दिया है।

### दिनेश शर्मा ने क्या कहा

भारतीय जनता पार्टी के नेता दिनेश शर्मा ने शनिवार को कहा कि कोई भी राष्ट्रपति को चुनौती नहीं दे सकता, क्योंकि राष्ट्रपति सर्वोच्च हैं। लोगों में यह आशंका है कि जब डॉ. बीआर अंबेडकर ने संविधान लिखा था , तो विधायिका और न्यायपालिका के अधिकार स्पष्ट रूप से लिखे गए थे, भारत के संविधान के अनुसार , कोई भी लोकसभा और राज्यसभा को निर्देश नहीं दे सकता और राष्ट्रपति ने पहले ही इस पर अपनी सहमति दे दी है। कोई भी राष्ट्रपति को चुनौती नहीं दे सकता, क्योंकि राष्ट्रपति सर्वोच्च हैं। दिनेश शर्मा ने बताया। गौरतलब है कि केंद्र ने बीते 17 अप्रैल को हुई सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट को आश्वासन दिया था कि वह किसी भी वक्फ-बाय-यूजर प्रावधान को रद्द नहीं करेगा और बोर्ड में किसी भी गैर-मुस्लिम सदस्य को शामिल नहीं करेगा। यह आश्वासन शीर्ष अदालत द्वारा यह कहने के एक दिन बाद आया है कि वह कानून के उन हिस्सों पर रोक लगाने पर विचार करेगा। बता दें कि वक्फ एक्ट को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जारी सुनवाई के बीच भाजपा सांसद दिनेश शर्मा का बड़ा बयान सामने आया था। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने मामले में अगली सुनवाई के लिए तारीख तय कर दी है और सरकार से 7 दिनों के भीतर जवाब मांगा गया है। दिनेश शर्मा ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के संविधान में न्यायपालिका की शक्ति स्पष्ट है और यह बिल न्यायिक समीक्षा के दायरे में पूरी तरह से आता है।

## हेलीकॉप्टर संकट से जूझ रहीं सेनाएं, ध्रुव की उड़ान पर रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इन दिनों भारतीय सेनाओं को हेलीकॉप्टर संकट से जूझना पड़ रहा है। चीता और चेतक हेलीकॉप्टरों में उच्च दुर्घटना दर का सेनाएं पहले से ही सामना कर रही हैं। अब लगभग 330 ध्रुव एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर के ग्राउंड होने के कारण सेनाओं की तैयारियों पर विपरीत प्रभाव पड़ा है। इस वजह से सैन्य अभियान व अग्रिम क्षेत्रों में टोही मिशन प्रभावित हुए हैं। एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर का सबसे बड़ा बेड़ा थलसेना के पास है। अभी सेना के पास 180 से अधिक एएलएच हेलीकॉप्टर हैं। इनमें से 60 हथियारबंद रुद्र हेलीकॉप्टर हैं। युसेना के पास 75, नौसेना के पास 24 और तटरक्षक बलों के पास 19 ऐसे हेलीकॉप्टर हैं। इन हेलीकॉप्टरों का निर्माण हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स ने किया है। पहली बार साल 2002 में इन्हें सेना में शामिल किया गया था। खबर के मुताबिक चीन और पाकिस्तान सीमा पर सशस्त्र बल खोज, विजिलेंस, टोही मिशन और बचाव अभियान के लिए इन हेलीकॉप्टरों पर काफी निर्भर हैं। मगर पिछले तीन महीने से इन अभियानों में भारी रुकावट देखने को मिल रही है। इसका असर एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर के पायलटों पर पड़ रहा है। उन्हें अब केवल (शेष पृष्ठ 7 पर)

## तेज बारिश, हाथ में छाता योगी ने सुनी फरियाद



चर्चित राजनीति। एजेंसी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शनिवार को अलग अंदाज दिखा। वह गोरखनाथ मंदिर में है। सुबह बारिश हो रही थी। जनता उनका इंतजार कर रही थी। जनता को सर्वोपरि रखते हुए सीएम योगी ने बारिश में जनता दरबार पहुंच गए।

उन्होंने 3 सौ से अधिक फरियादियों की समस्याएं सुनी। सीएम योगी ने एक एक कर तीन सौ से अधिक फरियादियों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए सीएम ने सभी लोगों को समस्या निस्तारण का भरोसा देते हुए कहा कि किसी की चिंता करने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। सबकी समस्या पर प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी। उन्होंने पुलिस व राजस्व से जुड़े मामलों में कार्रवाई करने में अनावश्यक विलंब न होने की हिदायत दी तो जमीन कब्जा करने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए दबंग और भू माफिया पर नकेल कसने के निर्देश दिए। पुलिस से जुड़े कुछ मामलों पर मुख्यमंत्री ने कहा प्राथमिकी दर्ज करने और उसके बाद विधिक कार्यवाही में कोताही नहीं होनी चाहिए। घरेलू विवाद के मामले में उन्होंने परस्पर संवाद से समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए।

## डॉ. राजेश्वर सिंह की पहल ताराशक्ति केन्द्र बनी महिला सशक्तिकरण का प्रेरणास्त्रोत, महिलायें बनीं आत्मनिर्भर

# डॉ. राजेश्वर सिंह ने 30 उत्कृष्ट संचालिकाओं को किया सम्मानित

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**लखनऊ।** राजनीति में संकल्प और सेवा जब एक साथ चलते हैं, तो बदलाव की नई इबारत लिखी जाती है।

सरोजनीनगर के लोकप्रिय विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह की फ्लैगशिप सामाजिक पहल ताराशक्ति केंद्र इसका जीवंत प्रमाण है। शनिवार को आशियाना स्थित विधायक आवास पर आयोजित एक समारोह में विधायक द्वारा 30 सेंटर संचालिकाओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने महिला सशक्तिकरण को धरातल पर उतारते हुए स्वावलंबन की सच्ची मिसाल पेश की है। गौरतलब है कि ताराशक्ति केंद्र कोई सरकारी योजना नहीं, बल्कि विधायक डॉ. सिंह की व्यक्तिगत सोच और सामाजिक प्रतिबद्धता का परिणाम है। वे सीएसआर फंड के माध्यम से महिला स्वयं सहायता समूहों को सिलाई मशीनें, संसाधन और प्रशिक्षण प्रदान करते हैं, ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर बनें और परिवार की रीढ़ बन सकें। विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा अबतक1700 से अधिक सिलाई मशीनें प्रदान कर 150 ताराशक्ति केंद्र स्थापित कराए जा चुके हैं। इन केंद्रों के माध्यम से 7000 से अधिक महिलाएं कौशल विकास के साथ रोजगार एवं स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं।

28,000 इको-फ्रेंडली बैग्स का निर्माण और सरोजनीनगर के सभी 193 प्राथमिक विद्यालयों में स्टेशनरी के साथ वितरण कर बच्चों को पर्यावरण सुरक्षा का व्यावहारिक संदेश गया। मातृशक्ति की इस पहल से बच्चों ने प्लास्टिक मुक्त सरोजनी नगर बनाने का





संकल्प लिया। अब तक10,000 भाजपा झंडों का निर्माण, 2027 तक 2 लाख भाजपा ध्वज बनाकर पार्टी को समर्पित करने का लक्ष्य, विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने उपलब्ध कराया संसाधन, यह अभियानक्र जन जन तक भाजपा को पहुंचाने के लक्ष्य को साकार करेगा। 7,000 से अधिक महिलायें बनीं आत्मनिर्भर,1,000 से अधिक परिवारों का आर्थिक सशक्तिकरण सुनिश्चित हुई। ताराशक्ति केंद्र महिलओं में सामुदायिक भावना और संगठन शक्ति का प्रसार भी कर रहे हैं, इन केन्द्रों से जुडी महिलाओं को केंद्र और राज्य सरकार की योजनओं के साथ ही विधायक द्वारा संचालित योजनाओं का सहज लाभ भी सुनिश्चित होता है। अक्टूबर 2022 में मात्र 4 केंद्रों से शुरू हुई यह यात्रा आज 150 से अधिक केंद्रों तक पहुँच चुकी है। मेरा सपना था कि हर प्राथमिक विद्यालय के हर बच्चे तक इको बैग पहुँचे, और आज वह सपना साकार हुआ। 10,000 भाजपा झंडों का निर्माण हमारे संगठन के प्रति महिलाओं की प्रतिबद्धता दर्शाता है। 2027 तक 2 लाख झंडों का निर्माण एक ऐतिहासिक लक्ष्य होगा। मैं सभी मातृशक्ति का आभार प्रकट करता हूँ, जिन्होंने इस पहल को जन आंदोलन बना दिया। विधायक ने बताया (शेष पृष्ठ 7 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### इंजीनियर बेटे की अस्थियां लेकर जा रहे 4 लोगों की मौत

**फतेहपुर, चसं।** जनपद में बेकाबू अर्टिगा कार हाईवे पर खड़े डंपर में पीछे से जा घुसी। हादसे में इंजीनियर बेटे की अस्थियां गंगा में विसर्जित करने प्रयागराज जा रहे मां, पिता और जीजा समेत 4 लोगों की मौत हो गई। सॉफ्टवेयर इंजीनियर पत्नी और 12 साल के भतीजे की हालत गंभीर है। कार सवार झांसी के रहने वाले थे। उनका बेटा 12 अप्रैल को मध्य प्रदेश के ओंकारेश्वर में डूब गया था। 5 दिन बाद, यानी 17 अप्रैल को उसकी लाश मिली थी। कल उसका अंतिम संस्कार किया गया था। हादसा सुबह 8 बजे कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर सुजानीपुर मोड़ के पास हुआ। झांसी के दीनदयाल नगर में रहने वाले रामकुमार भार्गव रेलवे में सीटीआई थे। वे 31 दिसंबर 2014 को रिटायर हुए थे। उनका छोटा बेटा आदित्य भार्गव पत्नी चारू के साथ नोएडा में रहता था। दोनों नोएडा की एक प्राइवेट कंपनी में काम करते थे। आदित्य एक एमएनसी में इंजीनियर थे, जबकि पत्नी चारू सॉफ्टवेयर इंजीनियर है। दोनों की शादी तीन साल पहले हुई थी।

### मुर्शिदाबाद पहुंचे पश्चिम बंगाल के राज्यपाल

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस शनिवार को हिंसा प्रभावित मुर्शिदाबाद पहुंचे हैं। अपने दौरे पर बोस ने कहा, यह कल के दौरे का विस्तार है। मैं आज और जगहों पर जाऊंगा और प्रभावित लोगों से मिलूंगा। राज्यपाल हिंसा में जान गंवाने वाले लोगों के परिवार से भी मिले। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को फोन नंबर उपलब्ध किया गया है, जिससे लोग मुझसे सीधे बात करने के लिए स्वतंत्र महसूस करें। बोस ने प्रभावी कदम उठाने का वादा भी किया। राष्ट्रीय महिला आयोग (सीडब्लयूसी) और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) की टीम भी मुर्शिदाबाद का दौरा करेगी। शुक्रवार को मालदा पहुंचने के बाद राज्यपाल बोले कानून व्यवस्था बनाए रखना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। अगर राज्य को मदद (शेष पृष्ठ 7 पर)

# शिवगढ़ सीएचसी में क्षय रोग जागरुकता संगोष्ठी व पोषण किट वितरण कार्यक्रम सम्पन्न





चर्चित राजनीति। संवाददाता

**शिवगढ़, रायबरेली।** प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत क्षय रोगियों को पोषण किट वितरित की गई, पोषण किट पाकर क्षय रोगियों के चेहरे खिल उठे।

गौरतलब हो कि शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र शिवगढ़ में क्षय रोग उन्मूलन जागरुकता संगोष्ठी एवं पोषण किट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका शुभारम्भ शिवगढ़ सीएचसी अधीक्षक डा.प्रेमशरन, स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी जयराम यादव तथा विश्वास संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर विकास बाजपेई द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से किया गया गया। कार्यक्रम का आयोजन डेडीकेटेड फ्रेट कोरिडोर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड नई दिल्ली के सहयोग से विश्वास संस्थान द्वारा गया। जिसमें 30 क्षय रोगियों को

**● डीएफसीसीआईएल द्वारा क्षय रोगियों को दी पोषण किट**

पोषण किट देकर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। सीएचसी अधीक्षक डा.प्रेम शरन ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी क्षय रोगियों का हाल जाना एवं उन्हें स्वास्थ्य के प्रति सचेत करते हुए कहाकि सभी को नियमित रुप से दवा लेनी है दवा की एक भी खुराक नहीं छोड़नी है, इसके साथ ही भोजन पर विशेष ध्यान देना है। प्रयास करें कि भोजन और नाश्ता पोषण युक्त हो। वहीं वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक आकाश दीप ने बताया कि टीबी मुक्त भारत बनाने के लिए क्षय रोगियों की हर सम्भव सहायता की जा रही है। मरीजों को अपने पोषण पर ध्यान देना चाहिए। किसी प्रकार की कोई समस्या होने पर तत्काल सरकारी अस्पताल में चिकित्सक से परामर्श लें। स्वास्थ्य शिक्षाधिकारी जयराम यादव ने बताया कि रोगियों को जागरूक करने एवं भावनात्मक सहयोग देने के उद्देश्य से पोषण किट का वितरण किया गया है। इस मौके पर प्रमुख रूप से ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक सपना सिंह , बीसीपीएम श्वेता श्रीवास्तव, एएनएम रश्मि रावत, विमला चतुर्वेदी, शिवगढ़ थाने से हल्का इंजार्ज उप निरीक्षक मनीष जायसवाल, विश्वास संस्थान के परियोजना सहायक प्रशान्त शुक्ला आदि लोग उपस्थित रहे।

# जनसेवा और विकास का संगम : विधायक राजेश्वर सिंह ने खरिका प्रथम वार्ड में 32 कार्यों का किया लोकार्पण

## बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कार्य करना मेरा सर्वोपरि कर्तव्य : डॉ. राजेश्वर सिंह







चर्चित राजनीति। संवाददाता

**लखनऊ।** सरोजनीनगर के विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने शनिवार को खरिका प्रथम वार्ड के लोकप्रिय पार्षद कृष्ण नारायण सिंह की वार्ड विकास प्राथमिकता निधि एवं अन्य मदो से कराए गए 32 विकास कार्यो का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक ने पार्षद श्री सिंह की प्रतिबद्धता और जनसेवा के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें खरिका प्रथम वार्ड के विकास का सच्चा सिपाही बताया।

**विनायकी तालाब का होगा सौंदर्यीकरण, जल संरक्षण को बताया सर्वोच्च प्राथमिकता :** विधायक डॉ. सिंह ने इस अवसर पर क्षेत्रीय जनता को भरोसा दिलाया कि विनायकी तालाब के सौंदर्यीकरण के लिए वे शासन से विशेष धनराशि स्वीकृत कराएंगे। उन्होंने कहा कि लखनऊ में प्रतिवर्ष 75 सेंटीमीटर तक भूजल स्तर गिर रहा है, कुछ स्थानों पर यह गिरावट 30 मीटर तक पहुंच चुकी है, जो भावी पीढ़ी के लिए गम्भीर चिंता का विषय है। विधायक ने कहा जब शहर में तीन-तीन एक्सप्रेसवे, अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट और 8200 करोड़ रुपये से अधिक के 61 प्रोजेक्ट लागू हो रहे हों, तो यह जरूरी है कि हम जल संरक्षण जैसे मुद्दों को भी प्राथमिकता दें।

**लखनऊ की दिशा और दशा बदल रही है :** डॉ. सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश एक नवीन और सुरक्षित राज्य के रूप में उभर रहा है। उन्होंने बताया कि कानून व्यवस्था को पटरी पर लाते हुए 80,000 से अधिक अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट,1000 से अधिक पर एनएसए लगाया गया, करीब 200 कुख्यात माफियाओं को ढेर किया गया।यह सब योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एक ईमानदार सरकार की संकल्प शक्ति का परिणाम है।

**सरोजनीनगर में डिजिटल शिक्षा और औद्योगिक विकास का केन्द्र :** विधायक ने बताया कि सरोजनीनगर में 2500 बसों की वार्षिक उत्पादन क्षमता वाला प्लांट स्थापित किया जा रहा है, जिससे

**● डॉ. राजेश्वर सिंह ने श्रद्धेय अटल बिहारी वार्ड में भाजपा कार्यालय का किया उद्घाटन**

स्थानीय रोजगार के नए द्वार खुलेंगे। साथ ही उन्होंने डिजिटल शिक्षा की दिशा में किए गए कार्यों को रेखांकित किया - 30 डिजिटल लाइब्रेरी, 31 स्मार्ट पैनल,1100 से अधिक मेधावियों को लैपटॉप, टैबलेट, साइकिल आदि प्रदान किए गए,13 रण बहादुर सिंह डिजिटल शिक्षा एवं युवा सशक्तिकरण केंद्र स्थापित किए गए हैं। डॉ. सिंह ने युवाओं को आगाह किया कि आने वाले समय में वर्तमान की करीब 80 प्रतिशत नौकरियाँ खत्म हो सकती हैं, ऐसे में डिजिटल स्किलिंग ही उन्हें आगे ले जाएगी। विधायक ने अंत में कहा, हमारा लक्ष्य सिर्फ इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं, बल्कि लोगों की ज़िंदिगी में बदलाव लाना है। जब जनप्रतिनिधि, अधिकारी और जनता एक साथ कदम बढ़ाएं, तो हर वार्ड, हर गाँव, हर मोहल्ला चमक उठता है।

इस दौरान हिमांशु अंबेडकर, शंकरी सिंह, कर्नल दयाशंकर दुबे, ए. पी. एस. राठौर, गणेश चंद्र जोशी, प्रमोद शर्मा, रमाशंकर त्रिपाठी, शिव प्रकाश मिश्रा, जानकी अधिकारी, शेर अली खान, बजरंग लोधी, राजीव बाजपेई, रमा पति त्रिपाठी, हरिजैन, गंगाराम अम्बेडकर, सुनील कुमार, पंकज पांडे, कृष्ण यादव, राजेश, जसवंत सिंह, पुरन थापा, रोहताज सिंह, एस. के. सरकार, चंदन सिंह, प्रणव अग्निहोत्री, जितेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, पप्पू पांडे, रमेश सिंह, मोहन भट्ट, वीरेंद्र ठाकुर, कृपा शंकर शुक्ला, मिथलेश, हरिराम गुप्ता, राकेश साहू, कृष्ण यादव, एम ए, अनिल वर्मा, कैप्टन गौड़ साहब, ब्रजेश सिंह, डी एस धामी, आनंद कुशवाहा, राजेंद्र सिंह बिष्ट, इंद्रजीत, मोहन लाल उपाध्याय, विमल उपाध्याय, किशन दत्त जोशी, कविता सिंह, विनय सुदन, एस मोहम्मद, शौकत अहमद, ए के सिन्हा, गुलाब चंद्र, रजनीश, अभिषेक गुप्ता, शुभम सिंह, गुड्डू यादव, दुष्यंत सिंह, ऋतिक, विश्वजीत, संजीव, प्रमोद शर्मा, माधुरी, रश्मि, अपर्णा भारती, जानकी शर्मा, प्रेमा भट्ट, मीना, रेखा, अर्चना, सुनीता दत्ता, सुमन लता, अन्नू तिवारी, दीपा, हेमा चड्ढा, मालती देवी, आरती भास्कर, बबीता सिंह, हेमवती, बीना मोहरी, राधिका परिहार, अंजू पांडे आदि मौजूद रहे।

**अटल बिहारी वार्ड में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन :** सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई वार्ड संख्या 1 के अंतर्गत देवामऊ, अवध विहार में भाजपा वार्ड कार्यालय का लोकार्पण किया। इस अवसर पर विधायक ने वार्ड के 10 मेधावियों को साइकिल प्रदान कर सम्मानित करने और राम रथ श्रवण अयोध्या यात्राओं के माध्यम से श्रद्धालुओं को अयोध्या दर्शन कराने हेतु आश्वस्त किया। इस अवसर पर उपस्थित जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि यह वार्ड अटल बिहारी बाजपेई जी के नाम पर नया वार्ड बना है। विधायक ने वार्डवासियों को सचेत करते हुए कहा कि देश के सामने क्या संकट है, पाकिस्तान, बांग्लादेश में क्या हो रहा, ये गवाह है, देश में सुरक्षा, समृद्धि के लिए मजबूत सरकार होना आवश्यक है। विधायक ने मोदी योगी को अभूतपूर्व मतों से जिताने और मजबूत सरकार देने के लिए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता शैलेन्द्र सिंह, शंकरी सिंह, मंडल अध्यक्ष मोहित तिवारी, सुमन सिंह राठौर, मनोज शर्मा, राम प्रताप जी, दिनेश सिंह, पूजा सिंह, एकता, अनिल श्रीवास्तव, प्रदीप, सुरेंद्र दुबे, माला पांडेय, के.के. आर्य, राम सुचित यादव, अनुज यादव, अखिलेश यादव, सदगुरु शरण, आलोक यादव, ओम प्रकाश, नेपाल कुमार यादव, यदुशूल यादव, रामेन्द्र नाथ, राजवीर सिंह, शिव कुमार सिंह, कालिंदी कुमार सिंह, मदन लोधी, मनीष द्विवेदी, आशीष शुक्ला, आर.पी. शुक्ला, रोहित रस्तोगी, अरुण द्विवेदी, सौरभ रावत, दीपा कश्यप, चित्रंजन वर्मा, राम मिलन, सुरेश, यदुवेंद्र सिंह, गौरव अवस्थी, कमलेन्द्र शुक्ला, अनुज शर्मा, आशीष प्रताप सिंह, चन्द्रशेखर शर्मा, विजय यादव, रमेश दुबे, राम धीरज यादव, दीपा कश्यप व अन्य मौजूद रहे।

## नियुक्ति रद्द करने की मांग, कई विधायकों को ज्ञापन



**लखनऊ, चसं।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र ने आज बिजली के निजीकरण के विरोध में ज्ञापन दो अभियान पखवाड़ा के अंतर्गत सांसद नरेश उत्तम पटेल, प्रदेश के विधायक डॉ राजेश्वर सिंह, कांग्रेस विधायक दल की नेता आराधना मिश्रा, विधान परिषद के सदस्य उमेश द्विवेदी और कई विधायकों को ज्ञापन दिया। संघर्ष समिति ने आरोप लगाया है कि ट्रांजैक्शन कंसल्टेंट की नियुक्ति रद्द करने की अनुशंसा की फाइल पर कोई निर्णय नहीं लिया जा रहा है और अवैध ढंग से नियुक्त कंसलटेंट के जरिए निजीकरण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है। संघर्ष समिति ने कहा कि आज प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने शक्तिभवन में पॉवर कारपोरेशन प्रबन्धन से लम्बी वार्ता की जिसमें उम्मीद की जा रही थी कि ऊर्जा मंत्री मुख्यमंत्री की भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति को देखते हुए कंसल्टेंट के आदेश को निरस्त करने का निर्देश देंगे। अत्यंत खेद का विषय है कि ऊर्जा मंत्री ने इतने गंभीर मामले पर कुछ भी निर्देश नहीं दिया।संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण हेतु अवैध ढंग से नियुक्त किए गए ट्रांजैक्शन कंसलटेंट मेसर्स ग्रांट थॉर्टन का नियुक्ति आदेश रद्द करने की इंजीनियर आफद कांट्रैक्ट की अनुशंसा के बावजूद कंसल्टेंट का आदेश निरस्त करने के बजाय इसी कंसल्टेंट के जरिए निजीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है जिससे अनावश्यक तौर पर टकराव का वातावरण बन रहा हैसंघर्ष समिति ने कहा कि प्रारंभ से ही पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम की निजीकरण की प्रक्रिया में भ्रष्टाचार की बू आ रही है।संघर्ष समिति के आह्वान पर आज प्रदेश भर में निजीकरण के विरोध में विरोध सभाओं और प्रदर्शन का दौर जारी रहा। राजधानी लखनऊ में आज व्यापक जन जागरण अभियान चलाया गया और प्रदेश के अन्य जनपदों में कई विधायकों को ज्ञापन दिए गए।

## अवैध प्लाटिंग ध्वस्त, काकोरी में अवैध निर्माण सील

**लखनऊ, चसं।** लखनऊ विकास प्राधिकरण का शहर में अवैध निर्माण और प्लाटिंग के खिलाफलगातार अभियान जारी है। शनिवार को प्रवर्तन टीम ने मोहनलालगंज व काकोरी क्षेत्र में कार्रवाई की। इस दौरान एक अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया और 2 अवैध निर्माण सील किये गये। जोन-2 के जोनल अधिकारी प्रभाकर सिंह ने बताया कि राजीव सिंह और अन्य द्वारा मोहनलालगंज के हरकंशगढ़ी में 7 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अंजनी नगर सोसाइटी नाम से अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से नक्शा स्वीकृत कराये बिना की जा रही अवैध प्लाटिंग को न्यायालय ने धवस्त करने का आदेश दिया था।

# बड़े घोटाले पर पर्दा डालने की बड़ी साजिश

चर्चित राजनीति। संवाददाता

**लखनऊ।** उपभोक्ता परिषद की तरफसे आयोजित साप्ताहिक वेबीनार में प्रदेश के आने को जनपदों से जुड़े विद्युत उपभोक्ताओं ने आज एक गंभीर मुद्दा उठा दिया कहा आगरा में उपभोक्ता परिषद के प्रस्ताव पर उत्तर प्रदेश सरकार ने टोरंट पावर की तीन सदस्य कमेटी बनाकर जांच कराई इसके संबंध में तत्कालीन ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने उच्च स्तरीय जांच कराई थी। जिसमें यह बात सामने आई थी कि टोरंट पावर ने लगभग 2221 करोड़ रूपया जो पुराना बकाया वसूल कर उसे पावर कारपोरेशन को देना था। वह नहीं जमा किया और इसके अलावा अनेकों अनियमिताओं का खुलासा हुआ था।

पत्रावली को उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन और शासन ने दबा लिया। सबसे चौंकाने वाला मामला यह है कि अनेक मामले जो अभी जांच के रूप में लंबित है उसको दबाने के लिए टोरंट पावर के एक अधिकारी ज्ञानेंद्र अग्रवाल को इस बार 17 निर्देशकों के पदों के चयन में दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम का निदेशक वित्त बना दिया गया। जो स्वतः अपनी पत्रावलियों को वहां पहुंचकर टेम्परिंग कर देगा या उसमें हेरा फेरी कर देगा। तब क्या होगा या ऊर्जा क्षेत्र के इतिहास का बड़ा घोटाला साबित होगा। उपभोक्ता परिषद के वेबीनार में यह सवाल उठा कि जिस प्रकार से बिजली कंपनियां के निजीकरण को आगे बढ़ाया जा रहा है उसके पहले निजी घरानो के उच्च अधिकारियों को डायरेक्टर बना कर लाया जा रहा है। इससे बड़ा कोई घोटाला नहीं हो

**● टोरेंट पावर पर 2221 करोड़ रूपया पुराना बकाये का मामला**

सकता। इस मामले को उपभोक्ता परिषद को विद्युत नियामक आयोग के सामने ले जाना चाहिए और उत्तर प्रदेश सरकार को भी अवगत कराना चाहिए। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा टोरेंट पावर का या बहुत बड़ा मामला सामने आ रहा है निश्चित तौर पर आने वाले समय में टोरेंट पावर और दक्षिणांचल के बीच जो करोड़ों रुपए के लेनदेन पर विवाद चल रहा है उसे निदेशक वित्त को ही देखना है। यह कितने दुर्भाग्य की बात है की टोरेंट पावर का एक अधिकारी अब निदेशक वित्त बनाकर अपनी पत्रावलियों का निपटारा करेगा। जो ऊर्जा क्षेत्र के लिए काला अध्याय के रूप में जाना जाएगा उपभोक्ता परिषद इस मामले को गंभीरता से उठेगी और पुणे एक बार प्रदेश के मुख्यमंत्री को अवगत कराएगा।

**टेंडर खुलासे के बाद क्यों दबाई फाइल, ऊर्जा मंत्री की चुप्पी :** दक्षिणांचल व पूर्वांचल के 42 जनपदों के निजीकरण का मसौदा तैयार कर रही कंसलटेंट कंपनी ग्रांट थ्रोनटन के झूठे शपथ पत्र का खुलासा होने के बाद अभी तक उस पर कार्यवाही ना किया जाना बड़े भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रहा है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बनी एंपावर्ड कमेटी ने यह व्यवस्था दी थी कि 3 साल तक टेंडर लेने वाली कंपनी पर कोई पेनल्टी नहीं लगी होनी चाहिए। वही अब जब उपभोक्ता परिषद ने यह खुलासा कर दिया कि कंसलटेंट कंपनी पर अमेरिका में 40000 डॉलर की पेनल्टी वर्ष 2024 में अमेरिका रेगुलेटर पब्लिक कंपनी अकाउंटिंग ओवर साइट बोर्ड द्वारा लगाई गई। उसने इस बात को छुपा कर उत्तर प्रदेश में टेंडर ले लिया। अब इस भ्रष्टाचार पर कोई बोलने को तैयार क्यों नहीं है। उपभोक्ता परिषद की शिकायत के बाद पावर कारपोरेशन ने कंपनी से महज 12 घंटे में जवाब तलब किया और पूछा और उसका जवाब भी आ गया कि उस पर 2024 में पेनल्टी लगी थी। उसने पेनल्टी जमा भी की फिर अब उसे पर कार्यवाही क्यों नहीं ? इस घटनाक्रम पर आज 7 दिन होने को है लेकिन सभी लोग उसको बचाने में लगे हैं,ऊर्जा मंत्री की चुप्पी भी सवालों के घेरे में है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एक शर्मा आज शक्ति भवन में उच्च अधिकारियों के साथ एक बैठक की उनके द्वारा यदि इस भ्रष्टाचार के बाद दोषियों पर कार्यवाही और ग्रांट थॉर्नटन कंपनी को ब्लैक लिस्टिंग करने का आदेश कानूनंन दिया गया होता तो प्रदेश के उपभोक्ताओं में एक बड़ा संदेश जाता। लेकिन इतने बड़े भ्रष्टाचार पर जहां बिजली विभाग के उच्च अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। वहीं ऊर्जा मंत्री भी जो विधानसभा में निजीकरण जनता के हित में है बता रहे थे। अब वह भी शक्ति भवन में समीक्षा बैठक करने जाते हैं और इस गंभीर मुद्दे पर चुप रहते हैं अपने आप में सभी के ऊपर बड़ा सवाल है।

## विहिप कार्यकर्ताओं का हंगामा, ममता बनर्जी के खिलाफ नारेबाजी

**लखनऊ, चसं।** लखनऊ में विश्व हिंदू परिषद (विहिप) कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल की घटना को लेकर जमकर हंगामा किया। परिवर्तन चौक से हजरतगंज स्थित अटल चौक तक विरोध मार्च निकाला। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने ममता बनर्जी मुर्दाबाद के नारे लगाए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री को हिंदू विरोधी बताते हुए इस्तीफे की मांग की। विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश संगठन मंत्री विजय प्रताप ने कहा- ये मामला बेहद गंभीर है। पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में हिंदू समुदाय के साथ जो कुछ हो रहा है। बेहद अफ्सोस नाक है। विगत 4 महीनों से लगातार सड़क पर आना पड़ रहा है।उन्होंने कहा मुर्शिदाबाद के अंदर 500 हिंदू परिवारों को घर छोड़कर पलायन करना पड़ रहा है। वहां की सरकार बैठकर तमाशा देख रही। ममता बनर्जी के लोग हिंदू परिवारों पर अत्याचार कर रहे हैं। कल भी वहां तीन लोगों की हत्या की गई। पश्चिम बंगाल में हिंदुओं को समाप्त करने की योजना बनाई जा रही है। विजय प्रताप ने कहा विश्व हिंदू परिषद की मांग है कि पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया जाए। जिस प्रकार वहां पर हत्याएं और अपराध हो रहे हैं। वहां की मुख्यमंत्री को तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिए। ममता बनर्जी को श्दीदीश् कहा गया। मगर उन्होंने दीदी शब्द की मर्यादा को तोड़ दिया किसी भाई की रक्षा नहीं की। उन्होंने कहा- उनके लिए भाई उनकी पार्टी के गुंडे हैं, जिनकी रक्षा कर रही हैं। ममता बनर्जी का एक ही लक्ष्य है कि पश्चिम बंगाल में हिंदुओं को खत्म कर दिया जाए। बांग्लादेशी घुसपैठियों के आधार कार्ड बनवाकर उन्हें वोटर बनाया है। ममता बनर्जी हिन्दू विरोधी हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## आवारा पागल कुत्ते के हमले से मासूम सहित चार घायल



**शिवगढ़, रायबरेली, चसं।** थाना क्षेत्र के पूरे मुराइन मजरे बेड़ारु में पागल आवांरा कुत्ते ने 3 वर्षीय मासूम सहित चार लोगों पर हमला कर उन्हे लहू लुहान कर दिया। जिन्हें एम्बुलेंस की मदद से आनन- फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ ले जाएगा जहां चारों का प्राथमिक उपचार करने के पश्चात टी.टी. तथा एण्टी रेबीज का इंजेक्शन लगाकर वापस घर भेज दिया गया, मामला शनिवार की शायंकाल का है। गौरतलब हो कि बेड़ारु के रहने वाले 65 वर्षीय कृष्णानन्द वर्मा जो पूरे मुराइन मजरे बेड़ारु गेहूं की मड़ाई करने के लिए मजदूर ढूंढने गए थे तभी कहीं से भागते हुए आए आवारा कुत्ते उन पर हमला कर दिया। चीख पुकार की आवाज सुनकर जब तक लोग छुड़ाने दौड़ते तब कुत्ते ने उन्हें लहू लुहान कर दिया। जिसके बाद कुत्ते ने इसी गांव के रहने वाले चन्द्रकेतु की 3 वर्षीय मासूम बेटी अनुष्का पर हमला कर उसे लहूलुहान कर दिया। पास में बैठी 44 वर्षीय सावित्री देवी मासूम को छुड़ाने लगी तो कुत्ता मासूम बच्ची को छोड़कर उनके ऊपर टूट पड़ा। जिन्हें ग्रामीणों द्वारा छुड़ाए जाने पर पागल कुत्ते ने सो रहे 22 वर्षीय पुष्पेंद्र पुत्र सुखराम पर हमला कर उन्हे लहू लुहान कर दिया। ग्रामीणों ने मिलकर कुत्ते को खदेड़ कर गांव से बाहर कर दिया है हालांकि ग्रामीणों में अभी भी इस आवारा पागल कुत्ते की दहशत व्याप्त है। शिवगढ़ सीएचसी अधीक्षक डॉ. प्रेमशरन ने बताया कि कुत्ते के हमले से घायल एक बच्चा एक महिला, एक वृद्ध, एक युवक अस्पताल आया था प्राथमिक उपचार की पश्चात जिन्हें एंटी रेबीज का इंजेक्शन लगाकर वापस घर भेज दिया गया है।

## महादेव सट्टा ऐप के ज़रिए ऑनलाइन लग रहा करोड़ों का दांव

**रायबरेली, चसं।** आईपीएल के रोमांचक मुकाबलों के साथ-साथ सट्टा बाजार भी तेजी से सक्रिय हो गया है। रायबरेली में भी ऑनलाइन सट्टा नेटवर्क ने अपनी पकड़ बना ली है। दुबई से संचालित 'महादेव सट्टा ऐप' के जरिए जिले में अवैध सट्टेबाज़ी हो रही है। बुधवार को पुलिस ने राहुल सिंह नामक युवक को गिरफ्तार किया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि सट्टे का पैसा सीधे बैंक खातों में ट्रांसफर होता है, जो फर्जी नाम पर खुलवाए जाते हैं। खाताधारकों को पहले मामूली रकम का लालच देकर अपने जाल में फंसाया जाता है और फिर खाता गिरोह के नियंत्रण में चला जाता है। सिर्फ रायबरेली ही नहीं, बल्कि कानपुर और उन्नाव जैसे जिलों में भी यह नेटवर्क फैला है। महादेव ऐप की जड़ें छत्तीसगढ़ से जुड़ी हैं। लेकिन इसका संचालन दुबई से होता है। यह ऐप क्रिकेट, बैडमिंटन, टेनिस, फुटबॉल और चुनावों तक पर सट्टा लगाने की सुविधा देता है। महादेव ऐप की फ्रेंचाइज़ी भी दी जाती है और इसके यूज़र ग्रुप्स सोशल मीडिया पर सक्रिय हैं, जो खुद को ऑनलाइन गेमिंग' की आड़ में छिपाते हैं।

**सट्टा अब मोबाइल पर :** पहले जहां कागज़ की पर्चियों पर सट्टा लगाया जाता था। अब सट्टेबाज़ी मोबाइल ऐप्स और सोशल मीडिया ग्रुप्स के ज़रिए की जाती है। इसमें खिलाड़ी के स्कोर, चौके-छक्कों तक पर दांव लगाए जाते हैं। सट्टा लगाने वालों को मैच एनालिसिस देकर भाव (रेट) तय किए जाते हैं।

**खुफिया तंत्र भी सक्रिय :** सट्टा नेटवर्क के खिलाफ पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। सभी सीओ और थानाध्यक्षों को निगरानी और कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। खुफिया तंत्र को भी सक्रिय कर दिया गया है।

**पुलिस को किया गया सतर्क :** संजीव कुमार सिन्हा, एडिशनल एसपी ने बताया कि जिले में सट्टा नेटवर्क से जुड़े लोगों की सूची तैयार की जा रही है। सभी थानों को सतर्क किया गया है।

## डंपर से टकराई बोलेरो, महिला की मौत

**रायबरेली, चसं।** तेज रफ्तार बोलेरो, डंपर से टकरा गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई। जबकि 14 लोग घायल हो गए। ये सभी लोग एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। शुक्रवार की रात रायबरेली-सुल्तानपुर रोड पर डंपर और बोलेरो में टक्कर हो गई। हादसे में एक महिला की मौत हो गई। जबकि 14 लोग घायल हो गए। घायलों पांच बच्चे भी शामिल है। सात घायलों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल से एम्स रेफर कर दिया गया। मृतक महिला समेत छह घायलों की पहचान नहीं हो सकी है। हादसे के बाद डंपर चालक भाग गया। हादसा मिल एरिया के मलिन के पुरवा के पास हुआ। रात करीब 11 बजे अमेठी जिले के जामो थाना के शिवपुर से एक बोलेरो हरचंदपुर के डिडौली गांव आ रही थी। इसी दौरान मलिन का पुरवा के पास तेज रफ्तार बोलेरो सामने से डंपर से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बोलेरो के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए। घटना से मौके पर चीख पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के लोग भागकर पहुंचे। लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

**सात घायल एम्स के लिए रेफर :** हादसे में बोलेरो सवार एक महिला की मौत हो गई। जबकि पत्थरकटा शिवपुर निवासी गौरव पुत्र पप्पू, शिवपुर निवासी अंशु (14) पुत्र विष्णु, अंकुर (12) पुत्र विष्णु, नायरा (5) पुत्री नरेश, कार्तिक (2) पुत्र नरेश, रुद्र (7) पुत्र नरेश, संगीता (40) पत्नी नरेश, श्रीराम, अरुण कुमार दुबे समेत 14 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल लाया गया। वहां से सात लोगों को एम्स के लिए रेफर कर दिया गया। गाड़ी अरुण कुमार दुबे चला रहे थे। उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

**एएसपी ने जिला अस्पताल पहुंचकर जानकारी ली :** सीओ सदर अमित सिंह ने बताया कि डंपर और बोलेरो की टक्कर में एक महिला की मौत हुई है। उसकी शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

घटना की जानकारी मिलने पर डीएम हर्षिता माथुर और एसपी डॉ यशवीर सिंह ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। एएसपी संजीव कुमार सिन्हा ने भी जिला अस्पताल पहुंचकर जानकारी ली।

## गंग नहर में मिला महिला का शव

**रायबरेली, चसं।** ऊंचाहार थाना क्षेत्र के मनीरामपुर पुल के पास गंग नहर में संदिग्ध परिस्थितियों में बेला देवी निवासिनी गायत्री नगर थाना ऊंचाहार का शव मिला है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## एलएलबी के छात्र का खून से लटपट मिला शव

**रायबरेली, चसं।** नगर कोतवाली के तिलक नगर निवासी उपेंद्र शुक्ला एल एल बी का छात्र है ।जिसका शव संदिग्ध परिस्थितियों में खून से लथपथ इंदिरा गार्डन के पास मिला है ।मृतक के परिजन द्वारा हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की ।सीओ ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम है भेजा गया है।

## मारपीट में दम्पति घायल

**रायबरेली, चसं।** ऊंचाहार थाना क्षेत्र के खुर्रामपुर मोड़ के पास निवासी प्रेमचंद व उनकी पत्नी दीपांजलि को घरेलू विवाद में मारपीट करके घायल कर दिया गया .जिनका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ऊंचाहार में भर्ती कराया गया है .थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी.

## जुआ खेलते वीडियो वायरल

**रायबरेली, चसं।** गुरबक्शगंज थाना क्षेत्र के शिवमंगल खेड़ा में जुआ खेलते हुए वीडियो इंटरनेट मीडिया में वायरल हुआ है ।वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर जांच पड़ताल जारी है।

## डीसीएम चालक गंभीर घायल

**रायबरेली, चसं।** बछरावां थाना क्षेत्र के नीवा के निकट डीसीएम छतिग्रस्त होने से चालक रविशंकर निवासी काकादेव कानपुर गंभीर घायल हो गया जिनको प्राथमिक उपचार हेतु जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### बाबा साहब के विचार आज भी सामाजिक परिवर्तन की नींव हैं : नीरज सिंह



**लखनऊ, चसं।** मुंशी पुरखों गाँव, इंदिरा नगर वार्ड में भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की 135वीं जयंती के पावन अवसर पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य वक्ता नीरज सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि बाबा साहब डॉ. अंबेडकर केवल भारतीय संविधान के निर्माता नहीं थे, बल्कि वे सामाजिक न्याय, समानता और आत्म-सम्मान की प्रेरणा के अमिट स्रोत हैं। उन्होंने उन वर्गों को आवाज़ दी, जिन्हें लंबे समय तक सामाजिक उपेक्षा का सामना करना पड़ा। उनके विचार आज भी सामाजिक परिवर्तन की नींव हैं। गोष्ठी की विशेष बात यह रही कि इसमें बड़ी संख्या में वही समाजजन शामिल हुए, जिनके उत्थान और अधिकारों की रक्षा हेतु बाबा साहब ने जीवन पर्यंत संघर्ष किया। उनकी उपस्थिति ने इस आयोजन को और भी सशक्त और अर्थपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के पार्षद ओ.पी. श्रीवास्तव साथ ही भाजपा नेता सुनील मिश्रा और श्री रामचंद्र जी भी उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने बाबा साहब के योगदान को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। इस आयोजन की संयोजिका पूजा जसवानी (पार्षद) रहीं, जिनके प्रयासों से यह प्रेरणादायक कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

### अखिलेश यादव को धमकी देने वाला करणी सेना का नेता गिरफ्तार

**लखनऊ, चसं।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव को जान से मारने की धमकी देने वाले करणी सेना के नेता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मुकदमा दर्ज करने के बाद करणी सेना के नेता मोहन चौहान को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले भी उन पर मुकदमा दर्ज था। बीते हफ्ते मोहन चौहान पर सपा सांसद रामजीलाल सुमन को गोली मारने वाले को इनाम देने की घोषणा पर मुकदमा लिखा गया था। इन दोनों मामलों में उन्हें शुक्रवार रात को गिरफ्तार कर लिया गया है।करणी सेना नेता मोहन चौहान जवां निवासी है। 15 अप्रैल को उनका एक वीडियो वायरल हुआ,जिसमें अखिलेश यादव को धमकाने की घोषणा की गई है। जिसपर नाराजगी जताते हुए सपा जिलाध्यक्ष लक्ष्मी धनगर की ओर से 17 अप्रैल को एसएसपी को लिखित शिकायत दी गई। इस शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया।मुकदमा दर्ज करने के बाद मोहन चौहान को शुक्रवार रात को गिरफ्तार कर लिया। उनकी गिरफ्तारी से शांति भंग न हो इसलिए पाबंद किए गए है। पुलिस का कहना है कि इस मामले के साथ मोहन का पुराना आपराधिक रिकार्ड सामने आया है। मोहन पर आठ मुकदमे हमला, मारपीट व ठगी आदि के 2016 से अब तक दर्ज हैं।

### नगर निगम की बड़ी कार्रवाई, 52 करोड़ की जमीन अतिक्रमण से मुक्त

**लखनऊ, चसं।** लखनऊ मंडल की मंडलायुक्त और नगर निगम लखनऊ के नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह के निर्देश पर सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटाने के लिए एक बड़ी कार्रवाई की गई।यह कार्रवाई अपर नगर आयुक्त श्री पंकज श्रीवास्तव द्वारा बनाई गई टीम ने की। टीम ने सरोजनीनगर तहसील के ग्राम सेंवई में कई गाटों की जमीन से अतिक्रमण हटाया। यह जमीनें बंजर और तालाब के रूप में दर्ज थीं और नगर निगम की संपत्ति हैं।इन जमीनों पर कुछ प्रॉपर्टी डीलरों ने बिना अनुमति के नींव डाल दी थी, सड़क बना ली थी, दीवार खड़ी कर दी थी और जमीन के छोटे-छोटे टुकड़े कर प्लॉटिंग शुरू कर दी थी। जानकारी मिलने के बाद अधिकारियों ने निर्देश पर टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी मशीन से सारी अवैध निर्माण को गिरा दिया गया।यह कार्रवाई नगर निगम और तहसील प्रशासन की संयुक्त टीम ने की। इसमें प्रभारी अधिकारी संजय यादव के निर्देशन में तहसीलदार अरविन्द पांडेय, नायब तहसीलदार रत्नेश कुमार, राजस्व निरीक्षक अविनाश चंद्र तिवारी, नगर निगम के लेखपाल शक्ति वर्मा, संदीप यादव, अनुचर लालता प्रसाद यादव और राजस्व लेखपाल जितेन्द्र प्रकाश शामिल रहे।इसके अलावा, गोल्फ सिटी थाने के पुलिस बल और नगर निगम की ई.टी.एफ टीम भी मौके पर मौजूद रही।कुछ स्थानीय लोगों ने विरोध किया, लेकिन टीम ने शांति से पूरी कार्रवाई पूरी की।इस कार्रवाई में कुल 2.454 हेक्टेयर जमीन अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई, जिसकी बाजार कीमत लगभग 52 करोड़ रुपये आंकी गई है।

### राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद अधिवेशन आज

**लखनऊ, चसं।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का 20 अप्रैल 2025 को प्रस्तावित द्विवार्षिक अधिवेशन एपी सेन सभागार लखनऊ विश्वविद्यालय में संम्पन्न होगा। परिषद के महामंत्री अतुल मिश्रा ने बताया कि उक्त अधिवेशन में परिषद से सम्बद्ध संगठनों के अध्यक्ष, महामंत्री,महासचिव प्रतिनिधि के रूप में शामिल होंगे और प्रत्येक जनपद शाखा के 05-05 प्रतिनिधि व अन्य पदाधिकारी,सदस्य पर्यवेक्षक के रूप मे शामिल होंगे। परिषद के प्रान्तीय पदाधिकारीगण व मण्डल अध्यक्ष,मंत्री भी प्रतिनिधि के रूप में शामिल होंगे। श्री मिश्र ने बताया कि उक्त अधिवेश्न में इप्सेफके कोर कमेटी के सदस्य गुजरात, छत्तीसगढ़, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र आदि प्रदेशाध्यक्ष व महामंत्री विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। उक्त अधिवेशन दो सत्रों में प्रस्तावित है। जिसमे प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि का स्वागत, दीप प्रज्वलन, महामंत्री की रिपोर्ट, वक्ताओं द्वारा अपने विचार रखे जायेंगे। उसके उपरान्त भोजनावकाश तथा दूसरे सत्र में अधिवेशन में उपस्थित समस्त प्रतिनिधि नई कार्यकारिणी का चयन करेंगे जो पुनः दो वर्ष के लिए कार्य करेगी।

# ऊर्जा मंत्री ने गर्मी के दृष्टिगत विद्युत व्यवस्था व आपूर्ति, राजस्व वसूली कार्यों की समीक्षा की

## गर्मी में उपभोक्ताओं को विद्युत व्यवधान की समस्याओं का सामना न करना पड़े

चर्चित राजनीति। विशेष संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी में उपभोक्ताओं को विद्युत व्यवधान की समस्याओं का सामना न करना पड़े।

सभी विद्युत कार्मिक सतर्क व सावधान रहकर लोगों के लिए कार्य करे, जिस किसी भी फीडर व विद्युत् आपूर्ति ट्रांसफार्मर में 70 प्रतिशत से ज्यादा का लोड होगा तथा 30 प्रतिशत से ज्यादा का लाइन लास होगा वहां के संविदा कर्मियों को बर्खास्त किया जाए और अन्य विद्युत कार्मिकों की जिम्मेदारी तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जिस किसी भी डिस्कॉम में 100 केवीए से ऊपर के पावर ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होंगे, वहां के जिम्मेदार कार्मिको पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। गर्मी में 100 केवीए से ऊपर के ट्रांसफार्मर एक भी नहीं फुंकने चाहिए। उन्होंने उपभोक्ताओं से भी अपील की है कि अपनी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु 1912 टोल फ्री नंबर पर शिकायत जरूर करें। सभी अधिकारी नियमित रूप से जनसुनवाई करें।

मुख्यालय स्तर पर शक्ति भवन में भी मुख्य अभियंता स्तर का अधिकारी नियमित रूप से जनसुनवाई करें और प्रतिदिन इसकी रिपोर्ट चेयरमैन तथा एमडी यूपीपीसीएल को भेजें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं का उत्पीड़न किसी भी रूप में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, न तो विद्युत कार्मिकों की कार्यों में लापरवाही और न ही कोई कहानी बर्दाश्त की जाएगी। उन्होंने कहा कि अब कठोर निर्णय लेने और कठोर कार्रवाई करने का समय आ गया। ऊर्जा मंत्री श्री ए.के. शर्मा शनिवार को शक्ति भवन में गर्मी के दृष्टिगत विद्युत व्यवस्था



एवं आपूर्ति, राजस्व वसूली आदि कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विभाग को जो भी राजस्व हानि हो रही है उसकी भरपाई नही हो पा रही है। अभी भी विद्युत कार्मिक विद्युत चोरी रोकने में तथा लाइन लास काम करने में विभाग की उम्मीद पर खरा नहीं उतर रहे है। विद्युत चोरी रोकने के लिए की जा रही विजिलेंस की कार्रवाई भी संतोषजनक नहीं है। छोटे और गरीब उपभोक्ताओं का विजिलेंस कार्रवाई के नाम पर उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि जहां पर अभी भी विद्युत चोरी हो रही है और लाइन लॉस एवं विद्युत लोड ज्यादा है वहां के कार्मिकों पर कठोर कार्रवाई की जाए तथा जहां पर कार्मिक अधिक हो, उन्हें अन्य स्थानों पर भेजकर समायोजित भी किया जाए। जो भी एक्सियन एवं एसडीओ कार्य में रुचि नहीं ले रहे हैं उन पर भी कार्रवाई की जाए। विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ रहे इसके लिए मुख्य अभियंता और अधीक्षण अभियंता की जिम्मेदारी तय की जाए। पॉवर ट्रांसफार्मर जलने पर उन्होंने संबंधित डिस्कॉम के डायरेक्टर टेक्निकल की जिम्मेदारी तय करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पश्चिमी यूपी से ट्रांसफार्मर और बिजली तार के चोरी की खबरें आ रही है। इसकी रोकथाम के लिए स्थानीय पुलिस की भी मदद ली जाए और चोरों पर प्रभावी कार्रवाई की जाए। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि सभी डिस्कॉम के एमडी हाई लाइन लॉस वाले फीडर की जांच के लिए प्रति सप्ताह स्थलीय भ्रमण करे। साथ ही अन्य उच्च अधिकारी भी इसी प्रकार की जांच करने में सहयोग करे। उन्होंने कहा कि विजिलेंस की कार्रवाई में एक ही क्षेत्र में एक साल से अधिक समय से लगे हुए कार्मिकों को वहां से हटाया जाए। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण स्थलों, पर्यटन व धार्मिक स्थलों में विद्युत कटौती बिल्कुल न हो। विद्युत सुधार के लिए लिया जाने वाला शट डाउन पीक आवर में न लिया जाए तथा शाम के बाद अंधेरा होने पर विद्युत आपूर्ति हर हाल में बहाल रखी जाए। उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग में किसी भी प्रकार की दलाली बिल्कुल नहीं चलेगी। बड़ी विद्युत चोरी पर संबंधित कार्मिकों पर सखघ्त कार्रवाई की जाएगी। मऊ के कोपागंज में हो रही विद्युत चोरी पर 03 दिन में कार्रवाई की रिपोर्ट दें। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी क्षेत्रों को निर्धारित शेड्यूल के अनुरूप निश्चित रूप से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। अध्यक्ष यूपीपीसीएल आशीष कुमार गोयल ने बताया कि मंत्री जी के निर्देशानुसार पूर्वांचल में पावर ट्रांसफार्मर के फुंकने पर संबंधित एक्सियन, एसडीओ और जेई आदि पर लगभग 86 कार्मिकों पर कार्रवाई की गई है। अन्य डिस्कॉम में पॉवर ट्रांसफार्मर फुंकने से संबंधित कार्मिकों की जांच रिपोर्ट मंगाई जा रही है। उन्होंने कहा ट्रांसफार्मर को जलने से बचाने के लिए तथा गर्मी में निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु 100 केवीए से ऊपर के सभी ट्रांसफार्मर में फ्यूज बॉक्स लगाए जाए तथा इससे कम क्षमता के ट्रांसफार्मर में लोड के अनुसार कम से कम 20 प्रतिशत पर फ्यूज बॉक्स अवश्य लगाना है। बैठक में चेयरमैन यूपीपीसीएल आशीष कुमार गोयल, एमडी यूपीपीसीएल पंकज कुमार, डीजी विजिलेंस एवं उन उच्च अधिकारी उपस्थित थे तथा सभी डिस्कॉम के एमडी, डायरेक्टर टेक्निकल आदि ने वर्चुअल प्रतिभाग किया।

## ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष ने प्रतिभाओं को दिये प्रमाण पत्र

चर्चित राजनीति। संवाददाता

● **भारतीय संस्कृति के दूत बने कलाकार : गिरीश**

**लखनऊ।** राज्य ललित कला अकादमी के उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र ने पद्मजा कला संस्थान से नृत्य और तबला वादन का प्रशिक्षण हासिल कर रहे प्रतिभावान कलाकारों को प्रमाण पत्र वितरित किया। कार्यक्रम संस्थान के भवन संख्या 19/331 इंदिरा नगर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर गिरीश चंद्र ने कहा कि कहा गया है साहित्य, संगीत और कला से विहीन मनुष्य साक्षात नाखून और सींग रहित पशु के समान है।

ऐसे में पद्मजा कला संस्थान विगत कई वर्षों से बाल, किशोर और युवाओं को ही नहीं उम्रदराज कला साधकों को संगीत में पारंगत करने का महती कार्य कर रही है। जिस समाज को अपनी संस्कृति पर गर्व नहीं होता है उसकी विश्व में पहचान नहीं बनती है। कला साधकों का आवाहन किया कि वह भारतीय संस्कृति के विश्व दूत बनने का दायित्व निभाने का संकल्प लें।संस्थान की सचिव और अंतरराष्ट्रीय कथक गुरु आकांक्षा श्रीवास्तव ने बताया कि अब तक दो हजार से अधिक भारतीय ही नहीं विदेशी स्टूडेंट्स तक को वह कथक नृत्य का प्रशिक्षण दे चुकी हैं। संस्थान के इंदिरा नगर स्थित भवन में सम्मानित करते हुए प्रमाण पत्र वितरित किये गए। इसमें चार वर्षीय बाल कलाकारों से लेकर 50 वर्षीय वरिष्ठ कलाकार तक शामिल रहे। इस कार्यक्रम में लोकप्रिय कथक नृत्यांगना लवीना जैन भी उपस्थित रहीं। जिन स्टूडेंट्स को प्रमाण पत्र वितरित किए गए उनमें शीजा राय, आरोहणी चौधरी, सिमरन कश्यप, शैली मौर्य, खुशी मौर्य, गौरी शर्मा, नित्य निगम, विकास अवस्थी, प्रखर मिश्रा, अनीश रावत, अतुल माने, आदित्य गुप्ता, उन्नयन, वरुणिका, नायरा, ईशानी, साक्षी, अहाना, अद्विक, आराध्या, रियांश, निखिल, ज्योति, अनीश, मनन मिश्रा शामिल रहे।

## जिन्होंने वक्फ की जमीनों पर कब्जा किया, वही विरोध कर रहे : भूपेंद्र चौधरी

चर्चित राजनीति। संवाददाता

● **लखनऊ के भागीदारी भवन में भाजपा की कार्यशाला**

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में वक्फ कानून को लेकर भाजपा ने कार्यशाला आयोजित की। इसमें पार्टी के पदाधिकारी समेत प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी भी शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा वे लोग वक्फकानून का विरोध कर रहे हैं, जिन्होंने वक्फ की जमीनों पर कब्जा कर रखा है।

भाजपा वक्फ कानून को लेकर 20 अप्रैल से जन जागरण अभियान शुरू करने जा रही है। इससे एक दिन पहले लखनऊ के भागीदारी भवन में कार्यशाला की। इसकी अध्यक्षता भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, संगठन महामंत्री धर्मपाल सिंह और राज्यसभा सांसद राधा मोहन दास ने की। कार्यशाला में प्रदेश भर के पदाधिकारी, संसद और विधायक मौजूद रहे। यह अभियान 20 अप्रैल से 5 मई तक चलेगा। इसके तहत कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को वक्फकानून की सही जानकारी देंगे। उत्तर प्रदेश भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने बताया कि मुसलमानों का एक बड़ा वर्ग इस बिल का समर्थन कर रहा है। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यकों का पैगाम है। मोदी के साथ मुसलमान। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा जो विपक्षी दलों के द्वारा एक भ्रम पैदा किया जा रहा है, उसके खिलाफ पूरी पार्टी घर-घर जाकर लोगों को समझाएंगे। गरीबों के लिए और समाज के कमजोर तत्वों के हित में जो सरकार ने एक बड़ा कदम उठाया है, उसके लिए हम जन जागरण करेंगे। इस कानून का विरोध केवल वे लोग कर रहे हैं, जो वक्फ की जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं। वही माफिया लोग ही विरोध कर रहे हैं। बिल उन्हीं लोगों से छुड़ाकर जमीनों को गरीबों के हितों और उनके कल्याण के लिए इस्तेमाल करने के लिए कानून बना है। समाजवादी पार्टी का चरित्र आप जानते हैं, जिस तरह से सनातन के बारे में, हमारे धार्मिक ग्रंथों के बारे में, हमारे मठ-मंदिरों के बारे में बोल रहे हैं।

इस तरह का चरित्र समाजवादी पार्टी का रहा है। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष बासित अली ने कहा सीएए और एनआरसी को लेकर पहले भी विपक्षी दलों ने लोगों को गुमराह करने की कोशिश की थी। उन्होंने दावा किया कि इस बार भी विपक्ष अफवाहें फैलाकर भ्रम पैदा करना चाहता है। इस बार भाजपा पहले से तैयार है और लोगों को कानून की सच्चाई से अवगत कराएगी।

### एयरपोर्ट पर डॉक्टर का आईफोन चोरी

**लखनऊ, चसं।** लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट में फिर चोरी हुई है। यह चार दिन के अंदर चोरी की दूसरी वारदात है। इस बार महिला डॉक्टर चोरों का शिकार बनीं। उनका आईफोन गायब हो गया। बता दें कि तीन दिन पहले एक महिला का 20 हजार रुपए भरा पर्स चोरी हुआ था। पीड़ित डॉ. पियूषा वाधवानी राजानी ने बताया कि वह थाईलैंड से को लखनऊ लौटीं। एयरपोर्ट से बाहर निकलने के बाद पार्किंग एरिया में उनका आईफोन 13 प्रो गायब हो गया। डॉ. पियूषा ने इस संबंध में सरोजनी नगर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। डॉ. पियूषा आलमबाग के सिंगार नगर में गंगाराम राजाजी मार्ग पर रहती हैं। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एयरपोर्ट के सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोर की पहचान की कोशिश की जा रही है। लखनऊ एयरपोर्ट में ही बुधवार को चेक-इन करते समय एक महिला के बैग से 20 हजार रुपए चोरी हो गए। प्रगति श्रीवास्तव नाम की यात्री एयर इंडिया की फ्लाइट ।

## जेईई मेंस में 99 पर्सेंटाइल से अधिक नंबर पाने वाले छात्रों की संख्या 50 से ऊपर, श्रेयस ने हासिल की एआईआर 6

चर्चित राजनीति। संवाददाता



**लखनऊ।** जेईई मेन्स 2025 परीक्षा का परिणाम जारी कर दिया गया है। जिसमें नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने टॉपर्स की लिस्ट भी जारी कर दी है। इस परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट रममउंपद.दजं.दपब.पद पर जाकर परिणाम देख सकते हैं। इस परीक्षा में उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के 50 से अधिक छात्रों ने 99 पर्सेंटाइल या उससे अधिक अंक प्राप्त किये हैं।

शीर्ष उपलब्धि हासिल करने वालों में श्रेयस लोहिया, कुशाग्र बेंगहा और कृष्णा अग्रवाल का नाम शामिल है। 100 परसेंटाइल के साथ श्रेयस ने आल इंडिया में छठी, कुशाग्र ने 7वीं और कृष्णा ने 48वीं रैंक हासिल की है। दरअसल, ये परीक्षा भारत में सबसे चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में से एक है। यही वजह है कि जेईई मेन्स परीक्षा दो सत्रों में आयोजित की जाती है ताकि छात्रों को अपने स्कोर सुधारने के अधिक मौके मिल सकें। जेईई एडवांस उन छात्रों के लिए प्रवेश का द्वार खोलता है जो प्रतिष्ठित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों में जाना चाहते हैं, जबकि जेईई मेन्स के जरिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थानों और अन्य सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश का रास्ता बनता है। 18 अप्रैल को जेईई मेन्स का परिणाम आया है। जिसमें लखनऊ के छात्रों ने अपना परचम लहराया है और अपने शहर व परिवार का नाम रौशन किया है। श्रेयस लोहिया ने जेईई मेंस में ऑल इंडिया लेवल पर छठी रैंक की है। श्रेयस ने कहा की उन्होंने 11वीं क्लास से ही इंजीनियरिंग की तैयारी में शुरू कर दी थी और वो हर रोज पांच से छह घंटे का लक्ष्य बनाकर पढ़ाई करते थे। उन्होंने दो सब्जेकट्स फिजिक्स और मैथ्स पर ज्यादा फोकस किया। वहीं उन्होंने कहा कि केमिस्ट्री उनके लिए आसान थी, जो भी स्टूडेंट्स जेईई की तैयारी कर रहे हैं उनके लिए सबसे बेस्ट हैं एनसीईआरटी की किताबें। अगर एनसीआरटी से तैयारी करते हैं तो 100 परसेंटाइल आसानी से मिल सकते हैं। श्रेयस ने बताया कि टाइम मैनेजमेंट तैयार करके सभी टॉपिक पर फोकस करना चाहिए। किस टॉपिक को कितना समय देना है यह समझना भी काफी जरूरी है। उन्होंने बताया कि मैथ्स के कॉन्सेप्ट एक बार क्लियर हो जाए तो वह काफी आसान हो जाती है।

## मंत्री कपिल देव अग्रवाल तीन दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यशाला का करेंगे शुभारम्भ

चर्चित राजनीति। संवाददाता

● **ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये कार्यशाला 21 अप्रैल से**

**लखनऊ।** प्रदेश के ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा संचालित दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के अंतर्गत तीन दिवसीय क्षमता वर्धन कार्यशाला का आयोजन 21 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025 तक लखनऊ के होटल सेंटरम, अंसल, सुशांत गोल्फसिटी में प्रातः 9 बजे से किया जा रहा है। इस कार्यशाला का शुभारंभ 21 अप्रैल को प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति में तथा प्रमुख सचिव डॉ. हरि ओम की अध्यक्षता में किया जाएगा। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक अभिषेक सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित की जा रही इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रदेश में कौशल प्रशिक्षण संचालित कर रही संस्थाओं के संस्था प्रमुखों, मंडल स्तर पर तैनात संयुक्त निदेशकों, जनपदीय समन्वयकों, जिला कार्यक्रम प्रबंधकों एवं एम.आई.एस. प्रबंधकों का क्षमता विकास कर उन्हें नवीन प्रशिक्षण अवधारणाओं से अवगत कराना है। कार्यशाला के माध्यम से प्रशिक्षण की गुणवत्ता को सुदृढ़ करने, संचालन में आ रही चुनौतियों के समाधान एवं सरकार द्वारा समय-समय पर किए जा रहे नवाचारों की जानकारी दी जाएगी। इस पहल से ग्रामीण युवाओं को बेहतर प्रशिक्षण मिल सकेगा, जिससे वे न केवल रोजगार प्राप्त करेंगे बल्कि स्वरोजगार के माध्यम से प्रदेश की एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था के लक्ष्य में भी सहयोगी बनेंगे।

## भारतीय आदर्श योग संस्थान ने धूमधाम से मनाया तृतीय स्थापना दिवस समारोह

चर्चित राजनीति। संवाददाता



**लखनऊ।** 19 अप्रैल, शनिवार को भारतीय आदर्श योग संस्थान का तृतीय स्थापना दिवस संमारोह संगीत नाटक अकादमी ,गोमती नगर में धूमधाम से मनाया गया।

तृतीय स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मण्डल के प्रदेश अध्यक्ष गुप्ता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं मंडल अध्यक्ष आनन्द पांडेय मौजूद रहे इसअवसर पर बोलते हुए संजय गुप्ता ने संस्थान के सभी सदस्यों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं एवं बधाई दी तथा भारतीय आदर्श योग संस्थान द्वारा लगातार योग के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सराहना की एवं बधाई दी संजय गुप्ता ने कहा योग हमारे जीवन में संतुलन लाता है, योग भारत के ऋषियो संतो द्वारा मानव समाज के लिए दिया गया अनमोल उपहार है। इस अवसर पर व्यापारी नेता संजय गुप्ता द्वारा योग ,प्राकृतिक चिकित्सा एवं आयुर्वेद के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं उल्लेखनीय कार्य करने वाले ग्यारह चिकित्सकों को ÷महर्षि पतंजलि सम्मान से सम्मानित किया तथा इस अवसर पर नियमित रूप से योग करने वाले योग साधक एवं साधिकाओ को भी महर्षि पतंजलि सम्मान से सम्मानित किया स्थापना दिवस के अवसर पर योग साधक साधिकाओं ने भजन सम्राट किशोर चतुर्वेदी के भजनों एवं गज़ल मल्लिका श्रीमती स्वाति रिजवी की गज़लो का आनंद लिया तथा इस अवसर पर भारतीय आदर्श योग संस्थान की जनेश्वर मिश्रा शाखा ,कस्तूबा पार्क ,कैंट शाखा एवं खुर्दही शाखा के योग साधक एवं साधिकाओ द्वारा योग का प्रदर्शन भी किया गया इस अवसर पर बोलते हुए भारतीय आदर्श योग संस्थान÷ के संरक्षक एवं उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने कहा उत्तम स्वास्थ्य जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। यदि व्यक्ति स्वस्थ है तभी कमाए हुए धन एवं प्राप्त पद की शक्ति का आनंद ले सकता है और योग के माध्यम से शरीर एवं मन को स्वस्थ रखा जा सकता है भारतीय आदर्श योग संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगाचार्य कृष्ण दत्त मिश्रा ने कहा संस्थान का उद्देश्य योग के माध्यम से सभी नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा करना है उन्होंने कहा वात ,कफ एवं पित्त को सही रखने से बीमारियां छूमंतर हो जाएंगी। योगाचार्य कृष्ण दत्त मिश्रा ने कहा नियमित योग के माध्यम से असाध्य रोगों से ग्रस्त रोगियों को भी रोगमुक्त किया जा सकता है। भारतीय आदर्श योग संस्थान के सचिव राजकुमार -राज ने कहा बाल्यकाल से संस्कार के रूप में बच्चों में अनिवार्य योग की शिक्षा दी जाए तो 20 साल बाद का भारत निश्चित रूप से सम्पूर्ण स्वस्थ भारत होगा कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र विश्वकर्मा हरिहर एवं संस्थान के उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार गुप्ता द्वारा किया गया समारोह को,भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं मंडल अध्यक्ष आनंद पांडेय एवं संस्थान के संरक्षक कर्नल अभय सिंह एवं प्रवक्ता कृष्ण कुमार गुप्ता द्वारा भी संबोधित किया गया प्रवक्ता कृष्ण कुमार गुप्ता ने कहा समय रहते जीवन में योग अपनाने से स्वास्थ्य की रक्षा होती है।

## फैटी लिवर रोग देश में रोगों के बढ़ते बोझ का कारण है, मोटापे से बढ़ती है समस्या, वजन कम करने से हो सकता है लाभ

चर्चित राजनीति। संवाददाता


● **युवा चिकित्सकों और स्वास्थ्य सेवा कर्मियों के लिए कार्यशाला का आयोजन**

**लखनऊ।** प्रत्येक वर्ष 19 अप्रैल को विश्व लिवर दिवस मनाया जाता है ताकि लोगों में लिवर रोगों की बढ़ती समस्या, इसके कारणों और उन्हें रोकने के तरीकों के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके।

एसजीपीजीआई, लखनऊ के हेपेटोलॉजी विभाग ने 19 अप्रैल 2025 को 'विश्व लिवर दिवस' मनाया और फैटी लिवर रोगों के बढ़ते बोझ के बारे में उनके ज्ञान और जागरूकता को बढ़ाने के लिए युवा चिकित्सकों और स्वास्थ्य सेवा कर्मियों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्घाटन संजय गांधी पीजीआई के निदेशक और हेपेटोलॉजी के प्रोफेसर डाक्टर आर के धीमन, संस्थान के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर देवेंद्र गुप्ता और हेपेटोलॉजी के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर अमित गोयल ने किया। इस सेमिनार में विभिन्न मेडिकल कॉलेज के 100 से अधिक मेडिकल छात्र और युवा चिकित्सकों ने भाग लिया। इस अवसर पर निदेशक डॉ. धीमन ने कहा कि लिवर की बीमारियां आमतौर पर शराब, वायरल हेपेटाइटिस और फैटी लिवर के कारण होती हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग में हमारी जीवनशैली और आहार संबंधी गलत आदतों के कारण फैटी लिवर की बीमारी में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि हमारे देश में लगभग 40ः लोग मोटे या अधिक वजन वाले हैं। मधुमेह और मोटापा फैटी लिवर रोग के प्रमुख जोखिम कारक हैं। हमारा देश मोटापे और मधुमेह की वैश्विक राजधानी है। भविष्य में हम फैटी लिवर रोग की वैश्विक राजधानी बन सकते हैं। उन्होंने विशेष रूप से फैटी लिवर रोगों का शीघ्र पता लगाने पर जोर दिया ताकि सिरोसिस और लिवर कैंसर को बढ़ने से रोका जा सके। प्रो. देवेंद्र गुप्ता ने कहा कि मोटे लोगों को किसी भी सर्जरी के दौरान काफी परेशानी और जटिलताएं होती हैं। कार्यशाला में एसजीपीजीआई, केजीएमयू अस्पताल के कई चिकित्सकों ने भी हिस्सा लिया। सभी ने मोटापे के बोझ, फैटी लिवर की बीमारी, इसकी जटिलता और उपचार के बारे में बात की। निष्कर्ष निकाला गया कि फैटी लिवर के मुख्य कारण निष्क्रिय जीवनशैली, जंक फूड खाना और लोगों में व्यायाम और खेल गतिविधियों की कमी है। इस बात पर भी जोर दिया गया कि वजन कम करना और व्यायाम करना फैटी लिवर की बीमारी का सबसे प्रभावी इलाज है। शरीर के वजन का 5ः कम करने से फैटी लिवर को ठीक किया जा सकता है और अगर हम अपना 10ः वजन कम कर सकें तो लिवर की चोट और लिवर फाइब्रोसिस को भी ठीक किया जा सकता है। इन रोगियों को अधिक नियमित आहार लेने की जरूरत है, जिसमें सब्जियां, फल और शाकाहारी आहार का अच्छा मिश्रण होना चाहिए।

### शराब के नशे में युवक फांसी पर लटका

**लखनऊ, चसं।** राजधानी के बिजनौर में एक 45 वर्षीय मजदूर ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। घटना शुक्रवार रात की है। मृतक सोनू मूल रूप से निगोहां के मदीखेड़ा शिरीष का रहने वाला था। वह पिछले 20 साल से अपनी ससुराल बिजनौर के मौलवी खेड़ा में परिवार के साथ रह रहा था। घटना के समय सोनू कमरे के अंदर था। उसका परिवार बाहर सो रहा था। रात करीब 3 बजे तेज आंधी आने पर परिवार के सदस्य कमरे में गए। वहां उन्हें सोनू का शव छत के पंखे से साड़ी के सहारे लटका मिला। इस दृश्य को देखकर परिवार में कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी रामावती ने सबसे पहले सोनू के भाई कौशल को सूचना दी। कौशल ने तुरंत पुलिस को खबर की। बिजनौर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। बिजनौर थाना प्रभारी अरविंद कुमार राणा के अनुसार, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि मृतक को शराब पीने की लत थी। यह घटना भी नशे की हालत में हुई है। मृतक के परिवार में पत्नी रामावती, चार बेटियां (जिनमें से एक विवाहित है) और एक बेटा है।



**मन की एकाग्रता ही समग्र ज्ञान है, बल ही जीवन है और दुर्बलता मृत्यु, मौन, क्रोध की सर्वोत्तम चिकित्सा है, दिल और दिमाग के टकराव में दिल की सुनो, खुद को कमजोर समझना सबसे बड़ा पाप है : स्वामी विवेकानंद**

# संपादकीय

## जंजाल की जेलें

दरअसल, जेल बनाने का मूल मकसद देशकाल, परिस्थिति, भावनात्मक उद्वेग या आपराधिक मनोवृत्ति से अपराध की दुनिया में कदम रखने वाले लोगों में सुधार लाना ही रहा है। जिससे भटके हुए लोग समाज की मुख्यधारा से अलग रहकर आत्ममंथन कर सकें। सजा का मकसद दंड के बजाय सुधार रहा है। लेकिन भारतीय जेलें जिस हाल में हैं, उससे यह मकसद पूरा होता नज़र नहीं आता। निस्संदेह, देश में जेलें संकटग्रस्त हैं। ये सभ्य नागरिकों की राह से भटके लोगों को भेड़-बकरियों की तरह भरने वाले स्थानों जैसी हैं। इस बाबत इंडिया जस्टिस रिपोर्ट 2025 कमोबेश इन्हीं स्थितियों का खुलासा करती है। वर्ष 2022 तक 4.36 लाख कैदियों के रहने हेतु बनायी गई जेलों में 5.73 लाख कैदी बंद थे। जो निर्धारित से 131 फीसदी अधिक है। अनुमान है कि वर्ष 2030 तक जेलों में कैदियों की संख्या 6.6 लाख तक पहुंच सकती है। जो निर्धारित 5.15 लाख की अनुमानित क्षमता से कहीं अधिक होगी। निस्संदेह, यह संकट अनुमान से कहीं अधिक गहरा है। निश्चित रूप से इसे कैदियों के मानवाधिकार का आपातकाल कहा जा सकता है। लेकिन संकट सिर्फ भीड़भाड़ का ही नहीं है। विडंबना देखिए कि पूरी जेल आबादी के लिये सिर्फ 25 मनोचिकित्सक ही हैं। एक अनुमान के अनुसार वर्ष 2012 के बाद कैदियों में मानसिक रोग दुगने आंके गए हैं। इनमें ज्यादातर वे कैदी हैं जो विचाराधीन हैं। जिनका अपराध तय नहीं हो पाया है। न्यायिक प्रक्रिया में विलंब की कीमत उन्हें चुकानी पड़ रही है। वहीं दूसरी ओर जेलों में चिकित्सा व्यवस्था का संकट भी उतना ही गहरा है। जेलों में चिकित्सा अधिकारियों के 43 फीसदी पद रिक्त पड़े हैं। यह व्यवस्थागत खामियों की ही तसवीर है कि देश की राजधानी में 206 कैदियों पर एक चिकित्सक नियुक्त है। यही वजह है कि उचित देखभाल के अभाव में जेलों में तमाम कैदी मानसिक व शारीरिक कष्ट झेल रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद इस गंभीर समस्या के समाधान के लिये गंभीर प्रयास नहीं हो रहे हैं। निश्चित रूप से कैदियों के हितों की अनदेखी कोई नई बात नहीं है। देश की शीर्ष अदालत अकसर दीर्घकालीन जेल नियोजन की आवश्यकता पर बल देती रही है। लेकिन शासन-प्रशासन की कार्यवाही या तो धीमी है या फिर इन समस्याओं के प्रति उदासीन रवैया दर्शाया जाता है। जबकि कैदियों के मानवाधिकारों के मद्देनजर इस मामले में संवेदनशील रवैया अपनाया जाना चाहिए। इस समस्या का सबसे बड़ा संकट कर्मचारियों की भारी कमी भी है। विडंबना यह है कि कुछ क्षेत्रों में तो सुधारात्मक कार्यों के लिये स्वीकृत पदों पर रिक्तियां साठ फीसदी तक पहुंच गई हैं। उदाहरण के लिये दिल्ली की जेलें 250 फीसदी से अधिक क्षमता के साथ संचालित की जा रही हैं। एक विसंगति यह भी है कि इन जेलों में वंचित समाज और हाशिये पर गए वर्गों के लोगों की संख्या अधिक है। जो न्याय प्रणाली में गहराई तक जड़ जमा चुकी असमानता को ही दर्शाती है। वहीं दूसरी ओर इस संकट से निबटने के लिये जरूरी राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी नजर आती है। जैसा कि शीर्ष अदालत बार-बार विचाराधीन कैदियों के मुद्दे को प्राथमिकता के आधार पर संबोधित करने के निर्देश देती है, उस पर गंभीरता से अमल करने की जरूरत है। यदि फास्ट-ट्रैक कोर्ट और वैकल्पिक विवाद समाधान से विचाराधीन कैदियों की संख्या को कम कर दिया जाए, तो जेल व्यवस्था में बड़ा सुधार लाया जा सकता है। देश की जेलों में कैदियों की बढ़ती संख्या के अनुरूप बुनियादी ढांचे में तत्काल निवेश करने की जरूरत है।

# पाकिस्तान को अपनी अर्थव्यवस्था पर ध्यान देना चाहिये

**पाकिस्तान अब कमजोर है, लेकिन उसकी सेना और खुफिया एजेंसियां अभी भी आतंकवाद को हथियार बनाकर भारत को अस्थिर करने की कोशिश करती रहेंगी। जम्मू कश्मीर में हालिया समय में आतंकवादी गतिविधियों में थोड़ी कमी आई है, लेकिन यह मानना भूल होगी कि खतरा पूरी तरह से टल गया है। भारत को पाकिस्तान की असलियत को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उजागर करते रहना चाहिए। साथ ही, पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर को भी भारत में पुनः शामिल करने की दिशा में कूटनीतिक प्रयास तेज किए जाने चाहिए। भारत को दुनिया को यह दिखवाना होगा कि वह शांति चाहता है।**

1947 में पाकिस्तान की बुनियाद हिन्दुओं से नफरत के कारण पड़ी थी। आज करीब 77 वर्षो के बाद भी पाकिस्तान हिन्दुओं के प्रति ऐसा ही रवैया लेकर आगे बढ़ रहा है। पाकिस्तान में जितने भी प्रधानमंत्री या सेना प्रमुख हुए वह भारत के खिलाफ हमेशा जहर उगलते और आतंकवादियों को संरक्षण देते रहें। आज भी यह सिलसिला जारी है। इसी परिपाटी को आगे बढ़ाते हुए पाक की फौजी हुकूमत एक बार फिर पुराना राग अलाप रही है। इस्लामाबाद में हाल ही में हुए प्रवासी पाकिस्तानियों के सम्मेलन में पाकिस्तान के सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने कश्मीर के मुद्दे पर उकसाने वाले बयान दिए, जिनसे न केवल क्षेत्रीय शांति को नुकसान हुआ है, बल्कि यह भी साफ हो गया कि पाकिस्तान की सत्ता संरचना अब भी नफरत और विघटन की राजनीति को अपनी ताकत मानती है। मौजूदा जनरल मुनीर का हाल ही में दिया गया बयान, जिसमें उन्होंने कश्मीर को पाकिस्तान की गले की नस बताया,ने एक बार फिर साबित कर दिया कि पाकिस्तान की सोच में कोई बदलाव नहीं आया है। यही सब पिछले कई दशकों से पाकिस्तान की फौजी हुकूमत द्वारा लगातार दोहराया जाता रहा है। पाकिस्तान के जनरल यह हमेशा कहते रहे हैं कि कश्मीर पाकिस्तान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, और इसे कभी भी पाकिस्तान से अलग नहीं होने दिया जाएगा। लेकिन क्या इस विचारधारा ने पाकिस्तान को किसी प्रकार का लाभ पहुंचाया है? पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था जर्जर हो चुकी है, आतंकवाद की पोषक छवि बन चुकी है और वैश्विक मंच पर वह अलग-थलग पड़ा हुआ है। पाकिस्तान की वर्तमान स्थिति किसी से छिपी नहीं है। इन्हीं हरकतों के कारण वह आर्थिक रूप से कमजोर होता जा रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार 2025 के शुरुआती महीनों में पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार महज 3.1 अरब डॉलर था, जो मुश्किल से कुछ हफ्तों का आयात खर्च चला सकता है। महंगाई दर 30 प्रतिशत के पार जा चुकी है, बेरोजगारी करीब नौ प्रतिशत तक पहुंच चुकी है और जनता राजनीतिक और आर्थिक अस्थिरता से त्रस्त है। ऐसे में पाकिस्तान की फौजी हुकूमत का इस प्रकार का उकसावे भरा बयान यह दर्शाता है कि पाकिस्तान के पास अब कोई दूसरा उपाय नहीं बचा है, सिवाय इसके कि वह अपने लोगों का ध्यान भटकाने के लिए पुराने और साम्प्रदायिक मुद्दों को उछाले। बलूचिस्तान में अलगाववाद की लपटें तेज होती जा रही हैं, और वहां के लोग पाकिस्तानी सेना और सरकार के खिलाफ खुलेआम विद्रोह कर रहे हैं। बलूच विद्रोहियों ने हाल ही में पाकिस्तानी सेना के कई ठिकानों पर हमले किए हैं, जिससे पाकिस्तान के भीतर की अस्थिरता को और भी बढ़ावा मिला है। जनरल मुनीर का यह कहना कि बलूचिस्तान पाकिस्तान का अभिमान है और कोई इसे नहीं छीन सकता, इस बात का स्पष्ट संकेत है कि उन्हें बलूचिस्तान की स्थिति को लेकर गंभीर चिंता है। पाकिस्तान के भीतर के लोग यह सवाल कर रहे हैं कि आखिर कब तक कश्मीर के नाम पर उन्हें गुमराह किया जाएगा, जब उनके घरों में रोटियां पकने की स्थिति नहीं है? यह सवाल पाकिस्तान की युवा पीढ़ी में और सोशल मीडिया पर गहराई से उठ रहा है, जहां सेना की आलोचना अब आम बात हो गई है। कई लोग खुलकर कह रहे हैं कि भारत के साथ फिर से मिल जाना ही बेहतर होता, जो एक संकेत है कि पाकिस्तान में अब लोग अपनी असल समस्याओं के बारे में गंभीर हो रहे हैं। जनरल मुनीर ने अपने भाषण में विदेशों में बसे पाकिस्तानियों से अपील की कि वे अपने बच्चों को यह सिखाएं कि पाकिस्तान क्यों बना और हिंदू और मुसलमान कभी एक जैसे नहीं हो सकते। उनका यह बयान पाकिस्तान की संस्कृति और पहचान को हिंदुओं से श्रेष्ठ बताने वाला था, जबकि आज की वैश्विक दुनिया में यह सोच पूरी तरह से अप्रासंगिक हो चुकी है। टू नेशन थ्योरी, जिसकी नींव पर पाकिस्तान बना था, वह 1971 में ही धराशायी हो गई थी, जब बांग्लादेश ने पाकिस्तान से अलग होकर अपनी स्वतंत्रता प्राप्त की थी। यह विभाजन यह साबित करता है कि धर्म के आधार पर बनी राष्ट्र अवधारणा टिकाऊ नहीं हो सकती, और पाकिस्तान की असफलता इस सिद्धांत का प्रमाण बन चुकी है। आज बलूच, सिंधी और पख्तून समुदाय भी अपनी अस्मिता की लड़ाई ड़रहे हैं, और यही पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा खतरा है। जनरल मुनीर को यह डर सता रहा है कि अगर उन्होंने हिंदुओं के खिलाफ नफरत का एजेंडा नहीं चलाया, तो पाकिस्तान की नई पीढ़ी उनसे सवाल पूछेगी। इसलिए वह कमजोर और अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय को एक बार फिर दुश्मन के तौर पर पेश कर रहे हैं, जबकि पाकिस्तान में बचे-खुचे हिंदू समुदाय की स्थिति बेहद दयनीय है। 1947 में पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी 23 प्रतिशत थी, जो आज घटकर महज 3 प्रतिशत रह गई है। या तो वे पलायन कर गए, मारे गए, या फिर धर्म परिवर्तन के लिए मजबूर कर दिए गए। फिर भी, जनरल मुनीर को इनसे डर क्यों लगता है? क्योंकि वह जानते हैं कि यदि नफरत का यह माहौल समाप्त हो गया, तो पाकिस्तान के सत्ता ढांचे की बुनियाद हिल जाएगी। पाकिस्तान की मशहूर सीरीज जिंदगी गुलज़ार है में भी यह दिखाया गया था कि पाकिस्तान में हिंदुओं को किस प्रकार हाशिए पर रखा जाता है, और यह किसी से छिपा नहीं है कि पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों की स्थिति बहुत खराब है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब अल्पसंख्यक समुदाय पहले से ही इतना शोषित है, तो उनके खिलाफ नफरत फैलाने की आवश्यकता क्यों महसूस की जा रही है? अंतरराष्ट्रीय पत्रकार और न्यूयॉर्क टाइम्स के लेखक ताहा सिद्दीकी ने एक्स पर लिखा था कि जनरल असीम मुनीर बच्चों के दिमाग में जहरीली सोच भरना चाहते हैं ताकि उनका ब्रेनवॉश किया जा सके। उन्होंने कहा कि मुनीर दो राष्ट्र सिद्धांत का प्रचार कर रहे हैं, जो 1971 में ही असफल हो चुका था। यह बयान यह दर्शाता है कि जनरल मुनीर पाकिस्तान के भीतर की अस्थिरता और विघटन को लेकर बेहद चिंतित हैं। परवेज मुशर्रफ, जिन्होंने कारगिल युद्ध छेड़कर भारत से सीधा टकराव किया था, उन्होंने भी कश्मीर को हथियाने के लिए हर संभव प्रयास किया था। उन्होंने आतंकवाद को राज्य नीति का हिस्सा बनाया और भारत में कई आतंकवादी हमले कराए थे। अब जनरल मुनीर भी वही भाषा बोल रहे हैं। इससे यह सवाल उठता है कि क्या पाकिस्तान फिर से वही आत्मघाती रास्ता अपनाना चाहता है? :: एजेंसी



# राहुल तैयार कर रहे हैं कांग्रेस की सियासी ज़मीन

विधानसभा चुनाव की घड़ी करीब आती जा रही है। चंद महीनों बाद यहां नई सरकार का गठन होना है। सरकार बनाने के लिये एनडीए और इंडिया गठबंधन के साथ-साथ मैदान में जन सुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर और ओवैसी भी अपना भविष्य तलाश रहे हैं। बिहार में अगला सीएम कौन होगा,इसको लेकर एनडीए ने तो साफ कर दिया है कि उनकी तरफ से नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री पद के दावेदार हैं,लेकिन इंडिया गठबंधन या महागठबंधन में शामिल कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल यानी आरजेडी के बीच भावी सीएम को लेकर कोई नाम नहीं तय हो पाया है,जबकि आरजेडी तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का चेहरा बता रहे हैं। यह सब तब देखने को आ रहा है जबकि कांग्रेस और राजद के बीच रिश्ता दशकों पुराना है।मगर अब लगता है कि दोनों ही दल इसे आगे बढ़ाने के मूड में नहीं हैं। इसी के चलते मौजूदा दौर में यह गठबंधन एक बेहद नाजुक मोड़ पर खड़ा नजर आ रहा है। लालू यादव और सोनिया गांधी की दोस्ती ने वर्षो तक दोनों दलों के संबंधों को मजबूती दी, लेकिन देखने में यह आ रहा है कि जबसे राहुल गांधी ने कांग्रेस की कमान अपने हाथों में लीं हैं, तबसे यह रिश्ता लगातार खिंचाव का शिकार होता जा रहा है। यह खिंचाव केवल राजनीतिक फैसलों में नहीं, बल्कि वैचारिक टकराव और नेतृत्व के बीच भरोसे की कमी में भी दिखाई देता है। सबसे बड़ी बात यह है कि राहुल गांधी बिहार में तेजस्वी के समानांतर कांग्रेस के एक नेता को उभारना चाह रहे हैं।

राहुल गांधी का कन्हैया कुमार को बिहार में आगे करना और समय-समय पर उनका साथ देना, आरजेडी को साफ तौर पर चुभता है। लालू यादव को यह डर सताता है कि कांग्रेस कहीं उनके यादव वोट बैंक में सेंध न लगा ले, और यही डर तेजस्वी यादव के व्यवहार में भी झलकता है। तेजस्वी खुद को बिहार की राजनीति में एकमात्र विकल्प के रूप में स्थापित करने में लगे हैं, और ऐसे में कन्हैया कुमार जैसे नेताओं का उभार उन्हें असहज कर देता है। यह असहजता सिर्फ जातिगत समीकरणों की वजह से नहीं है, बल्कि कांग्रेस की बदली हुई रणनीति का संकेत भी देती है, जिसमें वह अब खुद को हर वर्ग में स्वीकार्य बनाना चाहती है, चाहे वह सवर्ण हों, दलित हों या यादव। लेकिन समस्या यह है कि लालू यादव कांग्रेस को सवर्णो की राजनीति करने से नहीं रोकते, लेकिन जैसे ही कांग्रेस बिहार के यादव या दलित वोट बैंक में हाथ डालती है, उन्हें परेशानी होने लगती है। पप्पू यादव और कन्हैया कुमार ये दोनों चेहरे लालू यादव के लिए खतरे की घंटी बन गए हैं। खासकर तब, जब ये दोनों नेता सामाजिक न्याय की वही भाषा बोलते हैं जिसे लालू यादव ने दशकों पहले गढ़ा था। पप्पू यादव का क्षेत्रीय प्रभाव और कन्हैया कुमार की वैचारिक पकड़, दोनों ही आरजेडी को अस्थिर कर सकते हैं और राहुल गांधी का इन दोनों को प्रमोट

**आरजेडी चाहती है कि मुस्लिम वोट पूरे तौर पर उनके पास रहें, लेकिन कांग्रेस के सक्रिय होने से इस समीकरण में दरार आने लगी है। बात यहीं तक सीमित नहीं है राजेश कुमार को बिहार कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने पर भी लालू यादव की नाराज हैं। वे चाहते थे कि अध्यक्ष वही बने जो उनके करीब हो, लेकिन राहुल गांधी ने राजेश को चुना जो दलित समाज से आते हैं और कांग्रेस को इस वर्ग में पैठ दिलाने की कोशिश कर रहे हैं। लालू यादव की आपत्ति इस बात पर है कि कांग्रेस अगर दलित और यादव, दोनों वोट बैंक में सेंध लगाने लगी तो आरजेडी की प्रासंगिकता क्या रह जाएगी?**

करना, आरजेडी को यह समझाने का संकेत है कि कांग्रेस अब सिर्फ सहायक दल बनकर नहीं रहना चाहती,लेकिन यह टकराव सिर्फ वैचारिक या जातिगत नहीं है, बल्कि नेतृत्व के सवाल पर भी है। कांग्रेस बिहार में तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करने से कतरा रही है, जबकि आरजेडी स्पष्ट रूप से यह ऐलान कर चुकी है। तेजस्वी की अगुवाई में महागठबंधन की बैठकें हो रही हैं, कोआर्डिनेशन कमेटी बनी है और सब कुछ ऐसा लग रहा है जैसे चुनावी रणनीति उनके नेतृत्व में ही तैयार हो रही हो। लेकिन कांग्रेस का यह मानना कि तेजस्वी का नाम सामने लाकर चुनाव लड़ने से दलित, सवर्ण और गैर-यादव पिछड़ा वर्ग उनके साथ नहीं आएगा, यह दिखाता है कि दोनों दलों की सोच में गहरा फासला है। यह वही कांग्रेस है जिसने कभी लालू यादव के भ्रष्टाचार मामलों में फंसे होने के बावजूद खुलकर उनका समर्थन किया था, लेकिन अब वह अपनी अलग राजनीतिक पहचान बनाना चाहती है। राहुल गांधी की रणनीति यह है कि जैसे 2024 के लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री पद का चेहरा नहीं घोषित कर इंडिया गठबंधन ने लड़ा, वैसे ही बिहार में भी मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर सस्पेंस बना रहे ताकि सभी जातियों और वर्गो के वोट एक साथ जोड़े जा सकें। लेकिन लालू और तेजस्वी के लिए यह रणनीति उनकी स्वीकार्यता और नेतृत्व क्षमता पर सीधा सवाल है। गौरतलब है लालू यादव हमेशा से अपने मुस्लिम-यादव समीकरण पर भरोसा करते रहे हैं, और इसी समीकरण को बचाए रखने के लिए वे कांग्रेस को इस दायरे में आने से रोकना चाहते हैं। 2019 में जब कांग्रेस का मुस्लिम चेहरा किशनगंज से जीत गया, और 2020 में कांग्रेस के चार मुस्लिम विधायक विधानसभा में पहुंचे, तो यह आरजेडी के लिए एक तरह की चेतावनी थी। आरजेडी चाहती है कि मुस्लिम वोट पूरे तौर पर उनके पास रहें, लेकिन कांग्रेस के सक्रिय होने से इस समीकरण में दरार आने लगी है। बात यहीं तक सीमित नहीं है राजेश कुमार को बिहार कांग्रेस अध्यक्ष बनाए जाने पर भी लालू यादव की नाराज हैं। वे चाहते थे कि अध्यक्ष वही बने जो उनके करीब हो, लेकिन राहुल गांधी ने राजेश को चुना जो दलित समाज से आते हैं और कांग्रेस को इस वर्ग में पैठ दिलाने की कोशिश कर रहे हैं। लालू यादव की आपत्ति इस बात पर है कि कांग्रेस अगर दलित और यादव, दोनों वोट बैंक में सेंध लगाने लगी तो आरजेडी की प्रासंगिकता क्या रह जाएगी? राहुल गांधी का जातिगत जनगणना पर आक्रामक रुख भी लालू यादव को अखरता है। लालू खुद कास्ट सेंसस के सबसे बड़े समर्थक रहे हैं, और जब राहुल गांधी ने बिहार सरकार द्वारा कराई गई जातीय गणना को फर्जी बता दिया था, तब यह एक सीधी चुनौती की तरह लगा। यह बयान, उस वक्त आया जब आरजेडी इसे अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि बता रही थी, और महागठबंधन इसे प्रचारित कर रहा था। यह और बात है कि राजद इस पर खुलकर नहीं बोल रही है। कहा तो यह भी जा रहा है कि तेजस्वी यादव चाहे जितना भी दावा करें कि महागठबंधन में कोई विवाद नहीं है, लेकिन सच यही है कि महागठबंधन एक बेहद असहज समझौते पर चल रहा है। कांग्रेस का अंदरखाने यह मानना है कि तेजस्वी की स्वीकार्यता सीमित है, और अगर वे चेहरा बनते हैं, तो कांग्रेस को नुकसान हो सकता है। :: एजेंसी

# रंग, राग और ट्रेजरी

होली तो बीत गई लेकिन होली के बिल ने सियासत में खलबली मचा दी। यह बिल पब्लिक तक कैसे पहुंचा, यह उसी तरह जांच का विषय है जैसे सुरक्षा के सारे बैरियर लांघ कर नशे की खेप सूबे में पहुंच जाती है। बंद कमरे की कैबिनेट में दो मंत्रियों के बीच हुई बहस जनता के कानों तक पहुंच जाती है। विपक्ष के नेता की फाइल विजिलेंस तक पहुंच जाती है और प्रेमिका के साथ हुई चैटिंग बीवी तक पहुंच जाती है। खैर बात होली के बिल की करते हैं। होली इस बार भी अपने साथ ढोल, ढमाके और सरकारी फिजूलखर्ची का गुलाल लेकर आई। सोसाइटी की छत पर जब अफसरों के 'संस्कारिक' दोस्त इकट्ठा हुए, तो माहौल कुछ यूं बना जैसे सदन का बजट सत्र चल रहा हो- हर टेबल पर एक योजना, हर गिलास में एक नीति और हर ठुमके में जनकल्याण का वादा। कहने को सभी शाकाहारी, लेकिन बोतलों से निकलता सियापा पूछ रहा था- 'किसी ने मुर्गा तो नहीं छुपाया?' डीजे बजा- 'लाल चुनरिया ओढ़ केज' और साहब का ठुमका देखकर ट्रेजरी भी झूम उठी- 'अबे पैसा है तो बहा दोज्होली है!' बिल बना, खर्चा दर्ज हुआ और होली के रसगुल्ले के साथ बिल ट्रेजरी की गोद में डाल दिया गया। अब भले ही ठेकेदार रोएं, पेंशनर लाइन लगाएं या शहीद परिवार अपनी आंखों में सवाल लिए खड़े हों- ट्रेजरी की मर्जी से ही पैसा टपकेगा। क्योंकि अभी तो ट्रेजरी भी होली के नशे में झूम रही है और कह रही है, 'पहले होलीजफिर बाकी जीवन!' सरकार महान है- क्योंकि वह जानती है कि खुश अधिकारी, चुस्त सरकार। अधिकारी मस्त रहेंगे, तभी देश आगे बढ़ेगाज्भले ही पीछे ट्रेजरी में फाइलें सड़ती रहें। सरकार खुश है और खुशी-खुशी में अफसरों को एक्सटेंशन दे देती है। अफसर सरकार के बड़े काम के हैं, क्योंकि सरकार के सारे राज जानते हैं। सरकार भी यह गीत गाती है कि, 'राज को राज रहने दो', और फिर मंच पर एक सनकी व्यंग्यकार आता है। कोई उसे गंभीरता से नहीं लेता, क्योंकि वो बोलता है 'डंके की चोट पर!' वो पूछता है, 'सरकार का दिल कहां है?' सरकार मुस्कुराती है- 'दिल तो दीवाना है और होली में तो और भी ज़्यादा!' अब जिनके व्हाट्सएप पर पार्टी का बिल झूमते झूमते घूम रहा है, वे अपनी टिप्पणियां सोशल मीडिया पर दर्ज करने लगते हैं। टिप्पणियां बड़ी मजेदार हैं। सुनिए- रंगों के इस पावन पर्व पर जिस अफसर ने सरकारी कार में दारू के ढक्कन लुढ़ाए, उसे राष्ट्रसेवा का पदक मिलना चाहिए, क्योंकि उसने जीएसटी की बिक्री बढ़वाई। जिन्होंने सरकारी बंगले में पार्टी दी, उन्हें 'हास्य-सेवा' सम्मान-देश की टेंशन दूर करने का इससे अच्छा तरीका और क्या होगा, जानो सरकार जान! बिल ट्रेजरी में अटका है? अरे अटकने दीजिए! शहीद का बेटा इंतजार कर लेगा, लेकिन अफसर का झूमता नाश्ता ज़रूरी है- देश तभी तो टिकेगा। कर्मचारी बोले- 'सर हमारी दवाई के पैसे?' अफसर बोले- 'पहले ये बताओ, रंग कौनसा लगवाओगे?' पेंशनर बोले- 'मेरी पेंशन क्यों रुकी?' सरकारी जवाब- 'क्योंकि बजट होली की थाली में सजाई गई है, चाचा!' ठेकेदार रो रहा है- ऐसी खबर जब आई, तो होली के मंच से माइक ने जवाब दिया- 'बजट की होली में भावना नहीं, योजना बहती है भाई!' इस बीच ट्रेजरी ने भी घोषणा की- 'जो नाचेगा, वो पाएगा!' डांस फ्लोर पर आया बिल, तो अफसर बोला- 'इसमें रंग नहीं है, इसे होल्ड पर रख दो!' बिल का रंग भगवा हो या नीला, ट्रेजरी तभी खुलेगी जब डीजे 'लाल रंगवा चुनरिया' बजा देगा। और तब तक, देश का आम आदमी बस देखता रहेगाज्कभी ढोल की थाप पर.. कभी नोटों की छांव में।



# आज भी प्रासंगिक हैं अम्बेडकर के विचार

देश में हाल ही में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती मनायी गयी। डॉ. अंबेडकर भारत के समाज और राजकीय व्यवस्था के लिए आज भी अत्यंत प्रासंगिक बने हुए हैं। समाज के सभी वर्ग और विशेष रूप से सभी राजनीतिक दल उनकी विरासत का दावा करने के लिए प्रयासरत रहते हैं। इस दावे की यह लड़ाई तेजी से कटु हो रही है। इसका मतलब यह नहीं है कि अंबेडकर सभी लोगों के लिए सब कुछ हो सकते हैं। इसका सीधा सा मतलब है कि लोग अपने स्वयं के हितों के अनुरूप उनके लेखन, भाषणों और कथनों का इस्तेमाल करते हैं।

अंबेडकर को समझने, उनकी व्याख्या करने या उन पर रिपोर्ट देने का सबसे अच्छा तरीका है कि उनके मूल लेख को उद्धृत किया जाए। अंबेडकर को पढ़ना और बार-बार पढ़ना निश्चित रूप से लाभकारी है जो नई अंतर्दृष्टि प्रदान करता है। यह भी उल्लेखनीय है कि वे अपने लेखन और भाषणों में कितने दूरदर्शी थे। उदाहरण के लिए, संविधान को अपनाने से ठीक दो महीने पहले, 26 नवंबर, 1949 को संविधान सभा के समापन सत्र में उनके सबसे प्रसिद्ध भाषणों में से एक का जिक्र करें। उस भाषण के अंतिम भाग में वे कहते हैं-हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि इस स्वतंत्रता ने हम पर बड़ी जिम्मेदारियां डाल दी हैं। आजादी के बाद कुछ भी गलत होने के लिए अंग्रेजों को दोषी ठहराने का बहाना हमने खो दिया है। अगर इसके बाद चीजें गलत हो जाती हैं तो हम अपने को छोड़कर किसी और को दोषी

**संविधान के क्रियान्वयन करने के लिए राज्य के अंगों- न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका के कार्य की आवश्यकता है। फिर भी ये अंग किस तरह से काम करते हैं यह लोगों व राजनीतिक दलों पर निर्भर करेगा। संविधान का कामकाज इसमें काम करने वाले लोगों की अच्छाई या ईमानदार इरादों पर निर्भर करता है।**

नहीं ठहरा सकेंगे। इसके बाद उन्होंने भारत के नवजात लोकतंत्र के लिए तीन जबरदस्त खतरों का उल्लेख किया। पहला है, राजनीति में नायक-पूजा या व्यक्तित्व पंथ बनाने की प्रवृत्ति। उन्होंने कहा, श्भारत में भक्ति या जिसे नायक-पूजा का मार्ग कहा जा सकता है, राजनीति में एक भूमिका निभाती है जिसकी तुलना दुनिया के किसी भी अन्य देश की राजनीति में नहीं होती है। धर्म में भक्ति, आत्मा के उद्धार का मार्ग हो सकती है लेकिन राजनीति में, भक्ति या नायक-पूजा पतन और अंततरू तानाशाही के लिए एक निश्चित मार्ग हैश। ये शब्द आज पहले से कहीं अधिक सच हैं। यह भी विडंबना है कि जिस व्यक्ति ने पंथ पूजा के खिलाफ चेतावनी दी थी, वह स्वयं पंथ पूजा की वस्तु बन गया है। वर्तमान परिदृश्य में डॉ. अंबेडकर की कोई भी आलोचना असहनीय होती जा रही है। अंबेडकर का गणतंत्र आहत भावनाओं के गणतंत्र में परिवर्तित हो रहा है जो जरा सी कथित धमकी होने पर आपराधिक मुकदमा चलाने को आमंत्रित करता है। अंबेडकर ने जिस दूसरे खतरे की ओर इशारा किया, वह यह चेतावनी थी कि संविधान में निहित राजनीतिक समानता बढ़ती सामाजिक और आर्थिक असमानता के साथ उत्तरोत्तर असंगत होती जा रही है। उन्होंने एक सामाजिक लोकतंत्र की वकालत की थी जिसका अर्थ है जीवन का एक तरीका जो (बुनियादी) सिद्धांतों के रूप में स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व को मान्यता देता हैश। उन्होंने चेतावनी दी कि खतरा यह है कि अगर बढ़ती (सामाजिक और आर्थिक) असमानता को दूर करने के लिए कुछ नहीं किया गया तो वे लोग जो वंचित और उत्पीड़ित थे, वे लोकतंत्र की शानदार इमारत को उड़ा देंगे जिसे उसके संस्थापकों ने इतनी मेहनत से बनाया था। उन्होंने यह चेतावनी नक्सली हिंसा की पहली घटना से लगभग 20 साल पहले दी थी। नक्सली हिंसा की शुरुआत 1960 के दशक के अंत में हुई जो हाल के दिनों में तेजी से बढ़ी है। हमारे चारों ओर हर जगह आर्थिक असमानता के साथ लोकतांत्रिक समानता की विसंगति के उदाहरण हैं। बढ़ते कल्याणकारी राज्य की संकल्पना और मुफ्त उपहार या सब्सिडी जो भी उन्हें कहा जाता है, अमीरों पर कर लगाकर असमानता की खाई को पाटने का एक कमजोर प्रयास है। अमेरिका में ट्रम्प का दूसरी बार राष्ट्रपति बनना लोकतांत्रिक अमेरिका में पूंजीवादी व्यवस्था की विफलता के कारण बढ़ती आर्थिक असमानता को दूर करने के लिए है। ट्रम्प का समर्थन काफी हद तक उस वर्ग से आता है जिसकी पारिवारिक आय, जीडीपी का आकार बढ़ने और शेयर बाजार की संपत्ति बढ़ने के बावजूद दशकों से स्थिर है। यूके में 2016 ब्रेक्सिट वोट भी मुख्य रूप से उन लोगों द्वारा किया गया था जो यह महसूस करते थे कि वे वैश्वीकरण की ताकतों द्वारा पीछे छोड़ दिए गए हैं। अंबेडकर ने 1949 के उस भाषण में जिस तीसरे खतरे का उल्लेख किया था, वह है संवैधानिक तरीकों की पवित्रता की रक्षा करने की आवश्यकता। :: चर्चित डेस्क

# आज का राशिफल

**मेषः**- समय के साथ समझौता करके चलने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझें और स्वयं को उसी ओर केंद्रित करें। पत्नी के साथ मधुर वणी का प्रयोग करें। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**वृषभः**- हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व जानकार लोगों से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें। नये व्यावसायिक यात्राओं का योग है।

**मिथुनः**- निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुंदर छवि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनचर्या के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। घर में खुशहाली होगी।

**कर्कः**- भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन असंतुष्ट रहेगा। जरूरी कार्यो में आलस्य का त्याग करें।

**सिंहः**- पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति हेतु चिंता उत्पन्न होगी। अपने स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति भी ध्यान दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित साधन लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः**- परिवार की छोटी-छोटी बातों को बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। रोजगार में व्यस्तता रहेगी।

**तुलाः**- कोई छोटी बात भी परिवार में तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता हेतु नये उत्साह का संचार होगा। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी। भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुरत होंगे।


**वृश्चिकः**- स्वयं को सही दिशा और लक्ष्य की ओर केंद्रित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंध के प्रति विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे।

**धनुः**- किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धित्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकरः**- बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिले-जुले संयोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**कुम्भः**- शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा।

**मीनः**- महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुिष्ट पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर ही रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।



राशि रत्न






योगी पहुंचे गोरखपुर, शनिवार को कई कर्यक्रमों में हुये शामिल, सोशल मीडिया पर मुख्यमन्त्री ने लिखा-जनपद गोरखपुर के विकास को गति प्रदान करते हुए आज 1,498 करोड़ रुपये की लागत से 146 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। नए भारत के नए उत्तर प्रदेश में अन्नदाता किसान का सम्मान है, व्यापारी और बेटी की सुरक्षा है और नौजवानों के रोजगार की गारंटी है। जनपद वासियों को हार्दिक बधाई! : चर्चित राजनीति

# एक राष्ट्र, एक चुनाव पर प्रबुद्ध समागम कार्यक्रम का आयोजन सम्पन्न, प्रबुद्धजनों ने रखे अपने विचार

**चर्चित राजनीति। एजेंसी**



**हरदोई।** एक राष्ट्र, एक चुनाव पर प्रबुद्ध समागम कार्यक्रम का आयोजन नगर के जे.के पब्लिक स्कूल में संपन्न हुआ।कार्यक्रम प्रबुद्ध वर्ग के संयोजक अविनाश मिश्र, कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने की। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दिनेश प्रताप सिंह ने अपने विचारों को प्रबुद्ध वर्ग के साथ साझा किया।

राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कार्यक्रम में प्रबुद्ध वर्ग की अहमियत के विषय पर कहा कि देश में जब भी कोई बड़ा विचार स्थापित करने का प्रयास होता है तो उसका समर्थन और प्रतिकार करने का दायित्व देश के प्रबुद्ध वर्ग का होता है। प्रबुद्ध वर्ग से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप में सैकड़ों हजारों और लाखों लोगों का उठना बैठना और मिलना होता है। उनके विचार समाज कल्याण के लिए होते हैं। कहा कि 2014 में प्रबुद्ध वर्ग ने देश में एक सशक्त नेता के विचारों का समर्थन किया। प्रबुद्ध वर्ग का वह निर्णय दिखाता है कि सशक्त निर्णय और सशक्त नेतृत्व मिल जाए तो समाज और देश में अभूतपूर्व परिवर्तन तय है, विकास की अविरल गंगा का बहना तय है। कहा कि आज हम सब के सामने वक्फ बिल, कॉमन सिविल कोड और एक राष्ट्र एक चुनाव का गंभीर विषय खड़ा हुआ है। इन विषयों पर जहां विपक्ष एक तरफ भ्रांतियों पैदा कर देश को बांटने में लगा हुआ है, ऐसे में हम सब का दायित्व बनता है कि समाज के प्रत्येक नागरिक तक इन विषयों के लाभ गिनाए जाए। यह विषय खत्म हुए धारा 370 से कही कम नही है, जिसका समाधान हो गया तो भारत की आर्थिक, सामाजिक प्रगति में एक बड़ा क्रांतिकारी परिवर्तन होगा। सरकार ने 2 सितंबर 2023 को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक साथ चुनाव कराने पर उच्च स्तरीय समिति का गठन किया था। इसका प्राथमिक उद्देश्य यह पता लगाना था कि लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराना कितना उचित होगा। समिति ने इस मुद्दे पर व्यापक स्तर पर सार्वजनिक और राजनीतिक प्रतिक्रियाएं मांगीं और इस प्रस्तावित चुनावी सुधार से जुड़े संभावित लाभों और इसकी चुनौतियों का विश्लेषण करने के लिए विशेषज्ञों से परामर्श किया। जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव भारत की नई पीढ़ी का उज्ज्वल भविष्य तय करेगी। हजारों लाखों करोड़ जो चुनाव में खर्च होते है, वह धनराशि देश के युवा वर्ग के विकास में खर्च होगी।

कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष श्रीकृष्ण शास्त्री, राजीव रंजन मिश्र, प्रोफेसर वी डी शुक्ला, उपाध्यक्ष कर्मवीर सिंह, संयोजक जिला महामंत्री सत्येंद्र राजपूत, सह संयोजक अविनाश मिश्रा, आर आर इंटर कॉलेज प्रबंधक कीर्ति सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्रा मधुर, संजय शोभना सिंह, सह जिला उपाध्यक्ष संदीप सिंह, प्रीतेश दीक्षित, मंत्री नीतू चंद्रा, जिला मीडिया प्रभारी गांगेश पाठक, प्रचार मंत्री संदीप अवस्थी, रिटायर्ड अधिकारी एसके अग्निहोत्री, अरविंद सिंह भालोद,मानवेंद्र सिंह, गौरव अग्रवाल, सह मीडिया प्रभारी परेश गुप्ता, सत्यम शुक्ल, सोशल मीडिया संयोजक प्रद्युम्न मिश्रा, अनुराग श्रीवास्तव, महिला मोर्चा अध्यक्ष अलका गुप्ता, डॉ चित्रा मिश्रा, अनुपमा सिंह, नगर अध्यक्ष मुदित बाजपेई, निधि सिंह, अंकित पांडे, शुभम, पंकज सिंह, आशीष शुक्ला, बॉबी गुप्ता, एनजीओ संयोजक मुकुल सिंह, अनुराधा मिश्रा, चेतना शुक्ला , पारिशा तिवारी, प्रियंका सिंह आदि उपस्थित रहे।

## बारात में बैंड पर फर्माइशी गाना बजाने को लेकर दो समुदायों में जमकर चले ईंट-पत्थर, पथराव में चार घायल, चार गिरफ्तार

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**हरदोई।** जिले में शुक्रवार की रात आयी बारात में बैंड पर फर्माइशी गाना बजाने को लेकर दो समुदायों में जमकर बवाल हुआ। कई घंटो तक ईट पत्थर चले,उपद्रवियों ने घर में घुसकर भी तोड़फोड़ की। घटना की जानकारी के बाद पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से मुकदमा दर्ज कर चार लोगों को हिरासत में ले लिया है। जिले में हरपालपुर कस्बा निवासी रुखसाना 55 पत्नी गुड्डू ने थाने में दी गई तहरीर में बताया है कि गांव के ही अजय सिंह उर्फ कल्लू की पुत्री शिखा सिंह की फर्रुखाबाद जनपद के राजेपुर थाना क्षेत्र के नयागांव जैनापुर से बारात आई थी।जिसमें 10 अज्ञात लोगों ने उनके घर में घुसकर ईट पत्थर लाठी डंडों से हमला बोल दिया।जिसमें वह व उसकी बहू रेशमा 30 गंभीर रूप से घायल हो गई है।

आरोपियों ने उसके व पड़ोसी चँदबाबू के घर में घुसकर जमकर तोड़फोड़ की है।बाराती पक्ष से फर्रुखाबाद जनपद के राजेपुर थाना क्षेत्र के नयागांव निवासी गौतम सिंह ने दी गई तहरीर में बताया कि वह अपने भाई गौरव सिंह की बारात हरपालपुर कस्बे में लेकर आया था।वहां पर मुस्लिम समाज के लोगों ने हमला बोल दिया।जिसमें उसका साथी सुमित गंभीर रूप से घायल हो गया है।पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर 24 अज्ञात आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है।पड़ोस में स्थित मस्जिद पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।घटना की जानकारी मिलने पर रात में ही क्षेत्राधिकारी शिल्पा कुमारी ने मामले की जांच पड़ताल की है।प्रभारी निरीक्षक बालकृष्ण मिश्र ने बताया कि राजेपुर थाना क्षेत्र के उजरामऊ गॉव निवासी अतुल, डबरी गांव निवासी गुलाब सिंह हरपालपुर कस्बा निवासी फरजान व अंशु द्विवेदी को गिरफ्तार किया गया है और अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

बताया गया कि बारात में फरजान का बैंड था,इस दौरान अलग-अलग बारातियों के गुट फर्माइशी गाने बजाने की जिद करने लगे।फरजान ने किसी एक की फरमाइश पूरी करने की बात कही जिस पर बारातियों ने उसे गाली गलौज किया।विरोध करने पर बारातियों ने उसके साथ मारपीट की,पड़ोस में ही स्थित अपने घर में फरजान ने शरण ली तो बारातियों ने पत्थर बाजी की।जिसके बाद बाराती और दूसरे समुदाय के लोग आमने सामने आ गए और दोनों समुदायों के लोगों के बीच जमकर पत्थरबाजी और मारपीट हुई।पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है और कार्रवाई में जुट गई है।

## फास्टैग कर्मी को अपहरण कर मारपीट करने वाले नामजद सहित तीन गिरफ्तार



**हरदोई, चसं।** सुरसा थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा पर फास्टैग कर रहे कर्मचारी को कन्नौज जनपद निवासी बोलेरो सवार चार लोगों ने जबरदस्ती गाड़ी में खींचकर गाली गलौज मारपीट करने के मामले में एसपी के निर्देश पर पुलिस ने एक नामजद सहित तीन आरोपियों को घटना में प्रयुक्त बोलेरो के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।प्राप्त विवरण में 19 अप्रैल को प्रदीप कुमार पुत्र रामदास निवासी पकरिया थाना बघौली द्वारा थाना सुरसा पर तहरीर दी कि शुक्रवार की शाम को बल्लीपुर टोल प्लाजा पर फास्टैग लगाने कार्य करते समय एक काले रंग की गाड़ी में बैठे चार लोग गिरीश, रामजी निवासीगण कन्नौज व दो अज्ञात लोगों द्वारा उसको जबरन गाड़ी में बैठा लिया तथा गाली-गलौज व मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए गाड़ी से उतार दिया।पीड़ित द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए घटना में संलिप्त आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

## पश्चिम बंगाल में हिंदुओं के साथ हो रही हिंसा के खिलाफ विहिप का जोरदार प्रदर्शन

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**



**हरदोई।** पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचारों और हिंसा को लेकर विहिप कार्यकर्ताओं ने ममता बनर्जी सरकार के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया और शहर के सिनेमा चौराहे पर प्रदर्शनकारियों ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का विरोध करते हुए इस्लामिक जिहाद का पुतला फूंका और केंद्र सरकार से बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं में खासा आक्रोश देखने को मिला। शहर के सिनेमा चौराहे पर जय श्रीराम ममता सरकार हाय-हाय हिंदू विरोधी सरकार मुर्दाबाद जैसे नारे गूंजते रहे। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल में योजनाबद्ध तरीके से हिंदुओं को निशाना बनाया जा रहा है और ममता सरकार इस पर आंखें मूंदे बैठी है।विहिप द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि बंगाल में वक्फ कानून की आड़ में हिंदुओं को टारगेट किया जा रहा है। मुर्शिदाबाद में मुस्लिम भीड़ द्वारा सैकड़ों हिंदू घरों और दुकानों को जलाया गया, महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार हुआ और सैकड़ों लोगों को मजबूरन पलायन करना पड़ा। इसके बावजूद राज्य सरकार कार्रवाई करने के बजाय दंगाइयों का समर्थन कर रही है। ममता सरकार राष्ट्र विरोधी और हिंदू विरोधी तत्वों को खुली छूट दे रही है।

बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की बढ़ती सक्रियता राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है। इसलिए आवश्यक है कि केंद्र सरकार हस्तक्षेप करे और बंगाल में राष्ट्रपति शासन लागू करे। साथ ही एनआईए से हिंसा की जांच कराई जाए और दोषियों को कड़ी सजा दी जाए।पुतला दहन के समय शहर के सिनेमा चौराहे पर काफी पुलिस फोर्स तैनात रही। पुतला छीनने के चक्कर में शहर कोतवाल संजय त्यागी के कपड़ों में आग की चिंगारी पड़ गयी जिसको बुझा लिया गया।

## अविवादित वरासत के प्रकरण को प्राथमिकता पर निस्तारित किया जाय




**चर्चित राजनीति। संवादाता**

**हरदोई।** तहसील सभागार संडीला में आयोजित तहसील समाधान दिवस में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह व पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने आमजन की समस्याओं को सुना। लोगों की शिकायत सुनते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि चकरोड मार्ग से अवैध कब्जे हटाए जाएं। पैमाइश के प्रकरणों को अनावश्यक रुप से लंबित न रखा जाये। अविवादित वरासत के प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाये।

म्यूटेशन के वादों को अनावश्यक रुप से ख़ारिज न किया जाये। सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे के मामले में त्वरित कार्रवाई की जाये। कृषि भूमि पर

### गाँव में विवाद होने की स्थिति में पुलिस टीम तत्काल मौके पर जायें

किसी विवाद के मामले में राजस्व टीम पुलिस टीम के साथ मौके पर जाये। आय प्रमाण पत्र जारी करने से पूर्व अच्छी तरह से सत्यापन कर लिया जाये। फत्तेपुर ग्राम के गलत आय प्रमाणपत्र जारी करने के एक प्रकरण में लेखपाल राहुल रस्तोगी को निलंबित करने के निर्देश दिए। झरोइया ग्राम में गलत अंश निर्धारण को दुरुस्त करने में देरी पर कानून गो व लेखपाल को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। संडीला विकास खण्ड के ग्राम सिकरोरी के मजरा नटपुरवा की रन्नो ने शिकायत की कि उनको एक वर्ष से अधिक समय से मनरेगा मजदूरी नहीं मिली है। जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए तत्काल उपायुक्त मनरेगा व बीडीओ को 10 दिन में मजदूरी दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्रवाई न होने पर सम्बंधित की जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने कहा कि शिकायत निस्तारण में गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाये। पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने कहा कि गाँव में किसी विवाद की स्थिति में पुलिस टीम तत्काल मौके पर जाये। गरीब व्यक्ति को न्याय दिलाने के लिए त्वरित कार्रवाई की जाये। इस अवसर पर पीडी पीपी त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी संडीला अरुणिमा श्रीवास्तव, जिला सूचना अधिकारी संतोषक कुमार व पुलिस क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र सिंह व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार एक बाल अपचारी पुलिस अभिरक्षा में



**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**हरदोई।** जनपद में चल रही वाहन चेकिंग के दौरान कोतवाली शहर पुलिस ने चोरी की बाइक सहित दो युवकों को गिरफ्तार किया है। एक बाल अपचारी भी पुलिस ने अभिरक्षा में लिया है।

प्राप्त विवरण में पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम एवं वारंटी/वांछित/जुआ/चोरी में संलिप्त अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत कोतवाली शहर पुलिस द्वारा शनिवार को वाहन चेकिंग के दौरान एक मोटरसाइकिल पर तीन सवारी होने के कारण रोका गया। पुलिस टीम द्वारा वाहन के कागजात न मिलने पर वाहन संख्या को ई-चालान एप से चेक किया तो उपरोक्त मोटर साइकिल सौरभ सिंह पुत्र परशुराम निवासी ग्राम नरसिघौली पोस्ट बिटौली थाना मिश्रिख जनपद सीतापुर के नाम पर पंजीकृत पायी गयी तथा एप मे दिये गये मोबाइल नम्बर से बात की गयी तो सौरभ सिंह द्वारा बताया गया की मेरी मोटरसाइकल अपाचे दिनांक 18 फरवरी को रात्रि में सीतापुर सचिवालय के पास से चोरी हो गयी थी। जिसके सम्बन्ध में तहरीर के आधार पर थाना नैमिसारणय जनपद सीतापुर में अभियोग पंजीकृत कराया गया था।कोतवाली शहर के उपनिरीक्षक रंजीत सिंह,प्रिंस कुमार,कुलदीप सिंह व पुलिस बल द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित शिवम गौतम पुत्र सुभाषचन्द्र निवासी जिगिनियापुर थाना टडियावां और अभिमन्यू उर्फ अभि पुत्र जगरूप निवासी कटटा गौठा थाना टडियावां को गिरफ्तार व एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया तथा उनके कब्जे से चोरी की एक अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की गई। इस संबंध में कोतवाली शहर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर दोनो आरोपियों को जेल भेज दिया है।बाल अपचारी को बाल संप्रेषण ग्रह भिजवाया गया है।

# संक्षिप्त समाचार

## एआईबीईए का 80वाँ स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया



**हरदोई, चसं।** यूपी बैंक इम्प्लाइज यूनियन ने अपने मूल राष्ट्रीय संगठन एआईबीईए का 80वें स्थापना दिवस पूरे उत्साह और धूमधाम से मनाया। आयोजित भव्य समारोह में एआईबीईए के सदस्यों, नेताओं और समर्थकों ने संगठन की ऐतिहासिक उपलब्धियों को याद किया। 1946 में शुरू हुआ यह आंदोलन उस समय के शोषणकारी कार्य वातावरण के खिलाफ था, जब कर्मचारियों को कम वेतन, असुरक्षित नौकरियाँ और भाई-भतीजावाद का सामना करना पड़ता था। 1966 से 2024 तक, 12 द्विपक्षीय समझौतों के माध्यम से वेतन, सेवा शर्तों और कर्मचारियों के सम्मान में क्रांतिकारी सुधार हुए। एआईबीईए एकमात्र ट्रेड यूनियन है जिसने सभी समझौतों पर हस्ताक्षर किए, जो इसकी एकता और नेतृत्व को दर्शाता है।वर्तमान में, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के निजीकरण का खतरा सबसे बड़ी चुनौती है। समारोह में वक्ताओं ने एआईबीईए ने कर्मचारियों से इस एजेंडे को विफल करने और बैंकिंग प्रणाली की रक्षा के लिए एकजुट होने की अपील की। वक्ताओं ने वेतन आयोग की वकालत को खारिज करते हुए द्विपक्षीय समझौता प्रणाली को कर्मचारियों के हितों के लिए सबसे प्रभावी बताया। वक्ताओं ने कहा कि यह स्थापना दिवस अतीत की उपलब्धियों पर गर्व करने, वर्तमान की चुनौतियों को समझने और भविष्य के लिए संघर्ष का संकल्प लेने का अवसर रहा। एआईबीईए अपने संस्थापकों की दूरदृष्टि को नमन करता है और सभी सदस्यों से एकजुटता के साथ आगे बढ़ने का आह्वान करता है। संगठन अपने समर्थकों और सहयोगियों का उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त करता है। अंत में सभी ने सामूहिक सौदेबाजी और द्विपक्षीयता बनाये रखने व सार्वजनिक क्षेत्र की बैंको को बचाये रखने का संकल्प लिया। आयोजन में प्रमुख रूप से राकेश पाण्डेय, वेद प्रकाश पाण्डेय, वर्षा मेहरोत्रा, अजय मेहरोत्रा, वीरबहादुर सिंह, दीपक बाजपेई, योगेंद्र मौर्य, बालेश्वर, धर्म सिंह, प्रिया सिंह, अमित पाण्डेय, राधेश्याम, मालती मौजूद रही।

## महिला की उसके पति ने मारपीट कर काटी चोटी, पुलिस ने मुकदमा किया दर्ज

**हरदोई, चसं।** सांडी कस्बा निवासी एक महिला की एक वर्ष पूर्व हरपालपुर थाना क्षेत्र के जुगापुरवा गांव निवासी राम प्रताप से शादी हुई थी।शादी के बाद से ही दहेज में फ्रिज कूलर की मांग करते हुए रामप्रताप अपनी पत्नी को प्रताड़ित करने लगा।एक सप्ताह पूर्व सांडी कस्बा निवासी महिला का पिता अपनी पुत्री को बुलाकर अपने घर लाया था।और यहां रामप्रताप अपने तीन साथियों के साथ अपनी ससुराल सांडी कस्वा आया और मारपीट करते हुए अपनी पत्नी की चोटी काट ली।महिला का पिता कटी हुई चोटी लेकर थाने आया जहां पर मामले की तहरीर दी।शिकायत मिलने के बाद पुलिस पुलिस मुकदमा दर्ज करते हुए जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## विश्व यकृत दिवस पर चिकित्सकों ने कहा कि भोजन ही सर्वश्रेष्ठ औषधि




**हरदोई, चसं।** विश्व यकृत दिवस प्रत्येक वर्ष 19 अप्रैल को मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम है ÷भोजन ही औषधि है। यह थीम लिवर के स्वास्थ्य को बनाए रखने और संतुलित आहार के माध्यम से लिवर की बीमारियों को रोकने में पोषण की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर जोर देती है। शहीद उद्यान स्थित कायाकल्पकेन्द्रम् में शनिवार को विश्व यकृत दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में सीनियर नेचरोपैथ डॉ0 राजेश मिश्र ने कहा कि प्रकृति प्रदत्त सात्विक आहार, यकृत की विकृति से बचाएगा। उन्होंने कहा कि भोजन ही सर्वश्रेष्ठ औषधि है। इससे स्वास्थ्य रक्षा होती है और शरीर के रुग्ण हो जाने पर उपयुक्त पथ्य लेने से पुनः स्वास्थ्य ठीक हो जाता है। श्री मिश्र ने कहा कि प्रारम्भ से ही ऐसा आहार लें जिससे यकृत में कोई विकार उत्पन्न न हो, यदि किसी कारण से यकृत में कोई विकार आ गया है तो उसके अनुसार आहार ग्रहण करें। उन्होंने बाज़ारू भोजन से बचने की सलाह दी। कहा बाहर की चीजें रोगी बना रहीं हैं।

डॉक्टर मिश्र ने बताया कि नोएडा में उनके पास एक यकृत रोगी आया जिसका एम्स में उपचार चल रहा था, उसका बिलीरुबिन चार से अधिक था। उन्होंने उस रोगी को अपने आहार और उपचार पर रखा, पंद्रह महीने में उसका वजन पैंतीस किलो कम हुआ और बिलीरुबिन दो से नीचे आ गया। बताया उस रोगी का उपचार एक माह ही चला लेकिन आहार लम्बे समय तक चलाया गया था। डॉ. सरल कुमार ने कहा कि लीवर को स्वस्थ रखने के लिए 1996 से प्रत्येक वर्ष 19 अप्रैल को यह दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि पालक, मकोय आदि रेशेदार चीजों का सेवन करने से लीवर ठीक रहता है। उन्होंने पीलिया में गन्ने के रस को उपयोगी बताया। लीवर को ठीक रखने के लिए कोल्ड ड्रिंक, फास्ट फूड तथा मादक द्रव्यों से दूर रहने की सलाह दी।डॉ अभिषेक पाण्डेय,शिवकुमार, आशीष जैन, दीपाली, अनामिका व अन्य लोग उपस्थित रहे।

## दुकानदार भाइयों के साथ मारपीट कर छिनैती करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**हरदोई, चसं।** कोतवाली शहर के फुलबेहटा निवासी दुकानदार भाइयों के साथ दुकान बंद कर घर जाते समय शुक्रवार की रात तीन बाइक सवारों द्वारा मारपीट कर दुकान की चाभी और मोबाइल छीनने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही की है।अन्य दो आरोपियों को पुलिस तलाश कर रही है। प्राप्त विवरण में 19 अप्रैल को रणधीर राठौर पुत्र सुरेन्द्र कुमार राठौर निवासी ग्राम फूलबेहटा कोतवाली शहर द्वारा कोतवाली शहर पर तहरीर दी गयी कि विगत रात्रि में वादी अपने भाई के साथ दुकान बंद कर के घर जाते समय अल्लीपुर मार्ग पर काशीपुर मोड़ के निकट मोटरसाइकिल पर सवार 03 अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके व उसके भाई के साथ गाली-गलौज एवं मारपीट कर उससे दुकान की चाबी व मोबाइल छीन लिये गये। इस सम्बन्ध में पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की थी।पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन द्वारा घटना का संज्ञान लेकर घटना में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों को गठित कर लगाया गया। कोतवाली शहर के प्रभारी निरीक्षक संजय त्यागी व पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त अभियोग से संबंधित प्रकाश में आये विपिन यादव पुत्र शिवशरण यादव निवासी बनई कोतवाली देहात को हिरासत में लिया गया। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे हैं।

## कांग्रेस न्याय पेटिका लोगों के अंदर आशा की किरण भरने का कार्य करेगी : अंशु अवस्थी

**हरदोई, चसं।** जिला व शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से प्रदेश प्रवक्ता अंशु अवस्थी मौजूद रहे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए उत्तर कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने कहा कि आज जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शिकायत पेटिका लॉच की जिसका टोल फ्री नंबर 05852 -299188 है , पेटिका का उद्देश्य जिले भर की शिकायत का संबधित विभाग के आला अधिकारियों से मिलकर उनका निस्तारण कराया जाएगा जो कि जिले की मुख्य जैसे जिला अस्पताल,सभी थानों,सभी तहसीलों आदि जगहों पर लगाया जाएगा। इसके उपरांत प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने कहा कि बहुत ही दुखद और दुर्भाग्यपूर्ण है कि राहुल गांधी जो देश के विपक्ष के नेता हैं जिनका पुतला दहन किया, जो अत्यंत निंदनीय है।

## संक्षिप्त समाचार

### सिग्नेचर ग्लोबल ने गुरुग्राम में खरीदी जमीन

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल ने गुरुग्राम में 1,070 करोड़ रुपए में 48 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया है। कंपनी ने गुरुग्राम (हरियाणा) के अलग-अलग सेक्टर में 1,069.31 करोड़ रुपए की कुल लागत से 47.71 एकड़ जमीन खरीदी है। रियल एस्टेट कंपनी ने बयान में कहा कि सेक्टर 71 में उसने 16.16 एकड़ जमीन 283.09 करोड़ रुपए में, सेक्टर 37डी में 25.62 एकड़ जमीन 670.15 करोड़ रुपए में और सेक्टर 84ए में 5.94 एकड़ जमीन 116.07 करोड़ रुपए में खरीदी है।

### भारत का ईपीवी बाजार सालाना 1 लाख बिक्री का आंकड़ा पार किया

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** भारत का इलेक्ट्रिक पैसेंजर व्हीकल (ईपीवी) बाजार, जिसमें बैटरी से चलने वाली कारें और एसयूवी शामिल हैं, ने एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है। मौजूदा वित्तीय वर्ष के समाप्त होने में एक सप्ताह बचने के बावजूद, इस बाजार ने 1 लाख यूनिट्स की वार्षिक बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। यह उपलब्धि भारतीय बाजार में इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) की बढ़ती मांग और सरकार की नीतियों के सकारात्मक प्रभाव को दर्शाती है। विशेषज्ञों के अनुसार, ईवी क्षेत्र में बढ़ती जागरूकता और समर्थन से आने वाले वर्षों में इस बाजार में और भी तेजी देखने को मिल सकती है। इस सफलता को देखते हुए, प्रमुख वाहन निर्माता कंपनियां अब ईवी के उत्पादन और बिक्री में और अधिक निवेश करने की योजना बना रही हैं, जिससे यह क्षेत्र और भी विस्तार कर सकेगा।

### 2 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी सेवा शुरू : केंद्रीय मंत्री

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय पंचायती राज राज्य मंत्री एस.पी. सिंह बघेल ने राज्यसभा में बताया कि भारतनेट परियोजना के तहत 2 लाख से अधिक ग्राम पंचायतों में ब्रॉडबैंड सेवा शुरू की जा चुकी है। इस परियोजना का उद्देश्य ग्रामीण भारत में सस्ते और तेज इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराना है। बघेल ने अपने लिखित जवाब में कहा कि भारतनेट परियोजना को दूरसंचार विभाग (क्रञ्ज) द्वारा चरणबद्ध तरीके से लागू किया जा रहा है, जिससे देश की सभी ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड सेवाएं मिल सकें। इस परियोजना के तहत तैयार किया गया इंफ्रास्ट्रक्चर एक राष्ट्रीय संपत्ति है, जिसे सेवा प्रदाताओं के लिए बिना भेदभाव के उपलब्ध कराया गया है। मंत्री ने बताया कि केंद्रीय कैबिनेट ने संशोधित भारतनेट कार्यक्रम को मंजूरी दी है। यह डिजाइन, बिल्ड, ऑपरेट और मेंटेन मॉडल के तहत काम करेगा, जिससे भारतनेट फेज-1 और फेज-2 के मौजूदा नेटवर्क को अपग्रेड किया जाएगा। इस योजना के तहत 42,000 और ग्राम पंचायतों में ब्रॉडबैंड सेवाएं शुरू की जाएंगी। परियोजना के संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी 10 वर्षों के लिए तय की गई है। बीएसएनएल को अगले पांच वर्षों में 1.50 करोड़ कनेक्शन देने का लक्ष्य सौंपा गया है। संशोधित भारतनेट कार्यक्रम को मार्च 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना से ग्रामीण भारत में डिजिटल क्रांति को और बढ़ावा मिलेगा और ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के माध्यम से डिजिटल सेवाएं अधिक सुलभ होंगी।

### मुल्लांपुर में धोनी का हेलीकॉप्टर शॉट देखने का मौका

**चंडीगढ़, एजेंसी।** ट्राइसिटी के क्रिकेट प्रशंसकों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। उन्हें महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, मुल्लांपुर में भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का हेलीकॉप्टर शॉट देखने का मौका मिलेगा। पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच 8 अप्रैल को होने वाले मैच के टिकटों की ऑनलाइन बिक्री शुक्रवार से शुरू हो गई है। पंजाब फ्रेंचाइजी ने इन टिकटों की बिक्री डिस्ट्रिक्ट ऐप और वेबसाइट और पंजाब किंग्स ऐप और वेबसाइट पर शाम 5 बजे से शुरू की है। मुल्लांपुर में पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा निर्मित महाराजा यादविंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 31,000 से अधिक दर्शकों के बैठने की क्षमता है। इसमें पार्किंग की भी व्यवस्था है। स्टेडियम में लगभग 50 कॉर्पोरेट बॉक्स, 3 हॉस्पिटैलिटी लाउंज और 20 जनरल स्टैंड हैं। जनरल अपर टियर और जनरल टेरेस टिकटों की कीमत क्रमशः 1250 रुपये और 1750 रुपये से शुरू होगी, जबकि हॉस्पिटैलिटी लाउंज टिकटों की न्यूनतम कीमत 6500 रुपये होगी। फ्रेंचाइजी ने यह भी कहा है कि टिकटों की कीमतें गतिशील होंगी और समय के साथ बदल सकती हैं। पंजाब किंग्स फ्रेंचाइजी ने मुल्लांपुर क्रिकेट स्टेडियम और धर्मशाला क्रिकेट मैदान को अपना होम ग्राउंड बनाया है। मुल्लांपुर क्रिकेट स्टेडियम में 4 मैच और धर्मशाला में 3 मैच खेले जाएंगे। मुल्लांपुर में पहला मैच 5 अप्रैल को पंजाब किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच खेला जाएगा। इसके बाद 8 अप्रैल को चेन्नई सुपर किंग्स, 15 अप्रैल को कोलकाता नाइट राइडर्स और 20 अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के खिलाफ मैच खेले जाएंगे। क्रिकेट प्रशंसक इस अवसर का लाभ उठाकर महेंद्र सिंह धोनी के हेलीकॉप्टर शॉट का आनंद ले सकते हैं।

### नन्हे ताइक्कांडो खिलाड़ियों के लिए द्रोणाचार्य बने मनोज कुमार शर्मा

**लखनऊ, चसं।** जब प्रतिभाओं को गुरु का सही मार्गदर्शन मिल जाता है तब उन्हें ऊंची उड़ान भरने से कोई रोक नहीं पाता है। ऐसे ही है स्कूल जाने वाले नन्हे मुन्नों के लिए वरदान बने ताइक्कांडो प्रशिक्षक मनोज कुमार शर्मा। राजधानी में चौक स्थित सीएमएस स्कूल में बच्चों को ताइक्कांडो सिखा रहे मनोज कुमार शर्मा ना केवल छात्र छात्राओं में लोकप्रिय है अपितु अभिभावकों के भी चहेते अध्यापक साबित हो रहे हैं और लोग प्यार से उन्हें द्रोणाचार्य का खिताब देते हैं। मनोज द्वारा ताइक्कांडो सिखाए गए बच्चों ने राजधानी सहित पूरे उत्तर प्रदेश और देश में अपना नाम कमाया है। अक्सर ताइक्कांडो प्रतियोगिताओं का आयोजन करने वाले मनोज ब्लैक बेल्ट 4 डॉन हैं और नेशनल स्तर के रैफरी भी है। इंटरनेशनल गोल्ड मेडलिस्ट मनोज ताइक्कांडो ट्रेनिंग स्कूल एकेडमी के सचिव भी है। एक तरफमनोज स्कूली बच्चों को ताइक्कांडो सिखा रहे हैं तो दूसरी ओर प्रतियोगिताओं का आयोजन कर बच्चों को एक प्लेटफार्म देने का काम भी कर रहे। बच्चों और अभिभावकों के बीच बेहद लोकप्रिय मनोज कुमार शर्मा जल्द ही एक बड़ी चौम्पियनशिप का आयोजन भी करने जा रहे हैं। नन्हे ताइक्कांडो खिलाड़ियों के साथ मैदान पर पसीना बहाने वाले मनोज कहते हैं कि ताइक्कांडो ना सिर्फखेल है बल्कि आत्मरक्षा के साथ साथ आत्मबल बढ़ाने में भी कारगर सिद्ध होता है।

# आवेश खान ने राजस्थान के जबड़े से छीनी जीत

**चर्चित राजनीति। एजेंसी**



- 80 रनों के जवाब में राजस्थान 20 ओवरों में पांच विकेट खोकर 178 रन ही बना सकी और दो रनों से मैच हार गई

**लखनऊ।** आवेश खान की शानदार गेंदबाजी के दम पर लखनऊ सुपरजायंट्स ने शनिवार को जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गए मैच में राजस्थान रॉयल्स के मुंह से जीत छीन ली। लखनऊ द्वारा बनाए गए पांच विकेट के नुकसान पर 180 रनों के जवाब में राजस्थान 20 ओवरों में पांच विकेट खोकर 178 रन ही बना सकी और दो रनों से मैच हार गई। एक समय आसानी से जीत की तरफ जाती दिख रही राजस्थान को आवेश ने 18वें ओवर में दो बड़े झटके देकर मैच पलट दिया। उन्होंने इस ओवर में अर्धशतक जमाने वाले यशस्वी जायसवाल और पैर जमा चुके राजस्थान के कप्तान रियान पराग को आउट कर लखनऊ को मैच में वापस ला दिया। आखिरी ओवर में राजस्थान को नौ रन चाहिए थे जो आवेश ने बनने नहीं दिए। लखनऊ के लिए एडेन मार्करम ने 45 गेंदों पर पांच चौके और तीन छक्कों की मदद से 66 रनों की पारी खेली। आयुश बडोनी ने 34 गेंदों पर पांच चौके और एक छक्के की मदद से 50 रन बनाए। इन दोनों की पारियों पर यशस्वी की अर्धशतकीय पारी भारी पड़ती दिख रही थी, लेकिन आवेश ने मैच ही पलट दिया। 181 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी राजस्थान ने 14 साल के वैभव सूर्यवंशी को संदीप शर्मा की जगह इम्पैक्ट प्लेयर के तौर पर चुना और इस युवा खिलाड़ी ने पहली ही गेंद पर बता दिया कि उनमें प्रतिभा है। पहले ओवर की चौथी ओवर पर वैभव ने शार्दुल ठाकुर पर शानदार छक्का मार दिया। यहां से वह रुके नहीं। दूसरे छोर से यशस्वी शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे। वैभव ने परिपक्वता दिखाई और दूसरा छोर आराम से संभाले रहे।

नौवें ओवर की चौथी गेंद पर उनकी पारी का अंत हो गया। मार्करम की गेंद पर वह चूक गए और ऋषभ पंत ने उनको स्टम्प कर दिया। वैभव ने 20 गेंदों पर दो चौके और तीन छक्कों की मदद से 34 रनों की पारी खेली। उनके बाद आए नीतीश राणा इस मैच में कुछ नहीं कर सके। ठाकुर ने उन्हें आवेश खान के हाथों कैच कराया। वह सात गेंदों पर आठ रन ही बना सके। यहां राजस्थान को एक साझेदारी की जरूरत थी जो कप्तान रियान पराग ने यशस्वी के साथ मिलकर की। इन दोनों ने मैच राजस्थान की तरफ मोड़ दिया था। इन दोनों ने चौथे विकेट के लिए 62 रन जोड़े। 18वें ओवर की पहली गेंद पर आवेश ने यशस्वी को शानदार यॉर्कर पर बोल्ड कर दिया। उन्होंने 52 गेंदों पर पांच चौके और चार छक्कों की मदद से 74 रन बनाए। आवेश ने इसी ओवर की आखिरी गेंद पर रियान पराग को एलबीडब्ल्यू कर राजस्थान को बड़ा झटका दे दिया। पराग ने 26 गेंदों पर तीन चौके और दो छक्कों की मदद से 39 रनों की पारी खेली। आवेश ने दो विकेट लेकर लखनऊ को मैच में वापस ला दिया। लेकिन अगले ओवर में शिमरॉन हेटमायर ने प्रिंसय यादव को निशाना बनाया और 11 रन ठोक दिए। आखिरी ओवर में राजस्थान को जीत के लिए नौ रन चाहिए थे। सामने थे हेटमायर। ओवर की तीसरी गेंद पर आवेश ने हेटमायर को आउट कर दिया और फिर बाकी रन भी नहीं बनाने दिए।

**लखनऊ की खराब शुरुआत :** पहले बल्लेबाजी करने वाली लखनऊ सुपरजायंट्स को अच्छी शुरुआत नहीं मिली। मिचेल मार्श को जोफ्रा आर्चर ने चार रनों पर ही पवेलियन भेज दिया। निकोलस पूरन इस मैच में फेल रहे और संदीप शर्मा का शिकार बने। उन्होंने आठ गेंदों पर 11 रन बनाए। कप्तान ऋषभ पंत एक बार फिर फेल हो गए। उनके बल्ले से तीन रन ही निकले। पंत के बाद मार्करम भी पवेलियन लौट गए थे। यहां टीम पर संकट था और ऐसे में उसने इम्पैक्ट प्लेयर का इस्तेमाल करते हुए मार्श को बाहर कर बडोनी को चुना। लखनऊ का ये दांव चल गया और इस बल्लेबाज ने शानदार पारी खेलते हुए टीम को सम्मानजनक स्कोर तक ले जाने में अहम भूमिका निभाई। डेविड मिलर उनका साथ नहीं दे सके और सात रन बनाकर आउट हो गए। अब्दुल समद ने अंत में 10 गेंदों पर चार छक्कों की मदद से नाबाद 30 रन बनाते हुए टीम को 180 के स्कोर तक पहुंचाया। वहीं दूसरी ओर इससे पहले वाले मैच में ऋषभ पंत की कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल 2025 की पहली जीत दर्ज की थी लीग के 7वें मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को उनके घर में 5 विकेट से मात दी। हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में हुई इस टक्कर में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी SRH ने निर्धारित ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 190 रन बनाए थे। 3 नंबर पर बल्लेबाजी करते आए निकोलस पूरन के 70 और सलामी बल्लेबाज मिचेल मार्श के 52 रन की बदौलत लखनऊ ने 16.1 ओवर में 5 विकेट खोकर टारगेट चेज (193) कर लिया। लखनऊ की ओर से शार्दुल ठाकुर ने 4 ओवर में 4 विकेट लिए। जीत के बाद ऋषभ पंत काफी खुश नजर आए। उन्होंने शार्दुल पूरन के साथ ही प्रिंस यादव की तारीफ की। ऋषभ पंत ने जीत के बाद कहा, बड़ी राहत की बात है, लेकिन एक टीम के तौर पर हम प्रक्रिया के बारे में बात करते हैं। जीतने पर बहुत ज्यादा उत्साहित और हारने पर बहुत ज्यादा निराश नहीं होते।

> लखनऊ के लिए एडेन मार्करम ने 45 गेंदों पर पांच चौके और तीन छक्कों की मदद से 66 रनों की पारी खेली। आयुश बडोनी ने 34 गेंदों पर पांच चौके और एक छक्के की मदद से 50 रन बनाए। इन दोनों की पारियों पर यशस्वी की अर्धशतकीय पारी भारी पड़ती दिख रही थी।

एक टीम के तौर पर हम बेकाबू चीजों पर फोकस नहीं कर सकते। मेरे मेंटॉर ने कहा कि नियंत्रित करने वाली चीजों पर फोकस करें और मैंने वही किया। गाजियाबाद के प्रिंस यादव ने ट्रेविस हेड को बोल्ड कर आईपीएल का अपना पहला विकेट लिया। पंत ने कहा, प्रिंस ने जिस तरह से गेंदबाजी की, उसे देखकर अच्छा लगा और शार्दुल ठाकुर ने भी वाकई अच्छा प्रदर्शन किया। निकोलस पूरन के बारे में पंत ने कहा कि आपको किसी को तब मौका देना चाहिए जब वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहा हो और उन्होंने हमारे लिए शानदार बल्लेबाजी की। टीम अच्छा प्रदर्शन कर रही है, हमने अभी तक अपना बेस्ट प्रदर्शन नहीं किया है, लेकिन जीत हासिल करके खुश हैं।

**शार्दुल ठाकुर, पूरन-मार्श की तूफानी पारी :** निकोलस पूरन-मिचेल मार्श की तूफानी पारी की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल 2025 के 7वें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 5 विकेट से हराया। हैदराबाद के राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में गुरुवार को खेले गए इस मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 190 रन बनाए थे। ट्रेविस हेड ने सबसे ज्यादा 47 रन की पारी खेली। जवाब में लखनऊ ने 16.1 ओवर में 5 विकेट खोकर टारगेट चेज कर लिया। 18वें सीजन में यह लखनऊ की पहली जीत है। इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 1 विकेट से हराया था। इस जीत के साथ ही लखनऊ के 2 अंक हो गए हैं। हैदराबाद की ओर से टेविस हेड और अभिषेक शर्मा बल्लेबाजी करने आए। फैंस को आज 300 पार स्कोर की उम्मीद थी। हालांकि, हैदराबाद की शुरुआत खराब रही और तीसरे ओवर में शार्दुल ठाकुर ने हैदराबाद को लगातार 2 झटके दिए। पहली गेंद पर अभिषेक शर्मा कैच आउट हुए। उन्होंने 6 गेंदों पर 6 रन बनाए। अगली ही गेंद पर ईशान किशन खाता खोले बिना ही पवेलियन लौट गए। इसके बाद हेड ने नीतीश रेड्डी के साथ पारी को संभाला। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 61 रन जोड़े। प्रिंस यादव ने ट्रेविस हेड को बोल्ड कर यह पार्टनरशिप तोड़ी। हेड फिफ्टी से चूक गए और उन्होंने 28 गेंदों पर 47 रन की पारी खेली। विकेटकीपर हेनरिक क्लासेन ने 17 गेंदों पर 26 रन ठोके। नीतीश रेड्डी को रवि बिश?नोई ने बोल?ड किया। उन्होंने 28 गेंदों का सामना किया और 32 रन बनाए। झांसी के अनिकेत वर्मा ने 13 गेंदों पर 5 छक्कों की मदद से 36 रन की पारी खेली। अभिनव मनोहर ने 2 रन बनाए। कप्तान पैट कमिंस ने 3 छक्कों की बदौलत 4 गेंदों पर 18 रन जड़ दिए। मोहम्मद शमी ने 1 रन बनाया। सिमरजीत सिंह 3 और हर्षल पटेल 12 रन बनाकर नाबाद रहे। शार्दुल ठाकुर के खाते में 4 विकेट आए। लखनऊ को दूसरे ही ओवर में पहला झटका लगा। एडेन मार्कराम शमी का शिकार बने। उन्होंने 1 रन बनाया। इसके बाद मिचेल मार्श ने निकोलस पूरन के साथ 116 रन जोड़े। 9वें ओवर में पैट कमिंस ने पूरन को ख्क्क्रु आउट किया। उन्होंने 26 गेंदों पर 70 रन ठोंक दिए। इस दौरान उन्होंने 6 चौकों के साथ ही 6 छक्के भी लगाए। पूरन के आउट होने के बाद मार्श ने प्रहार जारी रखा और 31 गेंदों पर 52 रन जड़ दिए। आयुष बदोनी 6 रन ही बना पाए। कप्तान ऋषभ पंत दूसरे मैच में भी फेल रहे। आज उन्होंने 15 गेंदें खेलीं और 1 छक्के की मदद से 15 रन ही बनाए। डेविड मिलर 7 गेंदों पर 13 रन और अब्दुल समद 8 गेंदों पर 22 रन बनाकर नाबाद रहे। कप्तान पैट कमिंस के खाते में 2 विकेट आए। वहीं मोहम्मद शमी, एडम जैम्पा और हर्षल पटेल को 1-1 सफलता मिली। बता दें कि आईपीएल 2025 में गुमनाम खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से अपनी पहचान बना रहे हैं। अब इस लिस्ट में दिल्ली के प्रिंस यादव का भी नाम जुड़ गया है। घरेलू क्रिकेट में नाम बनाने के बाद प्रिंस अब लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए आईपीएल डेब्यू किया है। अपने दूसरे मैच में प्रिंस यादव ने ट्रेविस हेड का विकेट लेकर छा गए। आईपीएल के 18वें सीजन के सातवें मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स से है। ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। हैदराबाद ने चिरपरिचित अंदाज में शुरुआत की लेकिन, शार्दुल ठाकुर ने लखनऊ को ब्रेकथ्रू दिलाया। पहले अभिषेक शर्मा और फिर ईशान किशन को आउट किया। हालांकि, दूसरे छोर से ट्रेविस हेड का बल्ला लगातार चलता रहा, लेकिन प्रिंस यादव ने ट्रेविस हेड का विकेट लेकर हैदराबाद को बड़ा झटका दिया। हैदराबाद की पारी के 8 ओवर की तीसरी गेंद पर प्रिंस ने ट्रेविस हेड को क्लीन बोल्ड किया। हेड ने 28 गेंद पर 47 रन की पारी खेली। इसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल रहे। प्रिंस यादव दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं, जो दिल्ली प्रीमियर लीग के जरिए व्हाइट-बॉल क्रिकेट में मशहूर हुए। 2024 के सीजन में, उन्होंने ऋषभ-पंत की अगुआई वाली पुरानी दिल्ली 6 के लिए खेला और एक्शन में थोड़े बदलाव के साथ गति में बदलाव करने की अपनी क्षमता के कारण सबसे अलग नजर आए। उन्होंने दस मैचों में 13 विकेट चटकाए, जिससे उन्हें दिल्ली के लिए घरेलू टीम में व्हाइट बॉल क्रिकेट में डेब्यू का मौका मिला। इससे पहले उन्होंने पहले दो रणजी ट्रॉफी मैच खेले थे। प्रिंस ने अपना पहला टी20 मैच 2024-25 सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेला, जो आईपीएल 2025 की मेगा नीलामी से एक दिन पहले था। प्रिंस ने दिल्ली की आसान जीत में दो बड़े विकेट चटकाए, इसमें एक नितीश राणा और दूसरा विकेट समीर रिजवी का रहा। अगले दिन, लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने उन्हें साइन करने के लिए 30 लाख रुपये खर्च किए। प्रिंस यादव ने डेब्यू सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी सीजन में 7.54 की इकॉनमी रेट के साथ 11 विकेट लिए, जो दिल्ली के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे और उन्हें सेमीफाइनल तक पहुंचने में मदद की। इसके बाद वे 50 ओवरों की विजय हजारे ट्रॉफी में भी दिल्ली के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज रहे, जिसमें उन्होंने छह मैचों में 22.00 की औसत से 11 विकेट लिए।



## वित्त वर्ष 26 में भारतीय आईटी सर्विसेज सेक्टर की वृद्धि दर 6 से 8 प्रतिशत रह सकती है

**चर्चित राजनीति। एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** भारतीय आईटी सर्विसेज सेक्टर में वित्त वर्ष 2026 में 6 से 8 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिल सकती है। इसकी वजह वैश्विक स्तर पर चुनौतियां और यूएस एवं यूरोप के बाजारों में अस्थिरता का होना है। यह जानकारी गुरुवार को जारी हुई एक रिपोर्ट में दी गई।

क्रिसिल रेटिंग्स की रिपोर्ट में कहा गया कि आय में बढ़त को सहारा करेंसी में 2 प्रतिशत के मूल्यह्रास से भी मिलेगा। यह भारतीय आईटी सर्विसेज सेक्टर के लिए लगातार तीसरा वित्तीय वर्ष होगा, जिसमें वृद्धि दर एकल अंक में होगी। हालांकि, ऑपरेटिंग मुनाफा अच्छी स्थिति में है। इसकी वजह कर्मचारियों की संख्या में कम बढ़ोतरी और कर्मचारियों के नौकरी छोड़ने की दर में कमी है। रिपोर्ट में बताया गया कि आईटी सर्विसेज सेक्टर की आय में बैंकिंग, फाइनेंशियल सर्विसेज और इश्योरेंस की हिस्सेदारी दो-



तिहाई है। रिटेल की हिस्सेदारी 15 प्रतिशत, मैन्युफैक्चरिंग की 10 प्रतिशत और हेल्थकेयर की 10 प्रतिशत है।

वित्त वर्ष 25 में बीएफएसआई और रिटेल सेगमेंट में 2 प्रतिशत की (कॉस्टेंट करेंसी में) बढ़त देखने को मिल सकती है। मैन्युफैक्चरिंग और हेल्थकेयर में 3-4 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिल सकती है। इसकी वजह वैश्विक स्तर पर चुनौतियां होना हैं।

## लखनऊ ने दिल्ली में जीते 4 मेडल,सहिस्ता को गोल्ड, गीतिका मेधा और सोनम को सिल्वर

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**लखनऊ।** खेलो इंडिया पैरा गेम्स में साई (स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया) लखनऊ के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया है।

एक गोल्ड सहित खिलाड़ियों ने तीन सिल्वर मेडल अपने नाम किए हैं। 23 से 27 मार्च 2025 तक पैरा पावर लिफ्टिंग के मैच दिल्ली में खेले गए। लखनऊ साई की टीम ने कुल 4 मेडल जीते हैं।

साई लखनऊ के डायरेक्टर आत्म प्रकाश ने बताया कि चार खिलाड़ियों ने मेडल जीते हैं। इनमें सहिस्ता ने 79 किग्रा वर्ग में 81 किग्रा भार उठाकर गोल्ड जीता। गीतिका शर्मा ने 79 किग्रा वर्ग में 64 किग्रा भार उठाकर सिल्वर मेडल जीता। मेधा पांडेय ने 67 किग्रा वर्ग में 78 किग्रा भार उठाकर सिल्वर मेडल जीता। सोनम पाटिल ने 45 किग्रा वर्ग में 59 किग्रा भार उठाकर सिल्वर मेडल जीता।

वहीं, शुभम चक्रवर्ती को 54 किग्रा वर्ग में 5वां स्थान मिला है। साई लखनऊ के डायरेक्टर आत्म प्रकाश ने कहा- हमारे सभी प्रशिक्षुओं को इस शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई देता हूं। उनकी मेहनत और आत्मविश्वास प्रेरणादायक है। साथ ही, हमारे प्रशिक्षक और सपोर्ट स्टाफको भी धन्यवाद देता हूं।

उन्होंने इन खिलाड़ियों को सफलता की राह दिखाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

खेलो इंडिया पैरा-गेम्स एक राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता है, जिसका उद्देश्य पैरा एथलीट्स को प्रोत्साहित करना और उन्हें एक बड़ा मंच प्रदान करना है। खेलो इंडिया अभियान के तहत आयोजित यह खेल आयोजन, दिव्यांग खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने, राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और भविष्य में अंतरराष्ट्रीय खेलों के लिए तैयारी करने का अवसर प्रदान करता है।

## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ को 3.67 करोड़ रुपए का जीएसटी नोटिस

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफइंश्योरेंस ने कहा है कि जीएसटी आयुक्त (अपील) ने करीब 3.67 करोड़ रुपए की कर मांग को बरकरार रखने का आदेश दिया है। मुंबई में केंद्रीय माल और सेवा कर (सीजीएसटी) अधिकारियों ने दो जुलाई, 2024 को इस संबंध में एक आदेश पारित किया था। आदेश में सेवा कर क्रेडिट का हिस्सा देने से इनकार कर दिया गया, जिसे कंपनी ने वित्त वर्ष 2017-2018 में जीएसटी शुरू होने पर इस व्यवस्था में स्थानांतरित कर दिया था। इसके बाद, कंपनी ने आयुक्त (अपील) के समक्ष अपील दायर की थी।

## योजना विभाग ने किया वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी पर कार्यशाला का आयोजन

**लखनऊ, चसं।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता और स्पष्ट दिशा-निर्देशों के साथ उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनने केमहत्वाकांक्षी लक्ष्य के लिए प्रतिबद्ध है। इस दृष्टिकोण को और गति देने के प्रयास में प्रदेश सरकार के योजना विभाग द्वारा 'आर्थिक विकास के सर्वोत्तम प्रयास, उत्तर प्रदेश के लिए आगे की राह' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष डॉ. राजीव कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश में विकसित भारत /2047 की परिकल्पना को साकार करने वाला भारत का ग्रोथ इंजन बनने की अपार संभावनाएं हैं। वर्तमान में राज्य का सकल राज्य घरेलू उत्पाद 25.48 लाख करोड़ यानि 310 अरब डॉलर है, जो वर्ष 2024-25 में 30 लाख करोड़ रूपये यानि 380 अरब डॉलर तक पहुँचने का अनुमान है। विगत दशक में राज्य ने 10.8 फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर दर्ज की है।

डॉ. कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनसांख्यिकीय शक्ति 56 फीसदी युवा कार्यबल और मजबूत कृषि क्षेत्र है जो राज्य की अर्थव्यवस्था में 25 फीसदी से अधिक का योगदान देता है। उन्होंने इसे राज्य की विकास यात्रा का मजबूत आधार बताया। राज्य गेहूं, गन्ना और आलू जैसे प्रमुख फसलों के उत्पादन में अग्रणी है, लेकिन उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि राज्य को उत्पादकता वृद्धि और आधुनिकीकरण की दिशा में विशेष प्रयास करने होंगे ताकि वह उच्च उत्पादकता वाले राज्यों से प्रतिस्पर्धा कर सका। प्रदेश के जिलों को आर्थिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनाया जाना चाहिए और निर्यात योजना का केंद्र बिंदु होना चाहिए। बॉटम-अप अप्रोच यानि किसानों और स्थानीय उत्पादकों के साथ सीधा संवाद करते हुए नीतियों का निर्माण राज्य की छिपी संभावनाओं को उजागर कर सकता है। स्थानीय डेटा प्रणाली को मजबूत करना और उद्योग, सरकार और उत्पादकों के बीच सहयोग के लिए जिला स्तर पर मंच स्थापित करना आवश्यक है। उन्होंने सुझाव दिया कि 'एक जिला एक उत्पाद' योजना को अधिक प्रभावी बनाने के लिए कम मूल्य, अधिक मात्रा वाले उत्पादों से हटकर उच्च मूल्य वाले वैश्विक मांग के अनुरूप उत्पादों की ओर ध्यान केंद्रित करना आवश्यक है,विशेषकर उत्तर प्रदेश की भू-अवरोधित स्थिति को ध्यान में रखते हुए। सुझाव दिया कि राज्य को प्रमुख जिलों में एंकर फर्मों के साथ निर्यात केंद्र स्थापित करने चाहिए। वैश्विक कंपनियों को आकर्षित करने हेतु लक्षित नीतिगत सुधार किए जाने चाहिए। वियतनाम की निर्यात-आधारित रणनीति से सीख ली जानी चाहिए तथा रासायनिक कृषि से शून्य-रासायनिक कृषि को प्रोत्साहन देना चाहिए।कार्यशाला का समापन गहन विचार-विमर्श, सहभागी विकास के लिए रोडमैप प्रस्तुति के साथ हुआ। कार्यशाला में कृषि उत्पादन आयुक्त मोनिका एसगर्ग, मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रमुख सचिव उद्योग, योजना, परिवहन, श्रम, ऊर्जा, आईटी एवं ई-सेवाएं सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, थिंक टैंक और परामर्श संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# सीखने पर केंद्रित खरीदारी से उत्तर प्रदेश में लगातार 3 सालों से अमेजन इंडिया की किताबों और खिलौनों की श्रेणी में दोहरे अंकों में वृद्धि

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**लखनऊ।** अमेजन इंडिया की किताबों और खिलौनों की श्रेणी के लिए उत्तर प्रदेश सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक बन गया है। राज्य में सीखने पर केंद्रित खरीदारी प्रवृत्तियों के चलते लगातार 3 वर्षों से साल-दर-साल दोहरे अंकों की प्रभावशाली वृद्धि हो रही है। शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ उभरते शहरों में भी ग्राहक सीखने और मनोरंजन के उद्देश्य से किताबों में तेजी से निवेश कर रहे हैं।

अमेजन इंडिया में किताबें और खिलौनों के निदेशक, राजर्षि गुइन ने कहा, हमें खुशी है कि उत्तर प्रदेश के ग्राहक किताबों और खिलौनों को बड़े उत्साह से अपना रहे हैं। यह धारणा गलत साबित हो रही है कि आज की डिजिटल पीढ़ी ने पढ़ाई और भौतिक खेलों से दूरी बना ली है। उत्तर प्रदेश में



हमारी वृद्धि इसकी एक अलग कहानी बयां करती है। ग्राहक सोच-समझकर उन संसाधनों का चयन कर रहे हैं, जो लंबे समय तक मूल्य प्रदान करते हैं, चाहे वह परीक्षा की तैयारी के लिए सामग्री हो, क्षेत्रीय भाषाओं के लोकप्रिय साहित्यिक शीर्षक हों या कौशल-विकास वाले खिलौने। खास बात यह है कि यह प्रवृत्ति अब पूरे उत्तर प्रदेश में फैल रही है, क्योंकि हमारे कई नए ग्राहक उभरते शहरों से भी जुड़ रहे हैं। इस भौगोलिक विस्तार को पूरे राज्य में गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक सामग्री और विकासात्मक खिलौनों की आसान उपलब्धता के माध्यम से संभव बनाया जा रहा है, जिससे अगली पीढ़ी के पाठकों और शिक्षार्थियों को बढ़ावा मिल रहा है।प्रदेश में शैक्षणिक और मनोरंजन दोनों क्षेत्रों में एक समृद्ध पाठन संस्कृति फल-फूल रही है। राज्य में हिंदी और उर्दू साहित्य की सबसे अधिक मांग है, जहां कविता संग्रहों को खास लोकप्रियता मिल रही है। जौन एलिया सबसे ज्यादा बिकने वाले उर्दू लेखक बनकर उभरे हैं, जबकि धर्मवीर भारती का उपन्यास ष्गुनाहों का देवताष् हिंदी में सबसे अधिक बिकने वाला उपन्यास है। यह साहित्यिक विरासत शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ कदमताल कर रही है, क्योंकि बिकने वाली हर तीन में से एक किताब इंजीनियरिंग, सरकारी परीक्षाओं, मेडिकल या यूपीएससी की तैयारी के लिए होती है। अब पारंपरिक शहरी केंद्रों से इतर पाठन का परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। बरेली, मथुरा, मुजफ्फरनगर, आजमगढ़ और जौनपुर जैसे उभरते शहर नए ग्राहकों की संख्या में 20ः से अधिक की वृद्धि कर रहे हैं। लखनऊ इस बदलाव का प्रतिनिधित्व करता है, जहां उच्च शिक्षा, फिक्शन और बच्चों की किताबों में मजबूत वृद्धि के साथ यह एक विविध पाठन केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है। यह प्रवृत्ति अब खिलौनों तक भी पहुंच गई है। उत्तर प्रदेश में बिकने वाले हर दो में से एक खिलौना या तो बिल्डिंग सेट, गेम, पहेली, आउटडोर एक्टिविटी खिलौना या एसटीईएम उत्पाद होता है। लखनऊ, कानपुर, नोएडा, गाजियाबाद और वाराणसी जैसे शीर्ष 5 शहरों में मजबूत मांग बनी हुई है, जहां दो अंकों की वृद्धि दर्ज की जा रही है। वहीं, मथुरा, मुजफ्फरनगर और बरेली जैसे 20 उभरते शहर अब यूपी की कुल खिलौना मांग में 40ः का योगदान दे रहे हैं। ष्इलेक्ट्रॉनिक सिटीष् के रूप में प्रसिद्ध गाजियाबाद इलेक्ट्रिक राइड-ऑन खिलौनों का प्रमुख केंद्र बन गया है, जहां इस श्रेणी में साल-दर-साल 20ः की वृद्धि हो लेगो और हैस्ब्रो जैसी शीर्ष ब्रांडों के प्रीमियम खिलौनों (10,000 रुपये और उससे अधिक) की मांग तेजी से बढ़ रही है। घरेलू डी2सी ब्रांड जैसे स्किलमैटिक्स, स्मार्टिविटी और इमैजिमेक भी शानदार वृद्धि दर्ज कर रहे हैं, जबकि प्रीमियम आउटडोर खिलौनों के ब्रांड लूसा की मांग पिछले वर्ष में दोगुनी हो गई है। मनोरंजन और शैक्षणिक सीखने पर केंद्रित खरीदारी ग्राहकों को भौतिक किताबों और इंटरएक्टिव खिलौनों में निवेश के लिए प्रेरित कर रही है।

# निर्देशक राज निदिमोरू के साथ फिर स्पॉट हुईं सामंथा, साथ में तिरुपति मंदिर का किया दौरा

**ना**गा चैतन्य से तलाक के बाद से ही समांथा रुथ प्रभु काफी ज्यादा चर्चा में रही हैं। तलाक से लेकर अपनी बीमारी और कई कारणों से चर्चा में रही है। जहां एक तरफ तलाक के बाद नागा चैतन्य ने शोभिता धुलिपाला के साथ अपना फिर से घर बसा लिया है वहीं समांथा रुथ प्रभु आज भी सिंगल है। काफी समय से फिल्म निर्माता राज निदिमोरू के साथ अभिनेत्री सामंथा का नाम जोड़ा जा रहा है। अभी हाल ही में सामंथा को एक बार फिर से राज निदिमोरू के साथ देखा गया। अभिनेत्री सामंथा ने शनिवार को आशीर्वाद लेने के लिए तिरुपति बालाजी मंदिर का दौरा किया। उनके साथ फिल्म निर्माता राज निदिमोरू भी थे। उनके दौरे के वीडियो ऑनलाइन सामने आए हैं, जिसमें दोनों पारंपरिक परिधानों में मंदिर परिसर में दिखाई दे रहे हैं। सामंथा अक्सर दिव्य आशीर्वाद लेने के लिए मंदिरों में जाती हैं। 19 अप्रैल को, कुशी अभिनेता को गुलाबी सलवार सूट और राज को नीली शर्ट और सफेद पंचा में दिखाते हुए कुछ वीडियो पपराज़ी द्वारा साझा किए गए थे। एक क्लिप में, दोनों को एक साथ मंदिर में प्रवेश करते देखा जा सकता है, जबकि सामंथा किसी का इंतजार करते हुए रुकी हुई हैं। एक अलग वीडियो में सामंथा को कई अन्य लोगों के साथ मंदिर में प्रवेश करते हुए दिखाया गया।

हालाँकि न तो सामंथा और न ही राज निदिमोरू ने अपनी डेटिंग अफवाहों के बारे में कोई आधिकारिक बयान दिया है, लेकिन उनके प्रशंसक लंबे समय से अटकलें लगा रहे हैं। अभिनेता पहले ही निर्देशक के साथ दो प्रोजेक्ट - सिटाडेल : हनी बनी (2024), और द फैमिली मैन 2 (2021) पर काम कर चुके हैं। उनकी अगली नेटफ्लिक्स सीरीज, जिसका शीर्षक 'रक्त ब्रह्मांड : द ब्लडी किंगडम' है, भी निर्देशक के साथ है। सामंथा को आखिरी बार सिटाडेल : हनी बनी में देखा गया था, जिसमें उनके साथ वरुण धवन भी थे। इससे पहले अभिनेत्री सामंथा रूथ प्रभु ने हाल ही में पिकलबॉल के साथ खेल की दुनिया में अपना पहला कदम रखा था। अभिनेत्री टीम चेन्नई की मालिक के रूप में वर्ल्ड पिकलबॉल लीग में शामिल हुई थी। हाल ही में इस कार्यक्रम में उनके साथ फिल्म निर्माता राज निदिमोरू भी शामिल हुए सथे। पिकलबॉल टूर्नामेंट से दो की तस्वीरें वायरल हो गई हैं और कई लोग सोच रहे हैं कि क्या वे डेटिंग कर रहे हैं।



**पीरियड्स के बारे में अभी भी शर्म और संकोच के साथ की जाती है बात :** अपनी बेबाकी के लिए मशहूर अभिनेत्री सामंथा रूथ प्रभु ने पीरियड्स के बारे में खुलकर बात की। न्यूज एजेंसी से बातचीत में उन्होंने कहा कि पीरियड्स के बारे में बातचीत अभी भी शर्म, फुसफुसाहट और संकोच के साथ की जाती है। सामंथा ने बताया, हम महिलाओं ने बहुत तरक्की कर ली है, बहुत आगे आ गए हैं। फिर भी पीरियड्स के बारे में बात करने की बारी आती है तो अभी भी चुप्पी, फुसफुसाहट और शर्म, संकोच के साथ बात की जाती है। अभिनेत्री ने अपने पॉडकास्ट टेक20 के एक एपिसोड में न्यूट्रिशनिस्ट राशि चौधरी से पीरियड्स, साइकिल सिंकिंग, एंडोमेट्रियोसिस और महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं पर बात की। उन्होंने बताया, राशि चौधरी से बात करके मुझे याद पता चला कि इन पुरानी धारणाओं को तोड़ना कितना महत्वपूर्ण है। हमारे साइकल मजबूत हैं और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वे जीवन को पुष्ट करते हैं। यह ऐसा कुछ नहीं है जिस पर शर्मिंदा होना चाहिए या छिपाना चाहिए या, उस मामले को हल्के में नहीं लेना चाहिए।

पॉडकास्ट के एक एपिसोड में सामंथा ने अपने शरीर, अपने रिश्ते, एंडोमेट्रियोसिस जैसी दुर्बल करने वाली बीमारी और एक महिला होने के नाते आने वाली चुनौतियों के बारे में खुलकर बात की। पॉडकास्ट में सामंथा ने कहा, पीरियड्स साइकल हमारे मन और शरीर को कैसे प्रभावित करता है, यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में हमें हर गुजरते साल के साथ लगातार सीखते रहना चाहिए। राशि, अपने अनुभव और अपने ज्ञान की गहराई के साथ चीजों को समझाने का एक बहुत ही स्पष्ट तरीका रखती हैं और मुझे खुशी है कि हम साथ मिलकर इस तरह की अच्छी बातचीत कर पाए जो सही मायने में समझने के लिए जरूरी है। फिल्मों की बात करें तो, सामंथा अपकमिंग फिल्म शुभम के साथ निर्माता की दुनिया में कदम रख चुकी हैं। सामंथा ने 7 अप्रैल को अपने पहले प्रोडक्शन का टीजर शेयर किया था।

उन्होंने लिखा, हमारे प्यार से किया गया छोटा सा काम आपके सामने पेश है। बड़े सपनों वाली एक छोटी सी टीम! हमने इस यात्रा और साथ मिलकर जो कुछ भी बनाया है, उसके लिए अविश्वसनीय रूप से आभारी हैं। हम आशा करते हैं कि आपको हमारी फिल्म पसंद आएगी। बता दें कि अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने सिनेमा की दुनिया में वेतन को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। अभिनेत्री ने फिल्म इंडस्ट्री में हो रही इस तरह की असमानता पर सवाल उठाए हैं। अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु ने हाल ही में फूडफार्मर से एक इंटरव्यू के दौरान सिनेमा उद्योग के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि वो कई फिल्मों कर चुकी हैं, जिसमें उन्हें उसी समान किरदार के लिए अलग-अलग वेतन दिए गए। यह चीज उनके समझ से परे है। इसके अलावा उन्होंने बताया कि कुछ बड़ी फिल्मों होती है, जिसमें फिल्म के नायक ही सबकुछ होते हैं क्योंकि वही दर्शकों को सिनेमाघरों तक लाने का काम करते हैं।

अभिनेत्री ने कहा कि वह इसे समझती हैं, लेकिन ऐसी भी फिल्में हैं जिसमें अभिनेत्रियों ने समान तरीके के किरदार किए फिर भी उनमें डिमांड में काफी अंतर रहा। आगे बातचीत में अभिनेत्री ने कहा कि उन्हें भी इंडस्ट्री में 15 साल का अनुभव हो चुका है। उन्होंने कहा कि वह अब अपने करियर में चाह रही हैं कि उन गलतियों को ना दोहराएं, जो उन्हें पहले से दिख रही हैं। आगे बातचीत में उन्होंने कहा कि वह अपनी परिस्थिति को तो नहीं बदल सकती हैं, लेकिन अपने भविष्य के बारे में कुछ कर सकती हैं। सामंथा के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री आखिरी बार वरुण धवन के साथ अमेजन प्राइम की सीरीज 'सिटाडेल : हनी बनी' में नजर आई थीं। अब अभिनेत्री बतौर फिल्म निर्माता के रूप में भी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने वाली हैं, फिल्म का नाम है 'शुभम'। वहीं दूसरी ओर साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने हाल ही में अपनी हेल्थ को लेकर बात की। सामंथा पहले भी कई बार अपनी लाइलाज बीमारी मायोसिटिस का जिक्र कर चुकी हैं। इसी बीच उन्होंने बताया कि वह इस बीमारी का इलाज किस तरह से कर रही हैं। सामंथा रुथ प्रभु ने फूडफार्मर को इंटरव्यू दिया। **:: एजेंसी**

**अभिनेत्री सामंथा ने शनिवार को आशीर्वाद लेने के लिए तिरुपति बालाजी मंदिर का दौरा किया। उनके साथ फिल्म निर्माता राज निदिमोरू भी थे। उनके दौरे के वीडियो ऑनलाइन सामने आए हैं, जिसमें दोनों पारंपरिक परिधानों में मंदिर परिसर में दिखाई दे रहे हैं। सामंथा अक्सर दिव्य आशीर्वाद लेने के लिए मंदिरों में जाती हैं।**

## परिवार संग शिरडी पहुंचीं शिल्पा शेट्टी, पति और बच्चों के साथ किए साईं बाबा के दर्शन



**फि**टनेस क्वीन शिल्पा शेट्टी हाल ही में अपने परिवार के साथ शिरडी पहुंचीं। जहां उन्होंने साईं बाबा के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद लिया। इस दौरान की तस्वीरें एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर भी शेयर की हैं, जो अब तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। तस्वीरों में शिल्पा शेट्टी साईं बाबा की पूजा करती नजर आ रही हैं। इस खास मौके पर उनके साथ उनके पति राज कुंद्रा, बेटी और मां भी मौजूद रहीं। शिल्पा ने तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, शांति, आशीर्वाद और सुरक्षा में.. ओम साईं राम। फैंस उनकी इन तस्वीरों पर जमकर प्यार बरसा रहे हैं और हजारों लाइक्स अब तक आ चुके हैं। शिल्पा ने इस मौके पर पिंक कलर का सूट पहना हुआ था, जिसमें वो बेहद सुंदर लग रही थीं। उन्होंने लाइट मेकअप किया था और बाल खुले छोड़े थे, जिससे उनका लुक और भी निखर कर सामने आया। वहीं, राज कुंद्रा येलो कलर के कुर्ते में नजर आए और अपनी बेटी को गोद में उठाए हुए थे। सभी लोग श्रद्धा भाव से साईं बाबा की पूजा करते दिखे। शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा की शादी साल 2009 में हुई थी। दोनों अब दो बच्चों, एक बेटे और एक बेटी के माता-पिता हैं। शिल्पा मुंबई में अपने पति, बच्चों और मां के साथ रहती हैं। फिल्मों से लेकर रियलिटी शोज तक शिल्पा आज भी इंडस्ट्री में एक्टिव हैं और हर साल अच्छी कमाई करती हैं। उनके पति राज कुंद्रा भी एक सफल बिजनेसमैन हैं। शिल्पा की ये सादगी और श्रद्धा देखकर फैंस उनकी तारीफें करते नहीं थक रहे हैं। साईं बाबा के दर्शन की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब पसंद की जा रही हैं। **:: एजेंसी**

## एयरपोर्ट पर स्पॉट हुई धनश्री वर्मा अचानक पीछे से आ गए एक्स पति चहल

**हा**ल ही में सोशल मीडिया पर धनश्री वर्मा का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में धनश्री वर्मा एयरपोर्ट पर स्पॉट की गई, जहां वह बेहद कैजुअल लुक में नजर आ रही थीं। हालांकि, इस वीडियो को खास बना दिया है उनके पीछे चल रहे मैच का स्क्रीन। इस वीडियो में देखा जा सकता है कि जब धनश्री वर्मा चल रही हैं, उनके पीछे बैकग्राउंड में यूजी चहल का क्रिकेट मैच चल रहा है। अब सवाल यह उठ रहा है कि क्या यह महज एक संयोग था या फिर जानबूझकर ऐसा किया गया था। इस बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं है कि यह किस प्रकार हुआ, लेकिन इंटरनेट पर लोग इस वीडियो को लेकर अपने-अपने रिएक्शन दे रहे हैं। वीडियो पर लोगों ने अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं। एक यूजर ने कमेंट किया, यह कोई संयोग नहीं है, बल्कि यूजी भाई का जलवा है। वहीं, एक और यूजर ने लिखा, संयोग नहीं तो और क्या है? कुछ यूजर्स ने तो मजेदार तरीके से लिखा, यूजी भाई तो पीछा ही नहीं छोड़ रहे, और अब तो पीछा छोड़ दे भाई। एक यूजर ने यह भी कहा, यूजी भाई हर जगह हैं। यह वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोग इस पर जमकर कमेंट कर रहे हैं। **:: एजेंसी**

## मनोरंजन के नाम पर श्रद्धा का बन रहा मजाक 10 साल के अभिनव अरोड़ा को भगवान के प्रति आस्था पड़ रही भारी?

**इ**न दिनों सोशल मीडिया पर एक नाम तेजी से चर्चा में है अभिनव अरोड़ा। मात्र 10 वर्ष की आयु में वह एक बाल कथावाचक के रूप में श्रीराम जन्मभूमि की कथा सुनाते हैं। जब वह मंच पर बैठते हैं, तो उनके भीतर की श्रद्धा, समर्पण और ज्ञान देख कर कई लोग नतमस्तक हो जाते हैं। लेकिन दुर्भाग्यवश, आज के डिजिटल युग में जहां अच्छाई को सम्मान मिलना चाहिए, वहीं देश के सबसे युवा अध्यात्मिक वक्ता अभिनव को उनके शरीर, बोली, उम्र और भक्ति के कारण ट्रोल किया जा रहा है। सोशल मीडिया पर उनके वीडियो पर भद्दे कमेंट किए जा रहे हैं, मीम बनाए जा रहे हैं और उनका मजाक उड़ाया जा रहा है। क्या अब बच्चों की मासूम श्रद्धा भी उपहास का विषय बन गई है? सोचने वाली बात यह है कि क्या केवल इसलिए कि यह कथावाचक मात्र 10 साल के हैं, उनका ज्ञान अमान्य हो जाता है? क्या मोटापा किसी की समझ और भक्ति को कम कर देता है? क्या कोई तोतली भाषा उसकी सोच को कमजोर बनाती है? ये सारे प्रश्न हमें अपने समाज के बदलते चरित्र की ओर ले जाते हैं। और इससे भी अधिक चिंता की बात यह है कि आज सोशल मीडिया अश्लीलता का सबसे बड़ा केंद्र बन चुका है। जहां एक ओर नाच-गाने और भड़काऊ कंटेंट को लाखों फॉलोअर्स और लाइक्स मिलते हैं, वहीं जब कोई बच्चा भक्ति और संस्कृति की बात करता है तो उसका मजाक उड़ाया जाता है। जो लोग अपनी श्रद्धा से कुछ अच्छा करने का प्रयास करते हैं, उन्हें नीचा दिखाने में समाज जरा भी संकोच नहीं करता। अभिनव अरोड़ा को मीडिया चौनलों पर स्थान इसलिए नहीं मिल रहा कि वह कोई वायरल चेहरा है, बल्कि इसलिए कि वह एक प्रतिभाशाली और जागरूक बालक है, जो कम उम्र में ही धर्म और संस्कृति की गहराई को आत्मसात कर रहा है। भारत में इससे पहले भी कई उदाहरण रहे हैं बालक ध्रुव, प्रहलाद और विवेकानंद जैसे नाम जिन्होंने बचपन में ही समाज को नई दिशा दी। **:: एजेंसी**

## एक्टर ने एक्ट्रेस संग की थी छेड़छाड़ गुस्से में पिता ने कर दिया बेघर

**बॉ**लीवुड के दिग्गज अभिनेता रंजीत को बॉलीवुड का एक आइकॉनिक विलेन माना जाता है। उन्होंने अपनी फिल्मों में अधिकांश समय निगेटिव रोल किए हैं और इन किरदारों के चलते वे एक स्टीरियोटाइप विलेन के रूप में पहचान बनाए हैं। वह अक्सर हीरो से लड़ते, हीरोइनों से छेड़छाड़ करते और कई बार तो अपने किरदारों में काफी हिंसक भी दिखे। लेकिन एक बार रंजीत ने खुलासा किया था कि उनके द्वारा निभाए गए ऑन-स्क्रीन किरदार के कारण उनके पिता ने उन्हें घर से बाहर निकाल दिया था। दरअसल, रंजीत ने यह मजेदार किस्सा कपिल शर्मा के शो पर सुनाया था। उन्होंने बताया, जब मैंने अपनी पहली फिल्म शर्मीली की थी, तो मेरे पिता ने मुझे घर से बाहर निकाल दिया था। रंजीत ने आगे बताया कि उनके पिता को यह बिल्कुल भी पसंद नहीं आया था कि उन्होंने फिल्म में राखी के साथ छेड़छाड़ वाला सीन किया था। इस सीन में रंजीत राखी का कपड़ा फाड़ते और उनके बाल खींचते हुए नजर आ रहे थे। उनके पिता ने गुस्से में आकर कहा, यह क्या काम है? कोई अच्छा रोल लो जैसे मेजर, ऑफिसर, एयरफोर्स ऑफिसर या डॉक्टर का रोल करो। तुमने बाप का नाम ही कटवा दिया है। अब तुम अमृतसर में कैसे जाओगे? रंजीत ने हाल ही में एक इंटरव्यू में प्रेम प्रतिज्ञा फिल्म के दौरान माधुरी दीक्षित के साथ एक महत्वपूर्ण सीन के बारे में भी बात की। **:: एजेंसी**

## उबले चावल से बनाएं बेहतरीन हेयर मास्क

**ल**म्बे, घने और खूबसूरत बाल हर किसी की चाहत होती है। इसके लिए हम अक्सर महंगे हेयर ट्रीटमेंट्स और उत्पादों की तलाश में रहते हैं, लेकिन कभी-कभी साधारण घरेलू उपाय भी चमत्कार कर सकते हैं।

उबले हुए चावल, जो कि पोषण का एक बेहतरीन स्रोत है, को विभिन्न सामग्रियों के साथ मिलाकर एक प्रभावी हेयर पैक तैयार किया जा सकता है। मेथी दाने को रात भर भिगोकर रख दें। ये बालों की ग्रोथ को बढ़ावा देने और डेंड्रफको कम करने में मदद करते हैं। चुकंदर का रस न केवल बालों को पोषण देता है, बल्कि इससे उन्हें एक शानदार रंग भी मिलता है। एलोवेरा में मौजूद पोषक तत्व बालों को हाइड्रेट करते हैं और उन्हें शाइनिंग देते हैं। एक रात पहले थोड़े से मेथी दाने को भिगो दें। भीगे हुए मेथी के बीजों और उबले हुए चावल को मिलाकर बारीक पेस्ट बना लें। अब इसमें चुकंदर का रस और ताजा एलोवेरा जेल मिलाएं। इस मिश्रण को अपने बालों पर मेहंदी की तरह लगाएं। लगभग 1 घंटे तक इसे बालों में रहने दें। एक घंटे बाद, बालों को साफपानी से धो लें और सही तरीके से कंडीशनर का इस्तेमाल करें। बालों की ग्रोथ यह पैक बालों की ग्रोथ को बढ़ावा देने में मदद करता है। हेयर फॉल में कमी नियमित उपयोग से हेयर फॉल रोकने में मदद मिलती है। मजबूती और शाइन बालों को मजबूती और प्राकृतिक चमक देने में सहायक है। लंबे और मजबूत बालों के लिए यह पैक एक सरल और प्रभावी उपाय है। सप्ताह में दो बार इसे इस्तेमाल करके आप अपने बालों की लंबाई और मजबूती में सुधार कर सकते हैं। ध्यान रखें कि किसी भी नुस्खे को आजमाने से पहले एक्सपर्ट की सलाह अवश्य लें और एक बार पैच टेस्ट करना न भूलें। **:: एजेंसी**



# प्रथम पृष्ठ का शेष समाचार

### कानून यदि सुप्रीम

उन्होंने आगे कहा कि किस कानून में लिखा है कि राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर फैसला लेना है? इसका मतलब है कि आप इस देश को अराजकता की ओर ले जाना चाहते हैं। जब संसद बैठेगी तो इस पर विस्तृत चर्चा होगी। ध्यान देने वाली बात है कि बीजेपी सांसद की यह टिप्पणी वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली कई याचिकाओं पर सर्वोच्च न्यायालय में चल रही सुनवाई के बीच आई है। इससे पहले शुक्रवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता कल्याण बनर्जी ने वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर भारतीय जनता पार्टी के नेता और वक्फ विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष जगदंबिका पाल की आलोचना की। टीएमसी नेता ने जगदंबिका पाल को अलोकतांत्रिक व्यक्ति भी कह डाला। कल्याण बनर्जी ने शुक्रवार को कहा था कि जगदंबिका पाल को अपने घिनौने काम के कारण तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। वह एक अलोकतांत्रिक व्यक्ति हैं। वक्फ अधिनियम केवल सदस्यों की संख्या के आधार पर पारित किया गया है। मैं आश्वासन दे सकती हूं कि इसे असंवैधानिक घोषित किया जाएगा।

जानकारी दें कि बीजेपी नेता और वक्फ विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने कहा कि यदि यह पाया गया कि संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट असंवैधानिक है तो वह अपने पद से इस्तीफा दे देंगे। जगदंबिका पाल ने कहा कि मैंने पहले भी कहा है कि अगर हमारी ओर से बनाई गई रिपोर्ट असंवैधानिक है या धार्मिक स्वतंत्रता में हस्तक्षेप करती है, तो मैं इस्तीफा दे दूंगा।

### हेलीकाप्टर संकट से

सिमुलेटर पर अभ्यास करना पड़ रहा है। इसी साल 5 जनवरी को गुजरात के पोरबंदर में तटरक्षक बल का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटना का शिकार हुआ था। इस हादसे में दो पायलटों और एक एयरक्रू डाइवर की जान चली गई थी। इसके बाद सभी ध्रुव एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टरों को ग्राउंड कर दिया गया था। शुरुआती जांच में जानकारी मिली कि हादसा हेलीकॉप्टर में स्वैशप्लेट फ्रैक्चर के कारण हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि अन्य एएलएच में भी ऐसी ही समस्या देखने को मिल सकती है। इस वजह से इन्हें ग्राउंड किया गया है। उधर, जांच में एचएएल भारतीय विज्ञान संस्थान बेंगलुरु की मदद भी ले रहा है। उम्मीद है कि अप्रैल के अंत तक संस्थान अपनी रिपोर्ट सौंप देगा। सेना हेलीकॉप्टर की कमी से जूझ रही है। इस बीच एक अधिकारी ने कहा कि उम्मीद की किरण यह है कि सेना ने उत्तरी और पश्चिमी सीमाओं पर ऊंचाई वाले चौकियों पर सैनिकों के परिवहन और रसद की आपूर्ति में कुछ सिविल हेलिकॉप्टरों का इस्तेमाल कर रही है।

अधिकारी ने आगे कहा कि सेना के उत्तरी और मध्य कमान ने पिछले नवंबर में सिविल हेलिकॉप्टरों का इस्तेमाल शुरू किया। अगर ऐसा नहीं किया गया जाता तो अग्रिम मोर्चे पर तैनात सैनिकों तक आपूर्ति पहुंचाना बेहद मुश्किल हो जाता।

### दिल्ली में बारिश

मौसम विभाग के अनुसार, नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के कारण शुक्रवार रात और शनिवार को कई जिलों में गरज-चमक से साथ बारिश होने की संभावना है। इसके अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में मेघ गर्जन के साथ वज्रपात का अलर्ट जारी किया गया है। शुक्रवार को मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटों में बागेश्वर, चमोली, देहरादून, पिथौरागढ़, रुद्र प्रयाग, टिहरी गढ़वाल, उत्तर काशी सहित उत्तराखंड के कुछ स्थानों पर गरज के साथ बारिश होने की संभावना है। आईएमडी ने आने वाले मजबूत पश्चिमी विक्षोभ के कारण 18 अप्रैल से 21 अप्रैल के बीच हिमाचल प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बारिश की भविष्यवाणी की थी। आईएमडी के अनुसार, एक मजबूत पश्चिमी विक्षोभ के राज्य पर प्रभाव पड़ने की उम्मीद है, जिसके परिणामस्वरूप अधिकांश क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश और ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भारी बारिश होगी। भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने अपने प्रारंभिक पूर्वानुमान में अप्रैल के पहले हफ्ते से ही देश के कई हिस्सों में हीट वेव (लू) की चेतावनी जारी की थी। हालांकि, राजस्थान एवं गुजरात के कुछ हिस्से में ऐसा देखा भी गया, लेकिन पहाड़ों पर हिमपात ने शुक्रवार से फिर मौसम को पलट दिया। मौसम विभाग के ताजा पूर्वानुमान में देश के पश्चिमी हिस्से को 20 अप्रैल तक लू से मुक्ति मिलने की संभावना नहीं है। हिमालयी क्षेत्र एवं उत्तर-पश्चिम भारत के मैदानी क्षेत्रों में अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा, गरज के साथ तूफान, बिजली चमकने एवं तेज हवाएं चलने की संभावना है। इस दौरान जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, गिलगित, बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद एवं हिमाचल प्रदेश में कहीं-कहीं भारी वर्षा हो सकती है।

### डॉ राजेश्वर सिंह

अगले महीने में 5 नए ताराशक्ति केंद्रों की स्थापना की योजना है।

**सम्मानित सेंटर संचालिकाएं-शहरी क्षेत्र :** किरण भंडारी (अर्जुनगंज), रेणु सिंह (गोपालखेड़ा), संतोष (एसजीपीजीआई), पूनम सिंह (नीलमथा), सीमा कनौजिया (रजनीखंड), अर्चना (बंगला बाजार), सीतू (कल्लीपुरब), पूनम (बाबुखेड़ा), नीरज सिंह (रश्मिखंड), बबीता सिंह (देवी खेड़ा), कांति पांडेय (सदरौना), कमला (अलीनगर सुनहरा), प्रतिभा (रामाबाई), सीमा (आज़ादनगर), दीपमाला (वृंदावन योजना)

**ग्रामीण क्षेत्र :** प्रियंका (परवर पश्चिम), सुमन (बीबीपुर), आरती मौर्य (पानखेड़ा), कुस्मा (शिवरी), अल्पना (कन्नीखेड़ा), मधु (लतीफ़नगर), रागिनी (बेंती), प्रियंका अवस्थी (रामचौरा), सुनीता/सलमा (मौंदा), अर्चना (कुरौनी), राम दुलारी देवी (जंगलीखेड़ा), मुन्नी देवी (हिम्मतखेड़ा), सरस्वती (गहलवारा), गीता (दोना), उषा (साहिजनपुर)। ताराशक्ति केंद्र आज सिर्फ एक सामाजिक पहल नहीं, बल्कि महिला जागरण का जन आंदोलन बन चुके हैं। डॉ. राजेश्वर सिंह का यह अभियान न केवल महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रहा है, बल्कि समाज की सोच को भी नई दिशा दे रहा है। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नारी शक्ति अभिनंदन के और सी एम योगी की मिशन शक्ति के सपने को सरोजनीनगर की धरती पर सच्चे अर्थों में साकार कर रही है।

### मुर्शिदाबाद पहुंचे पश्चिम

की जरूरत है, तो हम केंद्र बल भेजने के लिए तैयार हैं। उन्होंने दौरे की रिपोर्ट केंद्र सरकार को सौंपने की भी बात कही। एनएचआरसी की टीम ने शुक्रवार को मालदा के परलालपुर हाई स्कूल का दौरा किया था। इस बीच, राष्ट्रीय महिला आयोग (सीडब्लयूसी) की टीम ने भी राहत शिविरों का दौरा किया। सीडब्लयूसी की अध्यक्ष विजया रहाटकर गुरुवार को कोलकाता पहुंची थीं। 11 अप्रैल को हुई हिंसा के दौरान मारे गए बाप-बेटे के परिवार से मिलने के बाद, विजया रहाटकर ने कहा, ये लोग इतने दर्द में हैं कि मैं अभी बोल नहीं पा रही हूं। मेरे पास उनके दर्द को बयां करने के लिए शब्द नहीं हैं। सीडब्लयूसी सदस्य अर्चना मजूमदार ने कहा, कुछ महिलाओं ने अपने पति खो दिए, कुछ ने अपने बेटे को खो दिया। लोगों को उनके घरों से बाहर निकाला गया और मार डाला गया। मुझे नहीं पता कि पश्चिम बंगाल में ऐसी घटनाएं पहले कभी हुई हैं या नहीं। हमने यह सब पहली बार देखा है। सरकार को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। वहीं, पश्चिम बंगाल बीजेपी विधायक अग्निमित्र पॉल ने कहा मुर्शिदाबाद में जो हुआ वह आंखें खोलने वाला था। जिहादी सनातनी लोगों के घर, दुकानें और मंदिर जला रहे हैं। क्या यह सीरिया, अफगानिस्तान या पाकिस्तान है? पॉल ने जांच के लिए राष्ट्रीय जांच एजेंसी की मांग की। उन्होंने कहा- लोगों को पता होना चाहिए कि वास्तव में क्या हुआ था और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की इसमें क्या भूमिका थी।

### कैटरिंग ठेकेदार ने जहर खाया, गोदाम में शव मिला

**लखनऊ, चसं।** सरोजनी नगर में कैटरिंग ठेकेदार ने जहर खाकर सुसाइड कर लिया। उसका शव गोदाम में पड़ा मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हाइडिल कॉलोनी में रहने वाले 35 वर्षीय कैटरर्स सोनू ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जान दे दी। मृतक सोनू अपने पिता परशुराम के साथ कैटरिंग का काम करता था। शुक्रवार रात को जब वह अपने गोदाम से घर नहीं लौटा, तो उसका भाई अभिषेक उसे खोजने गया। गोदाम में सोनू तख्त पर लेटा मिला। वह उल्टियां कर रहा था।

परिवार ने तुरंत उसे सरोजनी नगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। सोनू के परिवार में पत्नी सुमन और दो बेटे शिवांश और शिवम हैं। पुलिस को घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। आत्महत्या का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। मृतक के परिवार ने भी किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों की तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सैनिक के बैंक खाते से 4.70 लाख निकाले, जम्मू-कश्मीर में तैनाती के दौरान ठगी हुई

**लखनऊ,चसं।** बख्शी का तालाब थाना क्षेत्र में एक सैनिक के साथ साइबर ठगी का मामला सामने आया है। बीकेटी थाना क्षेत्र के रूदही गांव की डिफेंस कॉलोनी निवासी पंकज कुमार सिंह के बैंक खाते से अज्ञात साइबर अपराधियों ने 4 लाख 70 हजार रुपए निकाल लिए। पंकज कुमार सिंह साइबर ठगी के समय जम्मू-कश्मीर में तैनात थे। उन्होंने बताया कि 22 से 24 दिसंबर 2024 के बीच यह घटना हुई। अपराधियों ने एक मोबाइल नंबर से उनके स्टेट बैंक ऑफइंडिया के दो अलग-अलग खातों से पैसे ट्रांसफर कर लिए। पीड़ित जब छुट्टी पर घर आया, तब उसने साइबर सेल हजरतगंज में शिकायत दर्ज कराई। इस शिकायत का सीएनएन नंबर 8061६2024 है। अब वह दोबारा छुट्टी पर आया है और बीकेटी थाने में भी शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### साहित्यकारों ने प्रेमचंद-निराला की रचनाओं से समझाई अवधारणा

**लखनऊ, चसं।** लखनऊ के खुन खुन जी गर्ल्स पीजी कॉलेज में हिंदी साहित्य में प्रगतिवाद विषय पर एक महत्वपूर्ण संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कॉलेज के कल्चरल क्लब श्कलायनमश् और उत्तर प्रदेश भाषा संस्थान ने मिलकर इस कार्यक्रम का आयोजन किया। वरिष्ठ साहित्यकार रश्मि ने कार्यक्रम का संयोजन किया। उन्होंने मुंशी प्रेमचंद की ईदगाह और निराला की वह तोड़ती पत्थर के माध्यम से प्रगतिवाद को समझाया।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक विजय शंकर शर्मा द्वारा ग्रुप 5 प्रकाशन 55-बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं डी-206-सी, विभूतिखण्ड गोमती नगर लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादक- विजय शंकर शर्मा
(M.)- 9628478339, 9335322739 Ph: 0522- 4075237 Fax: 0522- 2306048 Email- charchitrajnit@gmail.com

# रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने जिला प्रतिनिधियों और मंडल अध्यक्षों से किया संवाद

## केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने गिनाई ब्रह्मोस, रिंग रोड और टी 3 जैसी उपलब्धियां

**चर्चित राजनीति। विशेष संवाददाता**

**लखनऊ।** राजनाथ सिंह विधानसभा में गोल्डन सेलिब्रेशन महानगर पदाधिकारी जिला प्रतिनिधियों और मंडल अध्यक्षों के साथ संवाद किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पारिवारिक माहौल में सभी से व्यक्तिगत रूप से परिचय प्राप्त किया और एक घंटा विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राजनाथ सिंह ने कहा कि कोई भी पद और दायित्व छोटा बड़ा नहीं है सभी बराबर है। पूरी ईमानदारी और निष्ठा से से कार्य करिए। आप एक संगठन से जुड़कर कार्य कर रहे हैं परमात्मा ने आपको अवसर दिया है यह सबसे बड़ा कार्य है। संगठन की शक्ति है कि आप देश के रक्षा मंत्री के साथ जुड़े हैं।।

मेरे पास दिल्ली में किसी भी कार्यकर्ता का फोन जाता है तो मैं उससे वार्ता अवश्य करता हूं उस समय कहीं व्यस्त हुआ तो मैं पलट कर भी फोन करता हूं। अपनी क्षेत्र की जनता से निरंतर संपर्क व संवाद अववय करें। उनके दुख सुख में जरूर शामिल हो। सुख में भले ही ना पहुंच पाए लेकिन दुख में अवश्य पहुंचे। मैं जब भी लखनऊ आता हूं किसी कार्यकर्ता के परिवार मैं कोई दुखद सूचना मिलती है तो मैं पहुंच कर परिवार वालों से भेंट करके शोक संवेदना व्यक्त करता हूं। आपके पास कोई पद नहीं है लेकिन जन बल है तो सबसे बड़ा बल है। यदि आपको जनता का इसने और आशीर्वाद प्राप्त है आप सबसे बड़े नेता है। जनता की सेवा करते रहिए । समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी सबसे महत्वपूर्ण है। मैं जब पहली बार सांसद बना था मैंने तभी कहा था लखनऊ में विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशन बनेगा और आज रेलवे स्टेशन विश्व स्तरीय स्टेशन है। अटल जी के सपनों का लखनऊ साकार करने में काम करने का अवसर मिल रहा है यह मेरे लिए बहुत गौरव की बात है। कार्यक्रम के दौरान सर्वाधिक सक्रिय सदस्य बनाने वाले मंडल अध्यक्षों को सम्मानित किया और बनाए हुए सदस्यों से भी व्यक्तिगत रूप से मिलने का निर्देश दिया।रक्षा मंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का व्यक्तित्व अभूतपूर्व था जिस पर मैंने एक आर्टिकल लिखा था जो कि देश के 172 अखबारों में छपा था। आप लोगों को भी भीमराव अंबेडकर के विचारों और उनकी नीतियों को जानकर उसका अनुसरण अवश्य करना चाहिए।

रक्षामंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने आज कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अगले राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए प्रयास करना चाहिए। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में सांसद खेल महाकुंभ में उन्होंने कहा, खेलों को हम लोग बहुत गंभीरता से लेते हैं। हमारी सरकार प्रयास कर रही है कि 2036 में ओलंपिक खेलों का आयोजन गुजरात में हो। विश्व स्तरीय खेलों के आयोजन के सिलसिले में भी प्रयास किए जा रहे हैं। मेरा मानना है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को अगले राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए प्रयास करना चाहिए। भारतीय ओलंपिक संघ के अनुसार लखनऊ ने 1948 में स्वतंत्र भारत में पहले राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी की थी।

लखनऊ खेल संस्कृति के लिए कितना प्रसिद्ध है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि आजादी के बाद जब पहली बार राष्ट्रीय खेलों का आयोजन इसी शहर में किया गया था। आज पूरा देश राष्ट्र को सर्वोपरि रखते हुए खिलाड़ियों की तरह सोच रहा है।





### ● प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक नयी खेल संस्कृति विकसित हुई है

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2047 तक विकसित भारत के निर्माण का लक्ष्य रखा है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में देश के प्रत्येक राज्य और प्रत्येक जिले के हरेक नागरिक की भूमिका है।विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित लखनऊ की कल्पना सीधे विकसित भारत से जुड़ी हुई है। भारत के प्रत्येक नागरिक को एक लक्ष्य और संकल्प के साथ आगे बढ़ना होगा।खेलो इंडिया पर प्रकाश डालते हुए कहा, जमीनी स्तर पर 1,000 खेलो इंडिया केंद्रों पर हजीरों खिलाड़ी प्रशिक्षण ले रहे हैं। आज के बदलते भारत में छोटे शहरों की प्रतिभाओं को आगे आने का मौका मिल रहा है।

आज खेलो इंडिया के तहत 3,000 से ज्यादा खिलाड़ियों को 50,000 रुपये प्रतिमाह की सहायता दी जा रही है, जिससे प्रशिक्षण, आहार, कोचिंग, किट, जरूरी उपकरण और दूसरी जरूरतें पूरी करने में मदद मिलती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में एक नयी खेल संस्कृति विकसित हुई है।पहले भारतीय खिलाड़ी जीतने से ज्यादा भाग लेने से संतुष्ट होते थे लेकिन आज दुनिया में जहां भी भारतीय खिलाड़ी जाते हैं, उन्हें गंभीरता से लिया जाता है। इस बदलाव के पीछे बड़ी वजह केंद्र और हमारी उत्तर प्रदेश सरकार की खेल हितैषी नीतियां हैं। जब खिलाड़ी मैदान में उतरते हैं, तो उनका लक्ष्य होता है, खुद को और टीम को विजयी बनाना। खिलाड़ी हमेशा टीम को व्यक्तिगत से ऊपर रखना जानता है। यह भावना बाद में राष्ट्र प्रथम के रूप में सामने आती है। प्रधानमंत्री से प्रेरित कई सांसदों ने अपने निर्वाचन क्षेत्रों में खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करके समाज के विकास के लिए एक नया मार्ग प्रशस्त किया है। आज लखनऊ का नाम भी उस सूची में जुड़ गया है।

**मेयर गिरीं, पैर फ्रैक्चर, राजनाथ सिंह के कार्यक्रम से निकलते फिसलीं :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ दौरे पर हैं। शनिवार को उनके कार्यक्रम में पार्टी के कई नेता समेत लखनऊ मेयर सुषमा खर्कवाल भी मौजूद थीं। कार्यक्रम में मेयर का पैर फिसल गया, जिससे वह गिर पड़ीं। उनके पैर में गंभीर चोट आई है। पैर पर प्लास्टर चढ़ाया गया है। वह प्रोग्राम खत्म के बाद मंच से उतर रही थीं, उसी दौरान पैर मैट से उनका पैर उलझ गया। इससे वह लड़खड़ाकर गिर गईं। बाद में वह कार्यक्रम स्थल से खुद चलकर बाहर आईं। इस दौरान हल्का लड़खड़ा रही थीं। टीम के साथ वह सीधे बलरामपुर हॉस्पिटल पहुंचीं। वहां डॉक्टरों ने उनके पैर में फ्रैक्चर की पुष्टि की। उसके बाद प्लास्टर चढ़ाया गया। चिकित्सकों ने उन्हें कम से कम 10 दिन आराम करने की सलाह दी है। मेयर ने नगर निगम प्रशासन और कार्यकर्ताओं से कहा है कि वह जल्द ठीक होकर लौटेंगी। राजनाथ सिंह ने लखनऊ पश्चिम मंडल-3, मध्य मंडल-1 और महानगर मंडल के कार्यकर्ताओं से अलग-अलग बैठकों में सीधा संवाद किया। मुन्नू खेड़ा स्थित एसएमडी लॉन में आयोजित संवाद में करीब 340 कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। सबने अपने इलाकों की समस्याएं खुलकर रखीं। 45 मिनट तक चले संवाद में बिजली, सीवर, नाली, खड़ंजा, ट्रैफिक और पानी की समस्याएं कार्यकर्ताओं ने जमकर उठाईं। इस पर लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह ने कहा सब्र रखिए। हर समस्या हल होगी। लखनऊ को देश का आदर्श शहर बनाएंगे। संवाद के दौरान महिला कार्यकर्ताओं ने मोहल्लों में जलभराव, टूटी नालियां, समय पर कूड़ा न उठना और बिजली कटौती को लेकर खासतौर पर शिकायतें दर्ज कराईं। कहा कि चुनाव के समय अधिकारी सक्रिय दिखते हैं, लेकिन उसके बाद समस्याएं जस की तस रहती हैं। राजनाथ सिंह ने सभी कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाते हुए कहा सब्र रखिए, जो भी समस्या आप बता रहे हैं, उसकी पूरी समीक्षा की जा रही है। महानगर अध्यक्ष, महापौर और विधायक मिलकर हर फीडबैक मेरे पास पहुंचा रहे हैं। जल्द ही आपको सकारात्मक परिणाम दिखेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि क्षेत्र में कई अंडरपास बन रहे हैं, और ओवरब्रिज की योजना पर तेजी से काम चल रहा है, जिससे जाम और ट्रैफिक की समस्याएं खत्म होंगी।कार्यकर्ताओं ने सुझाव दिए कि स्थानीय स्तर पर जनसुनवाई की प्रक्रिया को और मजबूत किया जाए। साथ ही, नए बूथ स्तर की कार्यकारिणी में सक्रिय कार्यकर्ताओं को जगह देने की भी मांग की गई। राजनाथ बोले-आपका भरोसा ही मेरी ताकत है। कार्यकर्ताओं से कहा आपका भरोसा ही मेरी और भाजपा की असली ताकत है। अगर कहीं समस्या है, तो जिम्मेदारी मेरी भी है उसे दूर करने की। लखनऊ को देश का आदर्श शहर बनाना हमारा साझा संकल्प है। दिन की शुरुआत में राजनाथ सिंह ने मुन्नू खेड़ा स्थित एसएमडी लॉन में पश्चिम मंडल-3 के कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। यहां उन्होंने कहा चुनाव सिर्फ प्रचार से नहीं, कार्यकर्ताओं के निष्ठावान परिश्रम से जीते जाते हैं। आपके प्रयास ही हमारी असली ताकत हैं।

दोपहर बाद गोमतीनगर स्थित होटल दयाल पैराडाइज में मध्य मंडल-1 के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे, जहां बूथ स्तर की तैयारियों पर विशेष चर्चा करेंगे। शाम को अंतिम बैठक महानगर के पदाधिकारियों, मंडल अध्यक्षों और जिला प्रतिनिधियों के साथ गोल्डन सेलिब्रेशन में आयोजित किया जाएगा, जहां संगठन की मजबूती, आगामी रणनीति और विपक्ष की चुनौतियों पर चर्चा की जाएगी। बैठकों में महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक योगेश शुक्ला, ओपी श्रीवास्तव, एमएलसी पवन सिंह चौहान, त्रिलोक अधिकारी, पुष्कर शुक्ला सहित कई मंडल अध्यक्ष और जिला स्तरीय नेता मौजूद रहे।

## डिप्टी-सीएम केशव बोले, अखिलेश खुद सबके लिए खतरा, गांधी परिवार की गुलाम बन गई है कांग्रेस



**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**वाराणसी।** वाराणसी में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने अखिलेश और कांग्रेस पर जुबानी हमला बोला। अखिलेश यादव की सुरक्षा बढ़ाने कि सपा कार्यकर्ताओं की मांग पर कहा कि उनके पास तो पहले से ही गुंडे, माफिया, दंगाई हैं। सपा माफियाओं की पार्टी है। अखिलेश यादव तो स्वयं दूसरों की सुरक्षा के लिए खतरा बने हुए हैं। उन्हें सुरक्षा चाहिए तो वह उचित जगह मांग करें। अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी समाप्तवादी पार्टी होने वाली है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के ईडी को खत्म करने वाले बयान पर कहा कि परचून का दुकान नहीं है जो ईडी को समाप्त कर दिया जाए।

ईडी का स्ट्राइक रेट 98 फीसदी है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अखिलेश यादव तो यूपी के विकास में रोड़ा बने थे। केंद्र सरकार जब समाजवादी पार्टी को विकास के लिए फंड दिया जाता था तो उनके पास विजन नहीं था। यह विकास के लिए बैरियर की तरह थे इसलिए जनता ने हटा दिया। कांग्रेस के प्रदर्शन पर पार्टी को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि नेशनल हेराल्ड मामले में इन्हें न्यायालय जाना चाहिए लेकिन यह ईडी के दफ्तर, सड़क पर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं। इसका मतलब साफ है कि कांग्रेस पार्टी गांधी परिवार की गुलाम है। राहुल गांधी के गुजरात चुनाव में बीजेपी को हराने के दावे पर कहा कि उनको हम रायबरेली में हरा देंगे। पश्चिम बंगाल के मुद्दे पर केशव बोले कि टीएमसी के गुंडे वहां पर हिंसा कर रहे हैं। कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं, हिंदू पलायन कर रहे हैं।।आने वाले चुनाव में इसका खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ेगा।

**गुंडे आग में घी डालने का कर रहे काम :** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने वक्फसंशोधन अधिनियम को लेकर कहा कि यह कानून 90 प्रतिशत से अधिक मुसलमानों के जीवन में खुशहाली लाने वाला है। कुछ लोग पहले वक्फके नाम पर जमीनों पर कब्जा कर करोड़ों रुपये की रकम अपने घर ले जाते थे। नए कानून के बाद ऐसे लोग हताश हैं। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस, सपा और तृणमूल कांग्रेस पर भी निशाना साधा। ये पार्टियां देश में तुष्टिकरण की राजनीति करती हैं। नया कानून बनने के बाद इन पार्टियों में हताशा है। वोट बैंक के लिए मुसलमानों का इस्तेमाल ये पार्टियां करना चाहती हैं, उनकी दुकानें बंद होंगी।

भाजपा की अल्पसंख्यक शाखा मुसलमानों के बीच जाकर उन्हें वक्फ संशोधन अधिनियम के फायदे बताएगी।उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आगरा दौरे पर भी निशाना साधा। श्री यादव राणा सांगा के बयान को लेकर विवादों में फंसे सपा सांसद रामजीलाल सुमन से मिलने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने योगी सरकार पर निशाना साधा था। मौर्य ने कहा कि सपा सांसद के बयान को वापस लेकर विवाद समाप्त किया जा सकता था लेकिन आप और आपकी पार्टी के गुंडे आग में घी डालने का काम कर रहे हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा कि अखिलेश यादव नौटंकी करना बंद कीजिए। फर्जी परिवार डेवलपमेंट एजेंसी की अब हवा अब निकल चुकी है। देश को जोड़ने की राजनीति करें,देश तोड़ने की राजनीति करना सही नहीं है। आपको राष्ट्रीय एकता का पाठ पढ़ना जरूरी है। आज कहीं भी जातिवाद, परिवारवाद और तुष्टिकरण की राजनीति का समय नहीं बचा है। उत्तर प्रदेश में 2027 में तीसरी बार बीजेपी की सरकार बनेगी।

## विश्व धरोहर दिवस पर राज्य संग्रहालय में विविध कार्यक्रमों का आयोजन

**चर्चित राजनीति। संवाददाता**

**लखनऊ।** राज्य संग्रहालय, लखनऊ द्वारा शैक्षिक कार्यक्रमों की श्रृंखला के अन्तर्गत विश्व धरोहर दिवस-18 अप्रैल, 2025 के उपलक्ष्य में यूनेस्को के शिक्षा, विज्ञान और संस्कृति में अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग के माध्यम से शांति स्थापित करने के उद्देश्य से ऐतिहासिक धरोहर एवं संस्कृति को संरक्षित करने, प्रोत्साहित करने एवं नई पीढ़ी को अपनी धरोहरों से परिचित कराने की परिकल्पना को साकार करने के उद्देश्य से डॉ. सृष्टि धवन निदेशक, राज्य संग्रहालय, लखनऊ के मार्गदर्शन में शैक्षिक प्रभारी डॉ. मीनाक्षी खेमका-सहायक निदेशक द्वारा विश्व धरोहर दिवस के उपलक्ष्य में 17 अप्रैल से 23 अप्रैल, 2025 तक विविध कार्यक्रम आयोजित कराये जा रहे हैं।

इस श्रृंखला में 17 अप्रैल को राज्य संग्रहालय, लखनऊ में भारत की सांस्कृतिक विश्व विरासत विषयक छायाचित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है जो दिनांक 23 अप्रैल, 2025 तक दर्शकों के अवलोकनार्थ खुली रहेंगी। इसी क्रम में आज 19 अप्रैल को दयानन्द इण्टर कॉलेज, महानगर, लखनऊ में ''राज्य संग्रहालय, लखनऊ में संकलित धरोहरों की छायाचित्र प्रदर्शनी'' का आयोजन किया गया तथा विश्व धरोहर दिवस की थीम आपदा और संघर्ष प्रतिरोधी विरासत विषय को ध्यान में रखकर प्रदर्शनी का अवलोकनध्भ्रमण कराते समय उक्त थीम पर व्याख्यान का आयोजन भी किया गया। विश्व की विरासत पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का भी आयोजन सरस्वती विद्यालय कन्या इंटर कॉलेज, लखनऊ एवं दयानन्द इण्टर कॉलेज, महानगर, लखनऊ में किया गया, जिसमें कक्षा-09 से 12 तक के लगभग 125 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के परिणामस्वरूप क्रमशः मुस्कान को प्रथम, माही को द्वितीय एवं दिव्या ने तृतीय स्थान तथा



ईशा राजपूत को प्रथम, कल्पना चौधरी द्वितीय, अमीरा तृतीय तथा शालिनी, आकृति यादव एवं शिवांगी पाण्डेय को प्रोत्साहन पुरस्कार तथा समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिये गये।

कार्यक्रम को सफल बनाने मे कार्यक्रम प्रभारी डॉ0 मीनाक्षी खेमका, सहायक निदेशक, अल-शाज फात्मी, सहायक निदेशक के साथ डॉ. अनिता चौरसिया, शारदा प्रसाद त्रिपाठी, प्रमोद कुमार, प्रीती साहनी, शालिनी श्रीवास्तव, राहुल सैनी, अनुराग द्विवेदी, अरूण मिश्रा, रामू विश्वकर्मा, सत्यपाल शर्मा, पूनम सिंह, परवेज एवं विद्यालयों के शिक्षकों आदि की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

**विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर तारीखी इमारतों और विरासतों को बचाना बेहद जरूरी :** विश्व धरोहर दिवस पर तारीखी इमारतों और विरासतों को बचाना बेहद जरूरी ताकि आने वाली नस्लों के काम आ सके। भारत 1977 से वर्ल्ड हेरिटेज का एक मेंबर है। विश्व धरोहर दिवस मनाने का मकसद यह है की लोगों को और खास कर नौजवानों को तारीखी इमारतों एवम विरासतों से रूबरू कराने का मौका मिले और इसकी हिफाजत करने में सभी लोगों का कोऑपरेशन मिल सके। विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर सल्तनत मंजिल, हामिद रोड, निकट सिटी स्टेशन, लखनऊ में हुई मीटिंग में नवाबजादा सैय्यद मासूम रजा, एडवोकेट ने आगे कहा की लखनऊ की तारीखी इमारतों और विरासतों का रख रखाव सही तरीके से हो ताकि यह कभी बदरंग न हों और हमेशा खूबसूरत दिखें। टूरिस्ट स्पॉट को हमेशा साफ सुथरा रक्खा जाएऔर लोगों को अपनी जिम्मेदारी का एहसास हो, उन्होंने आगे कहा की लखनऊ शहर की खूबसूरती इन आलमी शोहरत याफता इमारतों व विरासतों से है। जब यह इमारतें चमकेगी तो लोगों को फख्र महसूस होगा और हर किसी को लखनऊ आने पर खुशी का एहसास होगा।

इन तारीखी इमारतों व विरासतों के तहफ्फुज में सभी तबके का कोऑपरेशन बेहद जरूरी है और लोगों में बेदारी लाना भी बेहद जरूरी है। इस काम में सबसे एहम रोल नौजवानों व छात्रों को निभानी होगी।नवाबजादा रजा ने आगे कहा की भारत सरकार व सूबे की सरकार ही नहीं हम सबकी जिम्मेदारी है की हम अपनी तहजीब व शफकत और विरासत को बचाएं ताकि आने वाली नस्लों के काम आ सके। हमें हर हाल में अपनी तारीखी इमारतों व विरासतों को बचाना है।

**उप्र. पर्यटन विभाग 14 करोड़ रुपए से अधिक की राशि से करेगा पर्यटन सुविधाओं का विकास :** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में पर्यटन विभाग ने अमेठी जिले में 14 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि से विभिन्न स्थलों पर पर्यटन सुविधाओं के विकास का निर्णय लिया है। विभाग द्वारा स्वीकृत राशि से धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व के स्थलों का विकास किया जाएगा।

## गरीब मुसलमानों के हित में है वक्फ कानून

**लखनऊ, चसं।** बीजेपी के राष्ट्रीय महामंत्री राधा मोहन दास अग्रवाल ने कहा कि देश में वक्फ संपत्तियों की लूट हो रही है,जो भाजपा होने नहीं देगी। वक्फसंपत्तियों के अवैध कब्जेदार बेनकाब होंगे। वक्फ संशोधन अधिनियम गरीब मुसलमानों के हित में है लेकिन विपक्ष मुस्लिमों को गुमराह कर रहा है।

# देश-विदेश डायरी

## संघर्षविराम टूटते ही इजरायली बमबारी से दहला गाजा, 90 से अधिक मौतें



**गाजा, एजेंसी।** गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि पिछले 48 घंटों के दौरान इजरायली हवाई हमलों में 90 से अधिक लोग मारे गए हैं। इन हमलों में कई लोग घायल भी हुए हैं। यह घटना इजराइल द्वारा गाजा पर हमलों को तेज करने के दौरान हुई है, और संयुक्त राष्ट्र ने इस बात को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की है कि इजरायली रक्षा बल ने गाजा में आवश्यक खाद्य और चिकित्सा सहायता की आवाजाही को रोक दिया है, जिससे वहाँ मानवीय संकट और भी गहरा गया है। पिछले महीने इजराइल और हमास के बीच संघर्षविराम समाप्त हो गया था, जिसके बाद इजरायल ने फिर से गाजा पर बमबारी तेज कर दी। इजरायली सेना ने गाजा के बड़े हिस्सों पर कब्जा कर लिया है और यह क्षेत्र में संघर्ष को और बढ़ा दिया है। इस दौरान सैकड़ों लोग मारे गए और बड़ी संख्या में लोग घायल हुए। इजरायल की इस बमबारी का उद्देश्य हमास को इस शर्त पर सहमति बनाने के लिए दबाव डालना था कि वे समझौते में कुछ बदलाव स्वीकार करें। गुरुवार की सुबह इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 23 लोग मारे गए। इनमें एक परिवार के 10 सदस्य और एक फोटो पत्रकार शामिल हैं, जिन्हें हाल ही में कान फिल्म महोत्सव में सम्मानित किया गया था। यह हमला इजरायली सेना द्वारा गाजा शहर के विभिन्न हिस्सों में किया गया, जहां नागरिकों और मानवाधिकार कार्यकर्ताओं का कहना है कि हमलों का निशाना नागरिक इलाके थे, न कि केवल आतंकी ठिकाने। गाजा में स्थिति बेहद गंभीर हो गई है। अस्पतालों में बुरी तरह से घायल लोग इलाज के लिए आ रहे हैं, लेकिन संसाधनों की भारी कमी है। चिकित्सा सेवाओं में दबाव बढ़ने के कारण, अस्पतालों को अपनी कार्यक्षमता सीमित करनी पड़ी है। खाद्य और चिकित्सा सहायता की कमी ने स्थिति और भी बिगाड़ दी है। संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठनों ने इस हिंसा को रोकने की अपील की है और गाजा में आवश्यक सहायता भेजने की मांग की है, लेकिन फिलहाल स्थिति में कोई ठोस सुधार नहीं हो पाया है।

## भूकंप के झटकों से दहला पड़ोसी देश पाकिस्तान

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान में शनिवार को 5.9 तीव्रता का भूकंप आया, लेकिन अभी तक किसी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं मिली है। राष्ट्रीय भूकंपीय निगरानी केंद्र के अनुसार, भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान सीमा क्षेत्र के पास 94 किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप पूर्वाह्न 11.47 बजे दर्ज किया गया। इस्लामाबाद, लाहौर, पेशावर, रावलपिंडी और खैबर पख्तूनख्वा के विभिन्न हिस्सों समेत पाकिस्तान के एक बड़े क्षेत्र में भूकंप के झटके महसूस किए गए। खैबर पख्तूनख्वा के निचले दीर, बाजौर, मलकंद, नौशेरा, दीर बाला, शबकदर और मोहमंद क्षेत्रों में भूकंप के सबसे शक्तिशाली झटके महसूस किए गए, जिससे निवासियों में व्यापक दहशत फैल गई। अभी तक कहीं से जान-माल के नुकसान की खबर नहीं आई है। पिछले शनिवार को पाकिस्तान की राजधानी और खैबर पख्तूनख्वा और पंजाब प्रांतों के कुछ हिस्सों में 5.5 तीव्रता का भूकंप आने के बाद यह एक सप्ताह में दूसरा भूकंप था। पाकिस्तान में अक्सर अलग-अलग तीव्रता के भूकंप आते रहते हैं। सबसे घातक भूकंप 2005 में आया था, जिसमें 74,000 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी।

## कनाडा में भारतीय छात्रा की मौत, परिजनों ने की शव को स्वदेश वापस लाने की मांग

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा के हैमिल्टन में भारतीय छात्रा की मौत पर शनिवार को परिजनों का बयान सामने आया है। परिजनों ने मीडिया से बातचीत में कहा कि हमारी बेटी दो साल पहले पढ़ाई के लिए कनाडा गई थी। परिजनों ने अपने बयान में कहा कि दो गुटों के बीच झगड़े के दौरान गोलीबारी हुई और अचानक हमारी लड़की को गोली लग गई, जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनों ने केंद्र सरकार से लड़की के शव को स्वदेश वापस लाने की मांग की है। टोरंटो में भारत के महावाणिज्य दूतावास ने भी छात्रा की मौत की पुष्टि की है। महावाणिज्य दूतावास ने इस संबंध में अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर पोस्ट किया है। इस पोस्ट में कहा गया है कि हैमिल्टन में भारतीय छात्रा हरसिमरत रंधावा की मौत से हम बहुत दुखी हैं। स्थानीय पुलिस के अनुसार, वह एक निर्दोष लड़की थी, जो गोलीबारी की घटना के दौरान गोली लगने से मर गई। वर्तमान में हत्या की जांच चल रही है। हम उसके परिवार के साथ संपर्क में हैं और सभी आवश्यक सहायता प्रदान कर रहे हैं।